GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2023

# बाले मियां के लग्न रस्म की अदायगी, मुख्य मेला 14 मई से

गोरखपुर (एसएनबी)। हजरत सैयद सालार मसऊद गाजी मियां अलैहिर्रहमां जनसामान्य में बाले मियां के नाम से सुप्रसिद्ध हैं। हजरत सैयद सालार मसऊद गाजी मियां अलैहिर्रहमां का मुख्य मेला रविवार 14 मई को होना तय पाया गया है। जो एक माह तक चलेगा। मेला बहरामपुर स्थित बाले मियां के दरगाह पर अकीदतमंदों के साथ मनाया जाता है।

**दरगाह पर अकीदतमंदों की उमड़ी रही भीड़, चलता रहा फातेहा का दौर**

रविवार को लगन की रस्म अकीदत के साथ पूरी हुई। मुख्य मेला की तारीख तय की गई। सुबह से ही दरगाह पर अकीदतमंदों के आने का तांता लगा रहा। फज्र की नमाज के बाद गुस्ल शरीफ की रस्म हुई। कुरआन ख्वानी की गई। दोपहर के समय अकीदममंदों द्वारा लगन की रस्म अदा की गई। अकीदतमंद फतेहपुर, झुंगिया, लालडिग्गी, गुलरिहा, निजामपुर, मिर्जापुर, तुर्कमानपुर, अंधियारीबाग, जाफरा बाजार, नरकटिया, नकहा, बसंतपुर सहित कई मोहल्ले से जुलूस की शक्ल में चादर के साथ दरगाह पर पहुंचे। चादर व गागर दरगाह पर पेश की गयी । फातिहा ख्वानी व दुआ ख्वानी के साथ मन्नत उतारी गयी। दरगाह परिसर में मेले जैसा माहौल रहा। इस दौरान इलियास अहमद, मोहम्मद खालिक, रियाजुद्दीन, सलाहुद्दीन, राबिया खातून आदि अकीदतमंद मौजूद रहे।

## पत्नी की हत्यारोपी पति गिरफ्तार

**खजनी (एसएनबी)**। खजनी थाना के चौकी महुआडाबर के ग्राम कंदराई निवासी धर्मवीर पुत्र रामअचल ने चार मार्च को अपनी पत्नी कुसुम देवी की हत्या कर शव को जलाने के आरोपी को आज भोर में मुखबीर की सूचना पर थानाध्यक्ष खजनी संजय मिश्र ने मुख्य आरोपी धर्मवीर गांव के बाहर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया। खजनी थाने में पति सहित अन्य के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज हुआ था। इसमें वादी मृतिका के पिता जयनाथ चौरसिया ग्राम कोठा भलुआन की तहरीर पर मृतिका के सांस, ससुर, जेठ, जेठानी, देवर, देवरानी व ननद को अभियुक्त बनाया गया है। थानाध्यक्ष खजनी संजय कुमार मिश्र का कहना है कि शेष अभियुक्त को जल्द ही पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# भटहट में लावारिस बाइक बीडीसी की निकली

**BHATHAT:** भटहट कस्बे में एक व्यक्ति के दरवाजे पर स्पलेंडर बाइक सप्ताह भर से लावारिस खड़ी थी. उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी. पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की तो पता चला कि पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की बाइक चोरी हो गई है. बीते 17 फरवरी को पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद सिद्दीक की बाइक गुलरिहा के भटहट कस्बा से गायब हो गई थी.

## दस हजार का इनामी बदमाश साथी संग गिरफ्तार

सिकरीगंज। बाइक चोरी के मामले में शनिवार को लोगों ने एक युवक को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी थी। युवक को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया रविवार को हालत में सुधार होने पर पूछताछ के बाद पता चला कि वह दस हजार रुपये का इनामी शहाबुद्दीन है उसने अपने साथी के साथ बाइक चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

[illegible]

## अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

[illegible]

## तीन बदमाशों पर इनाम घोषित

[illegible]

# महिला जालसाज पर इनाम घोषित

गोरखपुर। कैंट थाने में दर्ज केस में वांछित एक महिला जालसाज सहित तीन बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने रविवार को इनाम घोषित किया है।

तीनों अलग-अलग केस में पिछले एक साल से फरार चल रहे हैं। पुलिस के मुताबिक खोराबार क्षेत्र के खोराबार दक्षिणी टोला निवासी विपिन पासवान पर धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने 15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। एक अन्य मामले में अपराधी विशाल मिश्रा पुत्र रविन्द्र मिश्रा निवासी कमता थाना कोठीभार जिला महराजगंज पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। जालसाजी सहित अन्य मामलों में विशाल मिश्रा वांछित है।

# धोखाधड़ी करने के आरोपी गिरफ्तार

**पिपराइच (एसएनबी)।** कई मुकदमे में बांछित आरोपी को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पिपराइच एसओ थानाध्यक्ष सुरज सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक नागेन्द्र मणि और फिरोज अंसारी द्वारा कुटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी और धोखाधड़ी के मामले सहित कई अन्य मुकदमों में बांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सम्बन्धित आरोपी सत्यवान यादव पुत्र प्रह्लाद निवासी जंगल हकीम न 2 मोहनापुर ओबा टोला थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया।

# दूसरे बच्चे की भी मौत, अस्पताल किया सील

**टीका प्रकरण** : तीसरे की हालत गंभीर, दो बच्चों की मौत के बाद **जागा विभाग,** एक ही सिरिंज के उपयोग का आरोप

**जासं, गोरखपुर :** चरगांवा के ग्रीनलैंड हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में नियमित टीका लगने के बाद गंभीर हुए लखनऊ के कुर्सी रोड निवासी दूसरे बच्चे की रविवार को मृत्यु हो गई। उसका उपचार बीआरडी मेडिकल कालेज में चल रहा था। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया। एक बच्चे की मौत पहले ही हो चुकी है। तीसरे बच्चे की हालत भी गंभीर बनी है। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को अस्पताल सील कर दिया।



ग्रीन लैंड हास्पिटल को सील करता कर्मचारी • जागरण

ग्रीनलैंड हास्पिटल में पांच मार्च को तीन बच्चों को बीसीजी, हेपेटाइटिस बी की वैक्सीन लगाई गई थी व पोलियो ड्राप पिलाई गई थी। उसके 10 मिनट के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज भेजा गया, लेकिन गगहा के सौरभ कुमार राय के बच्चे की मौत हो गई। शनिवार को चिलुआताल पुलिस ने हास्पिटल में प्राइवेट प्रेक्टिस करने वाले डा. सुधीर कुमार गुप्ता पर गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। रविवार सुबह 6:15 बजे लखनऊ के कुर्सी रोड निवासी शिशांत चार्ल्स के पुत्र की भी मौत हो गई। शिशांत चार्ल्स की धर्मपुर, शाहपुर में ससुराल है। बच्चे की बुआ अमृता याकूब ने आरोप लगाया है कि जब हम लोग टीका लगवाने पहुंचे तो दो सिरिंज में पहले से वैक्सीन भरकर रखी हुई थी। उसी से पहले बच्चे को बांह व जांघ में टीका लगाया गया था, मेरे भतीजे को भी उसी सिरिंज से टीका लगाया गया। उसमें जो वैक्सीन बची थी, वह तीसरे बच्चे को लगाई गई।



ग्रीनलैंड हास्पिटल में भर्ती रोगी को मेडिकल कालेज ले जाते स्वजन • जागरण



> मामला गंभीर है। पांच सदस्यीय जांच टीम बनाई गई है। इसकी जांच शुरू हो चुकी है। वैक्सीन के वायल को जांच के लिए लखनऊ के प्रयोगशाला में भेज दिया है।
>
> **डा. आशुतोष कुमार दूबे**, सीएमओ

## पांच भर्ती मरीजों को मेडिकल कालेज में किया शिफ्ट, दो निजी अस्पताल गए

जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम के रविवार को अस्पताल पहुंचने पर अफरा-तफरी मच गई। पांच रोगियों को एंबुलेंस से भेजकर मेडिकल कालेज में शिफ्ट कराया गया। दो रोगी अपने वाहन से निजी अस्पताल में चले गए। एक अपने घर चला गया। हास्पिटल का निर्माण अवैध रूप से लगभग छह फीट आगे तक किया गया है, जिसमें हास्पिटल का रिसेप्शन व रोगियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। उसके आगे सड़क की पटरी तक फर्श बना दिया गया था, जिसकी वजह से गेट बंद नहीं हो रहा था। अधिकारियों ने पहले फर्श तोड़वाया उसके बाद गेट बंद कर सील किया। अपर नगर मजिस्ट्रेट विनय पांडेय ने अवैध निर्माण पर नाराजगी जताई। सील होने के दौरान संचालकों ने विवाद किया और सील का आदेश मांग रहे थे। लेकिन पुलिस बल के सामने उनकी एक न चली। अस्पताल के संचालक डा. डीके गुप्ता हैं और डा. श्वेता मिश्रा व डा. कौशल कुमार श्रीवास्तव के नाम से अस्पताल पंजीकृत है। डिप्टी सीएमओ डा. एके सिंह ने बताया कि अस्पताल में गलत उपचार होने के कारण इसे सील किया गया है। इस अवसर पर एसीएमओ डा. एके चौधरी समेत चिलुआताल थाने की फोर्स मौजूद रही।

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर :** प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि महादेव झारखंडी के म्हेरवा बारी निवासी अमित निषाद के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज था। उसे रविवार की सुबह गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। (जासं)

# दुष्कर्म का आरोपित धराया

**गोरखपुर :** दुष्कर्म के आरोपित को चिलुआताल थाना पुलिस ने रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना चिलुआताल जयंत सिंह ने बताया कि पीपीगंज के साखी उर्फ मेहदरिया गांव निवासी मनोहर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार था। रविवार की सुबह उसे गिरफ्तार किया गया। (जासं)

## एक नजर में

# तीन बदमाशों पर एसएसपी ने घोषित किया इनाम

**गोरखपुर :** अपराधियों व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए विभाग प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में फरार चल रहे तीन बदमाशों पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने रविवार को इनाम घोषित कर दिया। कैंट थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के अभियुक्त विपिन पासवान पर 15 हजार, कोटीभार निवासी विशाल मिश्रा पर 10 और सूबाबाजार निवासी प्रमिला सिंह पत्नी सुनील चौधरी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। (जासं)

# पत्नी की हत्या का आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**उनवल :** खजनी थाना के कंदराई गांव निवासी धर्मवीर को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया ।उसने पत्नी की हत्या कर शव जला दिया था । थाना प्रभारी संजय मिश्र ने बताया कि मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है ।

# पत्नी की हत्या और शव जलाने का आरोपी दबोचा

## खजनी इलाके के कंदराई गांव की घटना

उनवल (गोरखपुर)। खजनी इलाके के कंदराई में पत्नी की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए शव जलाने के आरोपी धर्मवीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, हत्या, साक्ष्य छिपाने, आपराधिक साजिश की धाराओं में केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, कोठा भलुआन निवासी जयनाथ चौरसिया ने केस दर्ज कराया है। आरोप है कि उन्हें पांच मार्च को सूचना दी गई कि बेटी कुसुम की हत्या कर शव को जला दिया गया। मायके वालों को मौत की सूचना नहीं दी गई। आरोप के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। अब केस दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया।

मामले में सास, ससुर, जेठ, जेठानी, देवरानी, देवर भी आरोपी है। पुलिस उनकी भूमिका की जांच कर रही है। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस ने पति धर्मवीर को गिरफ्तार कर लिया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मारपीट करने के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान बड़हलगंज के अटौली निवासी दीपक और कृष्ण उर्फ कन्हैया के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

# रुपये हड़पने व धमकी देने का केस

खोराबार। इलाके के बहरामपुर निवासी शब्बीबुन निशा, उनके बेटों मोहम्मद कैफ और इब्राहिम पर पुलिस ने रुपये हड़पने और धमकी देने का केस दर्ज कर लिया। गांव के ही मोहम्मद फारुक का आरोप है कि वह बहरामपुर में एल्युमिनियम का सामान बेचने का काम करते हैं। एक साल पहले शब्बीबुन निशा ने मकान में खिड़की व अन्य सामान लगवाया था। तब 20 हजार रुपये दिए थे, लेकिन 34 हजार रुपये नहीं दे रहीं। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही।

# एक करोड़ रुपये की जालसाजी करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। जमीन के नाम पर एक करोड़ रुपये की जालसाजी करने के आरोपी प्रापर्टी डीलर सत्यवान यादव को पिपराइच पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि विवादित जमीन को दिखाकर वह फर्जी रजिस्ट्री कराकर रुपये ऐंठ लेता था।



जालसाजी के आरोप में पकड़ा गया सत्यवान।

उसके खिलाफ चार अलग-अलग केस दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पुलिस की जांच में कई और लोगों से भी जालसाजी का मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि उनके द्वारा तहरीर देने पर केस दर्ज किया जाएगा।

आरोपी सत्यवान यादव शाहपुर के मोहनापुर का मूल निवासी है। पिपराइच थानेदार सूरज सिंह ने बताया कि चार अलग-अलग लोगों ने जमीन के नाम पर जालसाजी किए जाने की जानकारी दी थी।

## जमीन के नाम पर करता था धोखाधड़ी, दर्ज थे चार अलग अलग मुकदमे

एसएसपी के आदेश पर अलग-अलग केस दर्ज कर जांच शुरू की गई तो पता चला कि यह दूसरे की जमीन को दिखाता था या फिर विवादित जमीन का कागज दिखाकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री भी करा देता था। रुपये अपने खाते में लेता था, इस वजह से लोगों को विश्वास हो जाता है। इस तरह से आरोपी ने चार लोगों से करीब एक करोड़ रुपये हड़प लिए थे। वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी देता था। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान पीपीगंज के मेहदरिया निवासी मनोहर के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# किशोरी के अपहरण का आरोपी दबोचा

गोरखपुर। बहला-फुसला कर किशोरी का अपहरण करने के आरोपी को रविवार को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान कैंट के महादेव झारखंडी निवासी अमित निषाद के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

# टीका लगने के एक सप्ताह बाद दूसरे मासूम की भी मौत, अस्पताल सील

**बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सात दिन से चल रहा था इलाज, ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में तीन बच्चों को लगाया गया था नियमित टीका**

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। चरगांवा स्थित ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में पांच मार्च को जिन तीन बच्चों को वैक्सीन लगाई गई थी, उसमें से दूसरे नवजात की भी रविवार को मौत हो गई। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में नवजात का इलाज चल रहा था। वहीं, तीसरे नवजात की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के आरोप में रविवार देर शाम अस्पताल को एसीएमओ और अपर सिटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सील कर दिया है।

बता दें कि मासूम का इलाज छह मार्च से मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के आईसीयू में चल रहा था। मामले में नवजात के परिजनों ने चिलुआताल थाने में ग्रीनलैंड हॉस्पिटल और बीआरडी मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर गुप्ता के खिलाफ तहरीर दी है। [illegible] के रहने वाले शिशांत चौधरी ने चिलुआताल पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि पांच मार्च को उनकी पत्नी की डिलीवरी ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में हुई। बच्चा स्वस्थ था।

नवजात को दो अन्य बच्चों के साथ टीका लगाया गया। इसके बाद बच्चे की हालत बिगड़ गई। नवजात को इलाज के लिए उसी समय मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के आईसीयू में भर्ती किया गया, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। शिशांत की भाभी बीआरडी मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स हैं।

**नवजात का हुआ पोस्टमार्टम, बिसरा सुरक्षित :** नवजात की मौत के बाद परिजनों ने कॉलेज प्रशासन से पोस्टमार्टम कराने के लिए निवेदन किया था। इस पर कॉलेज प्रशासन ने नवजात का पोस्टमार्टम करा दिया। मौत का कारण पता नहीं चल सका है। इस कारण डॉक्टरों ने बिसरा सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले नवजात की मौत मामले में भी बिसरा सुरक्षित किया गया है।

**इससे पहले छह मार्च को एक नवजात की हो चुकी है मौत**

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधीर पर दर्ज हो चुका है केस**

**तीन टीके लगाए गए थे**

शिशांत चौधरी ने बताया कि अस्पताल में नवजात को तीन टीके लगाए गए थे। इनमें ओरल पोलियो वैक्सीन, हेपेटाइटिस-बी और बीसीजी का टीका शामिल है। इन्हीं तीनों में से किसी एक टीके का रिएक्शन हुआ है। इसी वजह से नवजात की मौत हुई है।




रविवार को ग्रीनलैंड हॉस्पिटल को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर सिटी मजिस्ट्रेट और सीएमओ ने सील कराया। अमर

**यह है मामला**

चरगांवा के ग्रीनलैंड हॉस्पिटल में पांच मार्च को तीन मासूमों को नियमित टीका लगाया गया। अगले दिन यानी छह मार्च को गगहा के अजवा निवासी सौरभ कुमार राय के सात दिन के नवजात की मौत मेडिकल कॉलेज के बालरोग विभाग में हो गई। सौरभ की तहरीर पर ग्रीनलैंड अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के डॉ. सुधीर गुप्ता के खिलाफ लापरवाही से इलाज के दौरान मासूम की मौत मामले में केस दर्ज किया जा चुका है। अभी एक मासूम जिंदगी से जंग लड़ रहा है। उसका इलाज मेडिकल कॉलेज के बालरोग विभाग में चल रहा है। उसकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है।

टीका लगने के मामले में एक नवजात की मौत पहले हो चुकी है। नवजात के पिता की तहरीर पर निजी अस्पताल और डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। दूसरे नवजात के पिता की तहरीर को भी उसी केस में शामिल किया जाएगा। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

– जयंत कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, चिलुआताल थाना

मामला बेहद गंभीर है। इसकी गहनता से जांच की जा रही है। जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है। टीम ने गुरुवार को सभी पक्षों से बयान लिया। साथ ही तीनों वैक्सीन के सैंपल को कब्जे में लेकर जांच के लिए लखनऊ स्थित फॉरेंसिक लैब को भेज दिया है। अस्पताल को भी सील कर दिया गया है।

– डॉ. आशुतोष दुबे, सीएमओ

**आठ मरीज दूसरे अस्पतालों में भेजे गए**

स्वास्थ्य विभाग ने दूसरे नवजात की मौत के बाद रविवार देर शाम एसीएमओ डॉ. एके चौधरी, अपर सिटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में ग्रीनलैंड हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड को सील कर दिया है। सील करते वक्त हॉस्पिटल में आठ मरीज भर्ती थे। चार मरीज अपनी इच्छा से निजी अस्पताल चले गए। जबकि चार मरीजों को स्वास्थ्य विभाग ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज भिजवाया है।

**तीनों टीके फॉरेंसिक जांच के लिए लखनऊ भेजे**

जांच के लिए पहुंची कमेटी ने बच्चे को लगे तीनों टीके को कब्जे में ले लिया है। यह टीका फॉरेंसिक जांच के लिए पुलिस विभाग के माध्यम से लखनऊ भेज दिया गया है। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि टीका कहां से आया, किस कंपनी का है, कोल्ड चेन मेंटेन किया गया है या नहीं? इसकी जानकारी टीम ने की है। फॉरेंसिक जांच के बाद टीके के बारे में सही जानकारी मिलेगी।

# किशोरी के अपहरण का आरोपी धराया

गोरखपुर। बहला-फुसला कर किशोरी का अपहरण करने के आरोपी को रविवार को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान कैंट के महादेव झारखंडी निवासी अमित निषाद के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**उनवल (गोरखपुर)।** खजनी इलाके के कंदराई में पत्नी की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के लिए शव जलाने के आरोपी धर्मवीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, हत्या, साक्ष्य छिपाने, आपराधिक साजिश की धाराओं में केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, कोठा भलुआन निवासी जयनाथ चौरसिया ने केस दर्ज कराया है। आरोप है कि उन्हें पांच मार्च को सूचना दी गई कि बेटी कुसुम की हत्या कर शव को जला दिया गया।

मायके वालों को मौत की सूचना नहीं दी गई। आरोप के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। अब केस दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया। ब्यूरो

# आज पैडलेगंज से नौकायन होकर नहीं जाएंगे वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। केंद्रीय सड़क परिवहन व राज्य मंत्री के कार्यक्रम के लिए यातायात मार्ग परिवर्तित किया गया।



सोमवार को पैडलेगंज चौराहा से नौकायन होते हुए हनुमान मंदिर और उस ओर से नौकायन होकर आने वाले सभी वाहन अमर उजाला तिराहा होकर जाएंगे।

## यहां होगी पार्किंग

- पैडलेगंज से आने वाली बसों को बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के सामने खाली मैदान में
- पैडलेगंज से आने वाले दो पहिया, चार पहिया वाहन बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के सड़क के चारों तरफ
- हनुमान मंदिर देवरिया बाईपास से आने वाली बसें जेमिनी अपार्टमेंट के सामने सड़क पर
- हनुमान मंदिर देवरिया बाईपास से आने वाले चार पहिया वाहन महंत दिग्विजयनाथ पार्किंग में
- हनुमान मंदिर की ओर से आने वाले दो पहिया वाहन नौकायन तिराहा बाइक पार्किंग में
- एनेक्सी भवन पार्किंग में वीआईपी वाहन
- भीड़ बढ़ी तो चार पहिया वाहन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पार्किंग एरिया में, चार पहिया वाहन चंपा देवी पार्क में पार्क होंगे

>> 10,000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे गडकरी -पेज 4 पर

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2023

राष्ट्रीय सहारा दि० 13-03-23

# एक इंस्पेक्टर व 18 सब इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र बदले

**देवरिया(एसएनबी)।** जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने रविवार को एक इंस्पेक्टर व 18 सब इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जिनके कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है उनमें इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह को थाना श्रीरामपुर से पुलिस लाइन, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिंह को थाना भाटपाररानी से पुलिस लाइन, स.इं. विरेन्द्र कुमार चौहान को थाना एएचटीयू से थाना श्रीरामपुर अन्तर्गत प्रतापपुर चौकी, स.इं. सुबाष चन्द्र यादव को थाना सुरौली अन्तर्गत उसरा बाजार चौकी से थाना लार, स.इं. रामअभिलाष पाण्डेय को मानीटरिंग सेल से थाना भटनी, स.इं. अभिषेक यादव को थाना भाटपाररानी से थाना खुखुन्दू, स.इं. उमाशंकर यादव को थाना श्रीरामपुर अन्तर्गत प्रतापपुर चौकी से थाना कोतवाली, स.इं. रिजवान अली को पुलिस लाइन से थाना बनकटा, स.इं. निरंजन लाल को पुलिस लाइन से थाना भाटपाररानी, स.इं. नन्दा प्रसाद को थाना रूद्रपुर के पुलिस चौकी रामलक्षन से थाना कोतवाली के पुलिस चौकी सिविल लाइन, स.इं. अश्विनी प्रधान को पुलिस लाइन से थाना भाटपाररानी, स.इं. अनिल कुमार तिवारी को थाना कोतवाली से थाना सुरौली के पुलिस चौकी उसरा बाजार, स.इं. दीपक सिंह को थाना कोतवाली से थाना रूद्रपुर के पुलिस चौकी रामलक्षन, स.इं. राघवेन्द्र सिंह को थाना महुआडीह से थाना बनकटा, स.इं. दिनेश कुमार मौर्य को थाना महुआडीह से थाना श्रीरामपुर, स.इं. चन्द्रशेखर यादव को थाना लार से थाना रूद्रपुर, स.इं. अरविन्द कुमार यादव को थाना खुखुन्दू से थाना भाटपाररानी, स.इं. (प्रशिक्षु) संकल्प सिंह राठौर को थाना मदनपुर से थाना कोतवाली के पुलिस चौकी जेल रोड तथा स.इं. विजेन्द्र सिंह यादव को थाना बनकटा से थाना महुआडीह स्थानान्तरित किया गया है।

दा० महाबलि० 13-03-23

# दस लोगों के विरुद्ध बलबा का केस दर्ज

**लार (एसएनबी)**। लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव में पिछले दिनों हुई मारपीट के मामले में लार पुलिस ने नेमा गांव के ही दस लोगों के विरुद्ध बलवा सहित अन्य कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव निवासी राजन सिंह पुत्र स्वर्गीय शिव शंकर सिंह ने लार पुलिस को लिखित शिकायत देकर बताया था की 8 मार्च की दोपहर लगभग 1 बजे होली के दिन डिजे बज रहा था। जिसको हमारे ही गांव के क्षत्ररंन्जय सिंह उर्फ भोला सिंह पुत्र रविम्द्र सिंहं मौका पर आये व भद्दी भद्दी गाली गुप्ता देते हुए डीजे बन्द करवा दिया। उसके एक दिन बाद हम 9 मार्च की शाम लगभग 830 बजे रात में अपने गांव में इब्राहिम पुत्र स्व मुनिब के दरवाजे पर तिलक में हमारे पुत्र अकाश सिंह पुत्र राजन सिंह व हमारे चाचा के लड़के पंकज सिंह पुत्र राजेश्वर सिंह खाना खाने गये थे। खाना खाते समय हमारे ही गांव के क्षत्ररंन्जय सिंह उर्फ भोला पुत्र रविन्द्र सिंह, अंगद सिंह रविन्द्र सिंह व दिपू सिंह पुत्र स्व सुबाष सिंह, रोहित सिंह उर्फ दिपक पुत्र राणा प्रताप सिंह, विकाश सिंह पुत्र शेषनाथ सिंह, जयकरण सिंह पुत्र राणा प्रताप सिंह, अरुण सिंह पुत्र शेषनाथ सिंह, संगेश सिंह पुत्र प्रभुनाथ सिंह, सुमित सिंह उर्फ हनी सिंह पुत्र विरेन्द्र सिंह, राहुल सिंह पुत्र स्व सुबाष सिंह भद्दी भद्दी गाली गुप्ता देने लगे। उसी विवाद को लेकर सभी लोग मिल जुलकर हम लोगों को लात घुसा व लाठी डण्डा से बुरी तरह मारे पिटे व जान माल की धमकी दिये। उक्त संबंध में थानाध्यक्ष लार नवीन चौधरी ने बताया कि राजन सिंह पुत्र स्वर्गीय शिव शंकर सिंह निवासी नेमा के तहरीर के आधार पर गांव के ही उक्त दस लोगों के विरुद्ध बलबा की धारा 147, 323, 504 व 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

[illegible] कर दी गई है। (जासं)

[illegible] 13-3-23

# अपहरण का मुकदमा दर्ज

**बरहज :** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को बहला-फुसलाकर युवक लेकर फरार हो गया है। मामले में पुलिस ने आरोपित पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

राष्ट्रीय सहारा 13-03-23

# भाजपाइयों ने की पूर्व चेयरमैन के गिरफ्तारी की मांग

**सलेमपुर (देवरिया)।** नगर पंचायत मझौलीराज के निवर्तमान अध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता को उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद भी अबतक गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी कोतवाली को प्रार्थना पत्र देकर नगरवासी भाजपाइयों ने करोड़ों गबन के दोषी निवर्तमान चेयरमैन गौरीशंकर गुप्ता को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

उक्त चेयरमैन के कार्यकाल में ही गबन के शिकायत पर लोकायुक्त द्वारा जांच के बाद करोड़ों का गबन करने का दोषी सिद्ध पाया गया माननीय लोकायुक्त द्वारा प्राप्त आदेश के क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर चेयरमैन के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 213/2021 आईपीसी की धारा 409 में 19 अक्टूबर 2021 को दर्ज की गयी थी। इसके बावजूद अभी तक उक्त चेयरमैन की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है। जिससे भाजपाइयों ने कोतवाल को प्रार्थना पत्र देकर शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में मुख्य रूप से रामध्यान सिंह पटेल, रत्नेश कुमार मिश्र, कृष्णकांत दूबे, संतोष महाजन, हिमांशु मिश्र, ऋषिकुमार व राजेश कुमार आदि के नाम हैं।

रा०सहारा-13-03-23

# दो जगहों से किशोरी अपहृत, केस दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर से 10 मार्च को अपहृत किशोरी को जो मानस इण्टर कालेज में पढ़ती थी, लापता हो गयी, परिजन उसकी काफी खोजबीन किये, जहां पता न चलने पर किशोरी के पिता सुदामा प्रसाद ने रुद्रपुर कोतवाली में अपहृत किशोरी के आरोपी के खिलाफ धारा 363 का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं दूसरी ओर रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलहटा निवासी हरिकीर्तन यादव ने कोतवाली पुलिस को दिये तहरीर में कहा कि मेरी पुत्री शिक्षा ग्रहण करने जनता इण्टर कालेज पिपरा कछार गयी थी। जहां से उक्त गांव निवासी युवक द्वारा अपहृत कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363 अपहृत किये जाने का केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि- 13/3/23

# लोगों ने कोतवाली पर किया प्रदर्शन

सलेमपुर। दो वर्ष पूर्व 2021 में धारा 409 के तहत सलेमपुर कोतवाली में केस दर्ज होने के बाद भी एक नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष की अभी तक गिरफ्तारी न किए जाने के विरोध में नागरिकों ने रविवार को कोतवाली पर प्रदर्शन किया।

कोतवाल गोपाल पाण्डेय ने जल्द गिरफ्तार किए जाने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। इस दौरान संतोष महाजन, रत्नेश मिश्र, रामध्यान सिंह पटेल, संतोष महाजन, कृष्ण कान्त दुबे, रत्नेश कुमार मिश्र, अजय कुमार, हिमाशुं मिश्रा, ऋषि कुमार आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि०-13-03-23

# एक इंस्पेक्टर समेत 19 दरोगा के कार्यक्षेत्र बदले

**फेरबदल**

- एक इंस्पेक्टर और एक दरोगा को एसपी ने किया लाइन हाजिर
- लाइन में तैनात तीन दरोगा को भाटपार रानी और बनकटा थाने में मिली तैनाती

**देवरिया, निज संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक ने जिले के थानों और लाइन में तैनात एक इंस्पेक्टर समेत 19 दरोगा के कार्यक्षेत्र बदलाव किया है। वही थानों में में तैनात 1 इंस्पेक्टर और 1 दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा रविवार को पुलिस कर्मियों को तैनाती दी है ।

पुलिस अधीक्षक ने जिले में क्राइम कंट्रोल करने के लिए कोतवाली और थाने में तैनात प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। वहीं कुछ दरोगाओं के एक थाने में तीन वर्ष पूरा होने पर तबादला किया गया है।

जिसमें श्रीरामपुर थाने में तैनात इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह को पुलिस लाइन, भाटपाररानी में तैनात दरोगा रंजित कुमार सिंह को पुलिस लाइन, एएचटीयू थाने में तैनात उप निरीक्षक वीरेन्द्र चौहान को श्रीरामपुर थाने के प्रतापपुर पुलिस चौकी, सुरौली थाने के उसरा बाजार पुलिस चौकी के प्रभारी सुभाष चन्द्र यादव को लार थाना, मानीटरिंग सेल के दरोगा रामअभिलाख पाण्डेय को भटनी, भाटपाररानी में तैनात अभिषेक यादव को खुखुन्दू, श्रीरामपुर थाने के प्रतापपुर चौकी प्रभारी उमाशंकर यादव को सदर कोतवाली, पुलिस लाइन में तैनात रिजवान अली को बनकटा, निरंजन लाल को भाटपाररानी , रुद्रपुर के रामलक्षन चौकी प्रभारी नन्दा प्रसाद को सदर कोतवाली के सिविल लाइन चौकी प्रभारी, पुलिस लाइन में तैनात अश्वनी प्रधान को भाटपाररानी, सदर कोतवाली में तैनात अनिल कुमार तिवारी को सुरौली के उसरा बाजार पुलिस चौकी, दीपक सिंह को रुद्रपुर के रामलक्षन चौकी प्रभारी, महुआडीह में तैनापत राघवेन्द्र सिंह को बनकटा, दिनेश कुमार मौर्या को श्रीरामपुर, लार में तैनात चन्द्रशेखर यादव को रुद्रपुर, खुखुन्दू में तैनात अरविन्द कुमार यादव को भाटपाररानी, मदनपुर में तैनात उप निरीक्षक (प्रशि.) संकल्प सिंह राठौर को सदर कोतवाली के जेल रोड पुलिस चौकी और बनकटा में तैनपात विजेन्द्र सिंह यादव को महुआडीह थाना में भेजा गया है।

हिन्दुस्तान दि०-13-3-23

हालात | संसाधन व कर्मियों की कमी से जूझ रहा फायर स्टेशन देवरिया, रुद्रपुर, सलेमपुर और भाटपाररानी में भेजी गई है एक-एक गाड़ी, सात के सापेक्ष मात्र तीन चालकों से चल रहा है काम

# खेतों में तैयार हो रही रबी की फसल, आग से बचाव के नहीं मुकम्मल इंतजाम

हि पड़ताल

देवरिया, निज संवाददाता। जिले में गेहूं की फसल तैयार हो रही है। लेकिन तहसीलों में अगलगी पर काबू पाने के लिए विभाग के पास कारगर इंतजाम नहीं है। विभाग सीमित संसाधनों के बल पर आग की घटनाओं पर काबू पाने का दम भर रहा है। तहसीलों में फायर स्टेशन लिए न ही स्थाई भवन है और न ही पर्याप्त संसाधन। फायर ब्रिगेड की गाड़ी चलाने के लिए चालकों का अभाव है। आग की घटनाओं को देखते हुए रुद्रपुर, सलेमपुर और भाटपाररानी में एक एक गाड़ी तीन माह तक रखा जाता है। सलेमपुर और रुद्रपुर फायर स्टेशन का कार्य धीरे धीरे चल रहा है।



जिले की आबादी तकरीबन 35 लाख है, लेकिन आग से निपटने के संसाधन इसके अनुरूप नहीं हैं। आग पर काबू पाने के लिए फायर स्टेशन जरूर है, लेकिन आज तक सलेमपुर, भाटपाररानी, बरहज, रुद्रपुर में स्थाई भवन नहीं बन सका। जिले के सभी तहसील में फायर स्टेशन बनाने का प्रस्ताव था। वर्ष 2019 में रुद्रपुर और सलेमपुर में फायर स्टेशन के लिए भूमि का चिन्हांकन हुआ था। इसके लिए धन अवमुक्त हुआ, लेकिन दो वर्ष बाद भी भवन बनकर तैयार नहीं हुआ। वर्तमान में देवरिया मुख्यालय के अग्निशमन विभाग से ही पूरे जिले में आग की घटनाओं को रोकने के लिए गाड़ी भेजा जाता है। जिले में कुल पांच गाड़ी ही है। जिसमें तीन बड़ी और दो छोटी गाड़ी है। गर्मी में अगलगी की घटनाओं को देखते हुए सलेमपुर, रुद्रपुर थाने को एक एक बड़ी गाड़ी फायर ब्रिगेड की तीन माह के लिए भेजी जाती है। अग्निशमन विभाग में 45 अग्निशमन कर्मचारी तैनात है। जिसमें 35 सिपाही, पांच हेड समेत शामिल हैं, जिन्हें जिले के भाटपाररानी, सलेमपुर, रुद्रपुर में तैनात किया गया है। शहर में आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड के पास पांच अग्निशमन टैंक मिले हुए हैं। जिसमें तीन बड़ी व दो छोटी है। शहर में कुल 15 फायर हाइड्रेंट है।

## गाड़ियों को खड़ा करने का नहीं है ठिकाना

जिले के रुद्रपुर, सलेमपुर और भाटपाररानी थाने में दमकल की गाड़ियों को इधर उधर खड़ा करना पड़ता है। तैनात कर्मियों के लिए आवास की दरकार बनी रहती है। वह थाने के बैरकों के बरामदे में रहने को मजबूर होते हैं।

> गर्मी में आग की घटनाएं बढ़ जाती है। इसे देखते हुए विभाग जागरुकता अभियान चलाता है। इसके साथ ही अपने सीमित संसाधनों के बल पर आग की घटनाओं पर काबू पाने का प्रयास करता है।
>
> राजमंगल सिंह, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, देवरिया

## खेतों से होकर निकले ढीले विद्युत तार कसे जाएंगे

देवरिया। खेतों में लगी गेहूं की फसल तैयार होने के नजदीक है। विद्युत शार्ट सर्किट से किसानों के खेतों में तैयार के करीब गेहूं की फसलों को क्षति न हो इसके लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा ढीले विद्युत तारों को कसने का निर्देश दिया गया है।

हर साल रबी सीजन में गेहूं की फसलों की कटाई के समय किसानों के खेतों से होकर निकले कहीं न कहीं ढीले विद्युत तारों के तेज हवा चलने के कारण उनके टकराने से शॉर्ट सर्किट से किसानों की मेहनत पर कहर बरपाती है। फसलों को विद्युत तारों की शॉर्ट सर्किट से कोई क्षत ना पहुंचे इसके लिए अवर अभियंताओं को अपने क्षेत्रों में खेतों की तरफ से होकर निकले लाइनों ठीक करने का निर्देश दिया गया है।

> ढीली पर ही ढीले विद्युत तारों को कसवा दिया गया। जिले में कहीं भी विद्युत शार्ट सर्किट से फसल की क्षति न हो इसके लिए निर्देश दिया गया है।
>
> -ई. ओसी यादव, अधीक्षण अभियंता

हिन्दुस्तान दि०-13-03-23

# सामान चुराकर बेचने वाले पर केस

देवरिया, निसं। इलेक्ट्रानिक दुकान के कर्मचारी कुछ लोगों के साथ मिलकर गोदाम से समान चुरा कर बेच दते थे। दुकानदार ने इसकी शिकायत एसपी से किया था। एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने कर्मचारी समेत चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

- मोतीलाल रोड स्थित दुकानदार ने दर्ज कराया केस
- एसपी के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया केस

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोतीलाल रोड के रहने वाले संजीव प्रसाद पुत्र विजय प्रसाद ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मैं प्रसाद एजेंसी का मालिक एंव फर्म प्रसाद एंड संस का संचालक हूँ। फर्म द्वारा इलेक्ट्रानिक सामानों का थोक व फुटकर का व्यापार किया जाता है। मेरे यहां से एलजी इलेक्ट्रानिक्स तथा वोल्टास लिमिटेड का देवरिया जिले का डिस्ट्रीब्यूशन किया जाता है। जहां पर तैनात एक कर्मचारी की दोस्ती एलजी कंपनी के एक कर्मचारी से हो गया था। दोनों ने मिलकर गोदाम से अलग अलग समय काफी सामान चुरा कर बेच दिया है। इसके बारे में पहले भी रिकार्ड मिलाने पर जानकारी मिली थी। 21 फरवरी की रात को भी एक डीप फ्रिजर चुरा कर ले जा रहे थे। इसके बारे में जानकारी मिली तो फर्म के कर्मचारी राणा गुप्ता ने घटना के बारे में स्वीकार किया। इसके बाद दोनों कर्मचारी टैंपो चालक व अन्य कर्मचारी के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कारोबारी ने पुलिस को इसके बारे में जानकारी दिया। मुकदमा दर्ज नहीं होने पर एसपी से गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर सदर कोतवाली पुलिस ने राणा गुप्ता पुत्र उमाशंकर निवासी बास देवरिया निकट राजकीय कस्तूरबा इंटर कालेज, विकास श्रीवास्तव पुत्र कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव निवासी बास देवरिया, टैंपो चालक मनौव्वर और एलजी सर्विस सेंटर के अज्ञात कर्मचारी के विरुद्ध केस दर्ज किया।

# बोलेरो ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

सलेमपुर। कोतवाली के सलेमपुर-देवरिया मुख्य मार्ग पर महदहां पेट्रोल पंप के पास बोलेरो की ठोकर से ई रिक्शा पलट गया। जिसमें ई रिक्शा पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों का इलाज सीएचसी सलेमपुर में हुआ। दोनों हालत गम्भीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनहौली गांव निवासी सीमा यादव पत्नी हरेराम एवं रजडिहा गांव निवासी पूजा देवी पुत्री छोटेलाल कुशवाहा रविवार को ई रिक्शा से सलेमपुर आ रही थी। बोलेरो चालक ने महदहा गांव के समीप ई रिक्शा में ठोकर मार दी।

हिन्दुस्तान दि० 13-3-23

# दस लोगों के विरुद्ध बलवा का केस

लार, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के नेमा गांव में पिछले दिनों हुई मारपीट के मामले में लार पुलिस ने नेमा गांव के ही दस लोगों के विरुद्ध बलवा सहित अन्य कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव निवासी राजन सिंह पुत्र स्वर्गीय शिव शंकर सिंह ने पुलिस को दी तहरीरा में कहा था कि 8 मार्च की दोपहर लगभग 1 बजे होली के दिन डीजे बज रहा था। गांव के क्षत्रंन्जय सिंह उर्फ भोला सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह आए और गाली देते हुए बंद करा दिया। उसके एक दिन बाद हम 9 मार्च की शाम लगभग 8.30 बजे रात में अपने गांव में इब्राहिम पुत्र स्व मुनिब के दरवाजे पर तिलक में हमारे पुत्र अकाश सिंह पुत्र राजन सिंह व हमारे चाचा के लड़के पंकज सिंह पुत्र राजेश्वर सिंह खाना खाने गये थे। खाना खाते समय हमारे ही गांव के क्षत्रंन्जय सिंह उर्फ भोला पुत्र रविन्द्र सिंह, अंगद सिंह रविन्द्र सिंह व दिपू सिंह पुत्र स्व सुबाष सिंह, रोहित सिंह उर्फ दीपक पुत्र राणा प्रताप सिंह, विकाश सिंह पुत्र शेषनाथ सिंह, जयकरण सिंह पुत्र राणा प्रताप सिंह, अरुण सिंह पुत्र शेषनाथ सिंह, संगेश सिंह पुत्र प्रभुनाथ सिंह, सुमित सिंह उर्फ हनी सिंह पुत्र विरेन्द्र सिंह, राहुल सिंह पुत्र स्व सुबाष सिंह भद्दी भद्दी गाली गुप्ता देने लगे। उसी विवाद को लेकर सभी लोग मिल जुलकर हम लोगों को लात घुसा व लाठी डण्डा से बुरी तरह मारे पीटे व जान माल की धमकी दिये।

थानाध्यक्ष लार नवीन चौधरी ने बताया कि राजन सिंह पुत्र स्वर्गीय शिव शंकर सिंह निवासी नेमा के तहरीर के आधार पर सभी दस लोगों के विरुद्ध बलवा का केस दर्ज कर लिया गया है।

**09** की रात में तिलक में गया था पीड़ित, कर दी पिटाई

- होली पर डीजे बजाने को लेकर हुआ था विवाद

हिन्दुस्तान दि० 13-03-23

# दो नामजद समेत अज्ञात के विरुद्ध केस

देवरिया। होली के दिन मारपीट के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद और अज्ञात के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या के प्रयास और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के सोंदा गांव के रहने वाले रंजीत मिश्रा (गोलू) पुत्र प्रमोद मिश्रा ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मैं 8 मार्च को खरजरवा से मित्र के घर से खाना खाकर घर जा रहा था।

हिन्दुस्तान दि०-13-03-23

# अस्पताल और घर से तीन बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। जिला अस्पताल और दरवाजे पर खड़ी तीन बाइक को वाहन लिफ्टर उड़ा ले गए। पीड़ितों की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सुरौली थाना क्षेत्र के भेड़ा पाकड़ कला गांव के रहने वाले रामकुमार मिश्र पुत्र रमाशंकर मिश्र 9 मार्च को तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल में इलाज कराने आए थे। परिसर में बाइक खड़ी कर अंदर दिखाने गए। इसी बाइक चोरों ने उड़ा दिया। सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बछऊर गांव के रहने वाले सहाबुद्दीन अली चार दिनों पूर्व जिला अस्पताल में बेटी को भर्ती कराने आए हुए थे। परिसर में बाइक लगाकर वार्ड में गए। इसी बीच चोरों ने बाइक को उड़ा दिया। गोरखपुर जिले के झंगहा थाना क्षेत्र के घॉठ गांव के रहने वाले शिवनारायन मौर्या पुत्र देवीशरन रिश्तेदारी में 9 मार्च को सदर कोतवाली के पोखर भिंडा के रहने वाले नन्द कुमल कुशवाहा के घर आए हुए थे। जहांदरवाजे खड़ी बाइक को चोर चुरा ले गए।

# नौ पर मारपीट और तोड़फोड़ का केस

देवरिया। बारात में बवाल करने की शिकायत किया था। जिसे लेकर पिछले दिनों कुछ लोग गोलबंद होकर घर में घुस कर तोड़ फोड़ किया था। हमलवरों ने परिवार के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 9 के विरुद्ध बलवा, मारपीट और तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के खोराराम गांव के रहने वाले दिनेश चौहान पुत्र बैजनाथ चौहान ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 9 मार्च को मेरे घर सेलड़के की बारात सलेमपुर गई थी।

# नाबालिग के विरुद्ध अपहरण का केस

बरहज। किशोरी के अपहरण के आरोप में पुलिस ने नाबालिग को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। किशोर के विरुद्ध पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया था।

बरहज थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाले किशोर ने पड़ोस की गांव की एक बालिका को लेकर तीन दिनों पूर्व चला गया। शाम तक जब किशोरी घर नहीं पहुचीं तो उसके परिजनों उसकी खोजबीन शुरू कर दी। कई दिन ढूढ़ने के बाद भी जब किशोरी का पता नहीं चला। परिजनों ने इसकी तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में किशोर के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि०-13-03-23

# ट्रक पर लदा 22 लाख का खाद्य तेल गायब, केस

देवरिया, निसं। कोलकोत्ता से 22 लाख रुपये का 21 टन खाद्य तेल लेकर चला ट्रक देवरिया आने के बाद गायब हो गया। एक पखवारे के बाद भी ट्रक का कोई पता नहीं चल सका। ट्रांसपोर्टर ने ट्रक मालिक, चालक समेत तीन के विरुद्ध गबन का मुकदमा सदर कोतवाली में दर्ज कराया है।

पश्चिम बंगाल के हुगली जिला डानकुनी के रहने वाले प्रार्थी राजेश यादव पुत्र स्व. दूधनाथ यादव ने सदर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि मैं जय दुर्गा ट्रांसपोर्ट चलाता हूं। 27 फरवरी 2023 को हल्दिया इमामी रिफाइण्ड कम्पनी से 21 टन तेल गाड़ी नम्बर यूपी 54 डी 4175 में लेट्स ट्रान्सपोर्ट का माल लोड कराया था। ट्रक का चालक जय किशन पिता हरेन्द्र राम निवासी भरौली थाना जियनपुर जिला आजमगढ़ और दूसरा ड्राइवर विकास पासवान पुत्र रामनन्दन पासवान निवासी 103/20 फोरसर रोड शिवपुर हवड़ा गाड़ी लेकर चले। गाड़ी को गोरखपुर में धर्मचन्द्र गोविन्द कुमार इस्माइलपुर पहुंचाना था। चिलुआताल गोरखपुर के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

दैनिक जागरण दि० 13-03-23

# एक इंस्पेक्टर समेत 19 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल



जासं, देवरिया: पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए रविवार को एक इंस्पेक्टर समेत 19 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर दिया। श्रीरामपुर थाने में तैनात इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, भाटपाररानी थाने में तैनात उप निरीक्षक रंजित सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। जबकि थाना एएचटीयू में तैनात उप निरीक्षक वीरेंद्र चौहान को चौकी प्रभारी प्रतापपुर, चौकी प्रभारी उसरा बाजार सुभाष चंद यादव को थाना लार, भाटपाररानी से उप निरीक्षक अभिषेक यादव को थाना खुखुंदू, मानीटरिंग सेल से उप निरीक्षक राम अभिलाश पांडेय को थाना भटनी, चौकी प्रभारी प्रतापपुर उमाशंकर यादव को थाना कोतवाली, पुलिस लाइन से रिजवान अली को थाना बनकटा, निरंजन लाल को भाटपाररानी, चौकी प्रभारी रामलक्षन नंदा प्रसाद को चौकी प्रभारी सिविल लाइंस, पुलिस लाइन से अश्वनी प्रधान को थाना भाटपाररानी में तैनाती दी गई है। इसी तरह थाना कोतवाली से अनिल तिवारी को चौकी प्रभारी उसरा बाजार, कोतवाली से दीपक सिंह को चौकी प्रभारी रामलक्षन, महुआडीह से राघवेंद्र सिंह को थाना बनकटा, दिनेश मौर्य को श्रीरामपुर, लार से चंद्रशेखर यादव को रुद्रपुर, खुखुंदू से अरविंद यादव को भाटपाररानी, मदनपुर से संकल्प सिंह राठौर को चौकी जेल रोड, बनकटा से बिजेंद्र सिंह यादव को थाना महुआडीह में तैनाती दी गई है।

यादव, डा. दिनेश मिश्रा, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि०-13-02-23

## तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**जासं, देवरिया :** रामपुर कारखाना उपनगर के डुमरी में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। अब आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। रामपुर कारखाना के गौतम चक मठिया के रहने वाले दीपक सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके बुआ का लड़का विशाल सिंह उनके घर रहकर पढ़ता है। नौ मार्च को वह सोने की चेन लेकर बनवाने जा रहा था, रास्ते में डुमरी पोखरे के समीप कुछ लोगों ने रोक लिया और पिटाई की। इस मामले में पुलिस ने डुमरी निवासी राजकुमार यादव, संदीप यादव उपेंद्र यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## शादी समारोह से बाइक चोरी

**जासं, देवरिया :** शहर के कसया रोड स्थित एक उत्सव स्थल में शादी समारोह में हिस्सा लेने गए एक युवक की बाइक शनिवार की रात चोर चुरा ले गए। पुरवा निवासी जग मोहन जायसवाल ने पुलिस को तहरीर दी है।

## चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**जासं, देवरिया :** रामपुर कारखाना के मुंडेरा में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव की शशिकला देवी ने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने सोनम देवी, बसंती देवी, इंदू देवी, इंदू के बेटे पर मुकदमा दर्ज किया है।

## विद्यालय गईं दो किशोरियां गायब, मुकदमा दर्ज

**जासं, रुद्रपुर :** क्षेत्र के दो अलग-अलग विद्यालयों में पढ़ने गईं दो किशोरियां गायब हो गई हैं। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। रुद्रपुर-असवनपार मार्ग पर एक विद्यालय में पढ़ने के लिए किशोरी गई थी, जहां से वह गायब हो गई है। स्वजन उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका पता नहीं चल सका है। उधर, एक किशोरी बैरियाघाट-फतेहपुर मार्ग पर स्थित एक विद्यालय में परीक्षा देने गई थी, जहां से वह गायब है। प्रभारी निरीक्षक उमेश वाजपेयी ने बताया कि दोनों प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

दैनिक जागरण दि० 13-03-23

# जीजा पर लगाया स्कूटी से रुपये निकालने का आरोप, जांच में मामला फर्जी निकला

जागरण संवाददाता, खुखुंदू: जीजा पर एक युवती ने स्कूटी से रुपये निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दे दी। पुलिस ने मामले की जांच की और जांच में आरोप गलत पाया गया, जिसके बाद आरोपित बताए जा रहे युवक ने राहत की सांस ली। खुखुंदू क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का रिश्ते के जीजा व उसकी बहन से रिश्ते में खटास के चलते मुकदमा चल रहा है। इसी बीच साली ने जीजा पर स्कूटी मांग कर ले जाने और उसमें रखा तीस हजार निकाल लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दे दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और प्रकरण की जांच की।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के बीच मुकदमे के बीच साली ने जीजा पर स्कूटी ले जाकर रुपये निकालने का आरोप लगाया, जो पूर्णरूप से निराधार है।

दैनिक जागरण दि-13-03-23

# दो नामजद व कई अज्ञात के विरुद्ध प्राणघातक हमले का मुकदमा

जासं, देवरिया: होली के दिन युवक पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने दो नामजद व कई अज्ञात के विरुद्ध रविवार को प्राणघातक हमले का मुक़दमा दर्ज कर लिया। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

सदर कोतवाली के सोंदा के रहने वाले रंजीत मिश्र गोलू होली के दिन भोजन करने के लिए अपने मित्र के यहां खरजरवा गए थे। लौटते समय तिलई बेलवा के समीप सालू, विपिन व कुछ अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया। साथ ही अपशब्द बोलते हुए सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

इस मामले में कोतवाली पुलिस ने सालू व विपिन समेत कई अन्य लोगों के विरुद्ध प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

अमर उजाला दि-13-3-23

# मारपीट में 20 लोगों पर केस

चनुकी। चार दिन पहले दावत में भोजन के दौरान हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने रविवार को दोनों पक्षों के 20 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

लार थाना क्षेत्र के नेमा गांव में बृहस्पतिवार को गांव में एक व्यक्ति के यहां कार्यक्रम था। रात में गांव के लोग भोजन करने गए थे, जहां डीजे भी बज रहा था। भोजन में ग्राम प्रधान पक्ष व पूर्व प्रधान का पक्ष भी गया हुआ था। भोजन के बाद दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। इसके बाद मारपीट हो गई।

दोनों तरफ से चले लाठी-डंडे में एक पक्ष के राजन सिंह, अंबुज, पंकज, धर्मेंद्र व अजित तथा दूसरे पक्ष के अरुण, दीपू, राज व जयकरन आदि घायल हो गए। मारपीट के बाद कार्यक्रम में आए रिश्तेदार भाग खड़े हुए।

दोनों तरफ से दस-दस लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई थी। पुलिस ने रविवार को 20 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2023

# पशु मांस के साथ एक गिरफ्तार

**नेबुआ नौरंगिया।** नेबुआ नौरंगिया के चखनी भोज छपरा से पशु मांस के साथ पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार को एक संदिग्ध व्यक्ति को साइकिल पर दो बोरे लाद जाते देख पुलिस ने उसे रोक लिया। बोरे से पशु मांस व पशु के अवशेष मिले। एसएचओ अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि वन्य जीव अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# स्मैक के साथ तस्कर को पुलिस ने दबोचा

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने रविवार को रामकोला रोड पर भरवलिया गांव के समीप एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8.10 ग्राम स्मैक बरामद किया। बरामद स्मैक की कीमत लगभग 1.20 लाख आंकी जा रही है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

**हालात** | हर साल जलती हैं रिहायशी झोपड़ियों के साथ गेहूं की फसल, अधिकांश स्थानों पर आग बुझने के बाद पहुंचती हैं गाड़ियां, कर्मचारियों के साथ संसाधनों की कमी

# सिर्फ तीन तहसीलों में अग्निशमन केंद्र, थाना स्तर पर व्यवस्था नहीं

**पड़ताल**

**पडरौना, निज संवाददाता।** सूर्य की गर्मी का तेज बढने और पछुआ हवाओं के बीच आग जिले में खूब तांडव मचाती है। इससे आग लगने की घटनाएं चहुंओर बढ़ जाती हैं। प्रत्येक साल सैकड़ों स्थानों पर आग लगने की घटनाएं होती हैं। इनमें करोड़ों का नुकसान जनपदवासियों को उठाना पड़ता है।

आग की घटनाओं से निपटने में अग्निशमन विभाग ज्यादा उपयोगी साबित नहीं हो पाता है। विभाग के पास सिर्फ तहसील स्तर पर अग्निशमन केंद्र के कार्यालय हैं। तीन स्थान पर केंद्रों का काम निर्माणाधीन है। सिर्फ तीन स्थान से विभाग पूरे जिले में लगी आग की घटनाओं पर अंकुश लगाने का प्रयास करता है। इसका नतीजा होता है कि आग से तबाही मचने और लोगों के प्रयास से आग बुझ जाने के बाद अग्निशमन केंद्रों की गाड़ियां मौके पर पहुंचती हैं। जिला मुख्यालय रविंद्रनगर, खड्डा व तमकुहीराज में अग्निशमन केंद्र स्थापित हैं। विभाग के पास जिले में छह बड़ी गाड़ियां, दो हाइप्रेशन पंप, 10 बोलेरो वाटर पोर्टेबुल पंप, एक वाटर मिस्ट वाहन है।



अग्निशमन केंद्र रविंद्र नगर में खड़ी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां। • हिन्दुस्तान

## आग लगने पर इन नम्बरों पर दें सूचना

अग्निशमन अधिकारी द्वितीय एसके दोहरे व फायरमैन विकास ने बताया कि फायर स्टेशन पडरौना में दो, तमकुही में दो, खड्डा में एक, कप्तानगंज में एक व हाटा में एक वाटर टेंडर तैनात है। आग लगने पर तत्काल गाड़ियों को भेज कर आग पर काबू पाया जाता है। आग लगने की सूचना कोई भी व्यक्ति कंट्रोल रूम के नम्बर टोलफ्री नम्बर 101 के अलावा सीयूजी नम्बर 9454418801, 02, 03, 04, 05 व 06 पर सूचना दे सकता है।

> "तीन तहसीलों में अग्निशमन केंद्र निर्माणाधीन हैं। आग लगने वाले सभी स्थानों पर गाड़ियों को पहुंचाकर आग बुझाने का काम किया जाता है। आग पर अंकुश लगाने के लिए तहसील स्तर पर व्यवस्था की गई है।
>
> -**एसके दोहरे**, अग्निशमन अधिकारी कुशीनगर

## संसाधनों की स्थिति

मुख्य अग्निशमन अधिकारी का एक पद है, जो रिक्त है। अग्नि शमन अधिकारी का पद तीन है। एक की तैनाती है, दो पद रिक्त है। अग्निशमन अधिकारी द्वितीय का चार पद है, तीन तैनात है, एक पद रिक्त है। वाहन चालक का आठ पद है। छह तैनात है, दो पद रिक्त है। हेड कास्टेबल का 7 पद है। इसके सापेक्ष सभी 7 तैनात हैं। फायरमैन का 53 का पद है, 47 तैनात है। 6 पद रिक्त है। विभाग के पद पांच हजार लीटर दो वाटर टेंडर, 45 सौ लीटर का एक वाटर टेंडर, 400 लीटर का एक वाटर मिस्ट वाहन मौजूद है।

# तीन किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

खड्डा। खड्डा पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम सोहरौना में छापेमारी कर तीन किलो गांजे के साथ एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन व इंस्पेक्टर अमित शर्मा की देखरेख में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत खड्डा थाने के एसआई सुनिल सिंह गौरव वर्मा, कांस्टेबल कैलाशनाथ यादव, चन्द्रशेखर क्षेत्र में निकले थे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, मुकदमा दर्ज

**हाटा, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के हाटा-पिपराइच रोड पर स्थित बालेश्वर चौराहे पर एक किराने के दुकानदार से उसके पत्नी को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के सिंहपुर निवासी रवि कुमार गुप्त का बालेश्वर चौराहे पर किराने की दुकान है। वहां महाराजगंज जनपद के श्यादेउरवा थाना क्षेत्र के गांव धनहानायक निवासी अशोक भारती व उसके साथ एक और व्यक्ति आते जाते थे और दुकान से समान की खरीददारी भी करते रहते थे। इससे उन लोगों से उसका परिचय हो गया। बातचीत के दौरान उन लोगों ने अपने को सिक्रेट डिटेक्टिव इम्प्रूवमेंट सर्वे विभाग के कर्मचारी बताया। उन्होंने झांसा दिया कि स्वास्थ्य विभाग तथा बाल विकास विभाग के उच्चाधिकारियों से अच्छा संबंध होने के चलते इन विभागों में नियुक्ति कराना दाये बायें का खेल है। इस झांसे में आकर रवि कुमार ने उन लोगों से अपने पत्नी को नौकरी दिलाने की बात कही, जिस पर उन लोगों ने पैसे का डिमांड किया। इस पर रवि ने उनके खाते में दो बार में पचास, पचास हजार रुपये का भुगतान कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# चालीस किलो गांजा बरामद
# तरवां थाने की पुलिस ने पकड़ा

आजमगढ़, संवाददाता। तरवां थाना की पुलिस ने रविवार भोर में चेंकिग के दौरान भरथीपुर के पास से गांजा तस्कर पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया। कार से गांजा लेकर दोनों सप्लाई के लिए जा रहे थे। उनकी कार से पुलिस ने 40 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया है। कार को पुलिस ने सीज कर दिया है।

तरवां थानाध्यक्ष बसंतलाल रविवार भोर में फोर्स के साथ भरथीपुर चौराहे पर चेंकिग कर रहे थे। इस दौरान एक कार परमानपुर की तरफ से तेज गति से आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने टार्च की रोशनी देकर रुकने का इशारा किया गया। इस पर कार सवार ने पीछे मुड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर कार को कब्जे में ले लिया। कार चालक राजू गुप्ता व उसके पिता त्रिवेणी गुप्ता उर्फ झिंगाड़ी निवासी पल्हना बाजार थाना देवगांव हिरासत में ले लिया गया। तलाशी के दौरान कार से 40 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ। कार को सीज कर दिया गया। अभियुक्त राजू कुशीनगर जनपद के पटहेरवा थाना में गांजा के साथ पहले भी गिरफ्तार किया गया था। उसके ऊपर कुशीनगर जनपद में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी।

## देवरिया और कुशीनगर से लाते थे गांजा

पुलिस के हत्थे चढे पिता-पुत्र कुशीनगर और देवरिया जिले से गांजा लाकर जिले में सप्लाई करते थे। तरवां थानाध्यक्ष के मुताबिक, दोनों जिले में अलग-अलग स्थानों पर गांजा की सप्लाई करते थे। उनके संपर्क में रहने वाले लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि गांजा के अवैध कारोबार में और कितने लोग लिप्त थे।

# तोड़फोड़ व मारपीट में पांच पर केस

पटहेरवा। पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटहेरिया चौराहे पर एक दुकान पर भीड़ के साथ हमला बोलकर तोड़फोड़ व मारपीट करने के आरोप में दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद व एक दर्जन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट सहित विभिन्न धाराओं मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

# दुकान में तोड़फोड़ के मामले में पांच नामजद

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा :** क्षेत्र के पटहेरिया चौराहे के एक दुकान पर बीते 10 मार्च को अराजकतत्वों के द्वारा तोड़फोड़ करने व मारने के मामले में पुलिस ने पांच नामजद व 12 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सिंदुरिया बुजुर्ग के दुकानदार संतोष कुमार गुप्ता ने दिए गए तहरीर में लिखा है कि घटना के दिन शाम साढ़े चार बजे दुकान पर ग्राहकों को सामान दे रहे थे कि पटहेरिया निवासी महसूद, समीर, अरबाज, अज्जू व शाहिद अपने साथ एक दर्जन अज्ञात व्यक्तियों के साथ दुकान पर पहुंचे और हाथ में लाठी-डंडा, हाकी व लोहे की राड लेकर गाली-गलौज देते हुए तोड़फोड़ करने लगे, जिससे भगदड़ मच गई। बाजार व आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर जान बचाई। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# गुमशुदगी व अपहरण में गंभीरता बरतेगी पुलिस

## पुलिस के आला अफसरों ने जारी किए निर्देश, तत्परता न बरतने पर पिट रही पुलिस की भद्द

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** गुमशुदगी व अपहरण के मामलों में सुझाव देने की बजाय खाकी अब और भी गंभीरता बरतेगी। निर्देश हुआ है कि गुमशुदगी या अपहरण की सूचना पर तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी जाए, जिससे कि अनावश्यक विलंब न होने पाए। प्रायः ऐसे मामलों में पुलिसकर्मी शिकायतकर्ता को यह सुझाव देते हैं कि पहले बच्चे या गुमशुदा व्यक्ति को स्वयं ढूंढ लें। इससे होने वाली देरी से कई बार गायब या अपहृत की सकुशल बरामदगी नहीं हो पाती और जनता में पुलिस के प्रति अविश्वास की भावना बढ़ती है।

> गुमशुदगी व अपहरण के मामले में तत्परता बरतने को लेकर पुलिसकर्मियों को निर्देश दे दिए गए है। ऐसे मामलों में अनावश्यक बिलंब करने वाले पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **धवल जायसवाल,** एसपी

डीजी कार्यालय से मिले निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने मातहतों को फरमान जारी कर कहा है कि इस तरह की घटनाओं की रोकथाम एवं त्वरित विवेचनाओं के संबंध में समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। घटनाओं का त्वरित एवं समयबद्ध अनावरण न होने से पुलिस के प्रति लोगों में विश्वास कमजोर होता है।

### पीड़ित की सुनें, दिखाएं संवेदनशीलता

एसपी ने कहा है कि गुमशुदगी व अपहरण के मामलों में थाने पहुंचे शिकायतकर्ता को पुलिसकर्मी पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनें और बिना बिलंब किए तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही प्रारम्भ कर दें। पुलिसकर्मी शिकायतकर्ता के साथ शिष्ट व सम्मानजनक व्यवहार करें। इसके अलावा एफआईआर दर्ज होते ही विवेचक विवेचना की कार्ययोजना बनाएं। संबधित राजपत्रित अधिकारी से कार्ययोजना का अनुमोदन कराएं और विवेचना से संबंधित संपूर्ण पहलुओं पर विचार कर जांच को आगे बढ़ाएं।

# पीड़ित के घर पहुंचे सांसद

**नेबुआ नौरंगिया:** स्थानीय विकास खंड के मंसाछपरा निवासी महंत कुशवाहा की तेलंगाना में मृत्यु होने की जानकारी पर घर पहुंचे सांसद विजय कुमार दूबे ने स्वजन को ढांढस बंधा शासन स्तर पर मदद दिलाने का भरोसा दिया। एसडीएम से वार्ता कर पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रमुख प्रतिनिधि शेषनाथ यादव,अवधेश शर्मा,विजय यादव आदि मौजूद रहे। (जासं)

# प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार

**नेबुआ नौरंगिया:** थाना क्षेत्र के चखनी भोज छपरा से प्रतिबंधित मांस के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसे बाद में जेल भेज दिया गया। चौरहवा टोले के पास रविवार को एक व्यक्ति साईकिल पर दो बोरे लादे जाते देख पुलिस ने रोक कर जांच की, जिसमें प्रतिबंधित मांस मिलने पर गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान नसरूल्लाह निवासी चखनी भोज छपरा चौरहवा टोला के रूप में हुई। (जासं)

# कैमरा लगवाएं, सम्मान पाएं

**जासं,पडरौना:** कानून व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने तथा अपराध पर प्रभावी रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों में सीसी कैमरे लगाने के लिए कुशीनगर पुलिस प्रधानों को जागरूक करेगी। बताएगी कि ऐसा करने से संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलेगी और अराजकतत्वों में भय का माहौल बनेगा। अपराध होने पर अपराधी की आसानी से पहचान हो सकेगी। वहीं कैमरा लगवाने पर प्रधान को सम्मानित किया जाएगा।

शहरों में अपराध नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की तर्ज पर जनपद के सभी 1003 गांवों में भी तकनीक के इस्तेमाल से अपराध रोकने के लिए कुशीनगर पुलिस ने यह कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक ने थानेदारों को अपने-अपने क्षेत्र के प्रधानों से संपर्क साध गांवों में सीसी कैमरा लगवाए जाने को कहा है।

**लगेगी घटनाओं पर रोक:** अक्सर गांव की गलियों में बच्चियों के साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाएं सामने आती हैं।चोरों का भी भय बना रहता है। कैमरे की मदद से शोहदों तक पहुंचने में पुलिस को मदद मिलेगी। चोरी की घटनाओं में भी कमी आएगी।

**यहां लगेंगे कैमरे:** गांवों के प्रमुख मार्ग तथा धर्मस्थल।गांव स्थित स्कूल, पंचायत भवन परिसर तथा ऐसे सभी सार्वजनिक स्थान जहां सुबह-शाम लोग एकत्रित होते हों।

**कैमरा लगने पर सम्मानित होंगे प्रधान:** सीसी कैमरा लगवाने वाले प्रधानों को पुलिस महकमे द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर खुद पुलिस अधीक्षक या अपर पुलिस अधीक्षक गांव पहुंच कर संबंधित ग्राम प्रधान को सम्मानित करेंगे।

एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि जिले की लगभग 80 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। सुरक्षा को लेकर प्रधानों से गांवों में सीसी कैमरे लगवाए जाने को कहा गया है, इससे संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तथा अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।कुछ गांवों में कैमरे लगे भी हैं। कैमरे लगवाने वाले प्रधान पुलिस द्वारा सम्मानित किए जाएंगे।

# पदोन्नति पर दीवान बने दारोगा थानेदार ने लगाया स्टार

**जागरण संवाददाता, मंसाछापर:** जटहाबाजार के मंसाछापर पुलिस चौकी पर तैनात दीवान के दारोगा पद पर पदोन्नति होने पर थानेदार ने रविवार को स्टार लगाकर नई जिम्मेदारी के प्रति सचेत किया। पदोन्नति पाए दारोगा ने दायित्वों के प्रति चौकन्ना रहने का विश्वास दिलाया।



जटहा थाना में रणविजय सिंह को स्टार लगाते प्रभारी निरीक्षक राजकुमार बरवार दाएं पहले ● जागरण

जटहाबाजार थाने की मंसाछापर पुलिस चौकी पर तैनात दीवान रणविजय सिंह की दारोगा पद पर पदोन्नति हुई है। इसे लेकर शाम को थाने में एक संक्षिप्त समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें थानेदार राजकुमार बरवार ने दीवान से दारोगा बने रणविजय सिंह के कंधे पर स्टार लगाकर इस उपलब्धि की बधाई दी और नए दायित्व के प्रति और भी चौकन्ना रहने को सचेत किया। कहा कि पदोन्नति उपलब्धि के साथ साथ नई जिम्मेदारियों की सूचक भी है, जिसे लेकर हर पुलिसकर्मी को सचेत रहना चाहिए। कहा कि बीते कार्यकाल के अपने अनुभवों के जरिये नई जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक ढंग से करना ही उपलब्धि होगी। रणविजय सिंह ने सुरक्षा के साथ-साथ सेवा के लिए दिन-रात तत्पर रहने का विश्वास दिलाया। एसएसआइ महेंद्र प्रताप सिंह, कटाई भरपुरवा चौकी इंचार्ज विक्रम अजित राय, मंसाछापर चौकी इंचार्ज उमेश कुमार यादव, दारोगा अमीर अंसारी आदि मौजूद रहे।

# तोड़फोड़ करने के आरोप में केस दर्ज

**पटहेरवा।** पटहेरिया चौराहे स्थित चाय की दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करने और गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर कार्रवाई की है।

पुलिस ने इस मामले में पांच नामजद सहित 12 अज्ञात पर धमकी देने सहित अन्य आरोपों में केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। सेंदुरिया के संतोष गुप्ता पटहेरिया चौराहे पर चाय और भोजन की दुकान चलाते हैं।

उन्होंने तहरीर में लिखा था कि बीते 10 मार्च की शाम करीब पांच बजे कुछ लोग लाठी डंडा, हाकी और रॉड से लैस होकर दुकान में आए और गालियां देते हुए तोड़फोड़ करने लगे।

उनका आरोप है कि आरोपी दुकान उजाड़ने और जान माल की धमकी दे रहे थे। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 13-03-2023

# पुलिस व चाइल्ड लाइन ने रुकवाई बच्चियों की शादी

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा थाना क्षेत्र के दो गांवों में नाबालिग बच्चियों की शादी की सूचना पर पहुंची पुलिस, सृष्टि सेवा संस्थान व चाइल्ड लाइन ने शादी रुकवा दी। परिजनों को समझाने-बुझाने के साथ ही कड़ी चेतावनी भी दी।

चाइल्ड लाइन के समन्वयक दीपक पांडेय ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टोल फ्री नंबर पर एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई थी। सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना संरक्षण अधिकारी नौतनवा को पूरे मामले से अवगत कराते हुए टीम गठित की गई। मौके पर पहुंचकर जब जांच-पड़ताल की गई तो नाबालिग बच्चियों की उम्र 13 वर्ष व 14 वर्ष में ही विवाह किए जाने की तैयारी चल रही थी।

**बाल विवाह न करने की हिदायत देकर छोड़ा: ठूठीबारी संवाद के अनुसार** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक लड़के की शादी कोठीभार क्षेत्र में तय हुई थी। मंगलवार को बारात जानी थी और इसको लेकर रस्म शुरू हो गई थी। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो दूल्हे की उम्र 14 साल निकली, वहीं दुल्हन की भी उम्र कम थी। इसके बाद शपथ पत्र बनवाकर शादी न करने की हिदायत देकर शादी रुकवा दी गई। कोतवाल जेपी सिंह यादव ने बताया शपथ पत्र में पिता सहित ग्राम प्रधान एवं बालिका के पिता ने आश्वस्त किया कि बालिग होने के बाद ही शादी करेंगे।

# शव मिलने की अफवाह से हड़कंप

कोल्हुई। क्षेत्र के महुआरी के टोला सिंगिअहवा के एक बाग में रविवार को बोरे में शव मिलने की अफवाह से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाने के पुलिस कर्मियों के अलावा सीओ फरेंदा कोमल मिश्र भी मौके पर पहुंचे। बोरे को खोल कर देखने पर उसके अंदरसे भैंस का मरा बच्चा मिला। उच्च अधिकारियों से वार्ता कर मृत भैंस के बच्चे को दफन करा दिया गया।

# पुलिस चौकी भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन

**जासं, नौतनवा** : अड्डा बाजार के पैसिया उर्फ कोंघुसरी तिराहे पर रविवार को पुलिस चौकी भवन निर्माण के लिए एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र व संतोष पांडेय ने भूमि पूजन कर नींव की ईंट रखी। यहां की पुलिस चौकी अस्पताल भवन में चल रही है।

एसडीएम ने कहा कि नौतनवा थाना क्षेत्र के अड्डा बाजार में एक वर्ष पहले ही पुलिस चौकी के लिए भूमि चिह्नित की गई थी। इस चौकी क्षेत्र में 24 गांव हैं। लोगों के सहयोग से भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि चौकी का अपना भवन हो जाने से पुलिस को काफी सहूलियत मिलेगी। नायब तहसीलदार सौरभ कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी हरी किशोर मिश्रा, धनुर्धारी पांडेय आदि मौजूद रहे।

# 16 लोगों पर की गई शांतिभग की कार्रवाई

**जासं, महराजगंज** : सदर कोतवाली पुलिस ने मारपीट समेत तीन मामलों में 16 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी का शांतिभंग में चालान कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया वहां से उन्हें जमानत मिल गई।

कार्रवाई की जद में आने वालों में रमपुरवा निवासी अकरम, अजहर, सलीम, सुदर्शन, राजू, शिवा, डेबर और संतोष तो वहीं पंतनगर निवासी सत्यम, राहुल, राजेश और किशन तथा बड़हरा रानी निवासी महेंद्र, गणेश और बिकाऊ आदि शामिल हैं।

# बाग में शव की सूचना पर पहुंची पुलिस

**कोल्हुई :** कोल्हुई क्षेत्र के महुआरी के टोला सिंगिंअहवा के बाग में बोरे में संदिग्ध वस्तु देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। आसपास के गांवों के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस को भी शंका हुई कि बोरे में शव ही है, लेकिन जब बोरे को खोलकर देखा गया तो उसमें भैंस के बच्चे का शव मिला। मौके पर सीओ कोमल मिश्रा भी पहुंच गए थे। (जासं)

# चाइल्ड लाइन व पुलिस ने रोकवाया बाल विवाह

**जासं,नौतनवा** : सृष्टि सेवा संस्थान,चाइल्ड लाइन व पुलिस ने संयुक्त रूप से मई में होने वाले बाल विवाह को स्वजन से वार्ता कर रोकवा दिया है।

चाइल्ड लाइन सब सेंटर नौतनवा के समन्वयक दीपक पांडेय ने बताया कि चाइल्ड लाइन के हेल्प लाइन नंबर 1098 पर अज्ञात व्यक्ति ने सूचना दी कि नौतनवा थाना क्षेत्र के कजरी व धोरियहवा गांव में नौ व दस मई को शादी होने वाली है। जिसमें 13 व 14 वर्षीय दो लड़कियों का विवाह होने जा रहा है। इनका रिश्ता सदर तहसील क्षेत्र में तय हुआ है। इसके बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, थाना संरक्षण अधिकारी नौतनवा की टीम लड़कियों के घर पहुंची। उनके माता पिता को समझाया गया। बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी गई। चेताया कि यदि बाल विवाह करते हैं तो उनके सहित दूल्हा व बरात में उपस्थित लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। इसके बाद स्वजन ने कहा कि बालिग होने के बाद ही बेटियों का विवाह करेंगे।

# युवक को दबंगों ने पीटा

लक्ष्मीपुर : ग्राम मठिया ईदू निवासी राजेश यादव ने गांव के तीन लोगों पर लाठी से पीटने का आरोप लगाया है। पुरंदररपुर थाना पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित ने लिखा है कि होली के दिन गांव के ही युवक से विवाद हो गया था। इसी रंजिश में शनिवार की रात दबंगों ने रास्ते में रोककर लाठी-डंडा से बुरी तरह से पीट दिया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# शव की सूचना पर पहुंची पुलिस



**कोल्हुई।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुआरी के टोला सिंगिअहवा स्थित एक बाग में बोरे में संदिग्ध वस्तु देख लोगों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस को भी शक हुआ कि बोरे में शव है। बोरे को खोलकर देखा तो मरा हुआ भैंस का बच्चा निकला। मौके पर सीओ कोमल मिश्रा भी पहुंचे। थानाध्यक्ष कोल्हुई महेंद्र यादव ने बताया कि बोरे में शव की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। बोरा खोला गया तो उसमें भैंस के बच्चे का शव निकला। संवाद

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**निचलौल।** प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के खमहौरा गांव के टोला बंजरिया में खेत रेहन की बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। कुछ देर बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस मामले में पीड़ित देवेन्द्र की तहरीर पर आरोपी जुगुन और पुनिता के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# किशोरी को भगा ले जाने के मामले में केस दर्ज

**निचलौल।** प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव में दो आरोपी एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है। संवाद

# पुलिस चौकी के भवन निर्माण का भूमि पूजन

नौतनवां। तहसील क्षेत्र के अड्डा बाजार में रविवार को पुलिस चौकी के भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। लक्ष्मीपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने संतोष पांडेय तथा उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने पूजन किया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, अड्डा बाजार चौकी प्रभारी हरि किशोर मिश्र, राजेश यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2023

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज के रूप में अतिरिक्त धन की मांग को लेकर विवाहिता को मारा पीटा गया तथा उसकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भेजकर बदनाम करने की कोशिश की गयी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

सोनहा थाना क्षेत्र के सिसवा खुर्द की रहने वाली विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा दहेज में अतिरिक्त धन की मांग को लेकर तरह तरह से प्रताड़ित किया गया। मांग पूरी न होने पर उसकी जमकर पिटाई की तथा चोरी छिपे अश्लील वीडियों व फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी पति प्रिन्स शुक्ला पुत्र दिलीप शुक्ला, सास गुडिया देवी पत्नी दिलीप शुक्ला, दिलीप शुक्ला निवासीगण ग्राम सिसवा खुर्द ,थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी एवं 3/4 डीपी एक्ट व 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# राजस्व विभाग ने सुलझाया वर्षों से विवादित जमीन का मामला

**वाल्टरगंज (एसएनबी)**। 20 वर्षो से जमीन को लेकर चल रहे विवाद को मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक हल्का लेखपाल ने आपसी सुलह समझौते के साथ दोनों पक्षों से बात करके मामले का निस्तारण कर दिया। मामला बस्ती सदर तहसील अन्तर्गत श्रीपालपुर से जुड़ा है।

मिली जानकारी के अनुसार बस्ती सदर तहसील अन्तर्गत श्रीपालपुर के निवासी कंचन पत्नी विनोद ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर अपने मकान के निर्माण को रोकने के संबंध में शिकायत किया था और शनिवार को वाल्टरगंज थाने पर आयोजित समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर अधिकारियों ने गंभीरता से विचार किया और समाधान दिवस के बाद नायब तहसीलदार केके मिश्रा और थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नारायण लाल श्रीवास्तव से मामले का निस्तारण करने के लिए लेखपाल और पुलिस बल की टीम मौके पर भेज दिया गया और गाटा संख्या 1340 की पैमाइश शुरू की गई। राजस्व निरीक्षक पाटन दीन श्रीवास्तव , क्षेत्रीय लेखपाल जितेंद्र सिंह, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, राहुल और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमर नाथ चौधरी ने दोनों पक्षों से वार्ता करके सहमत बना ली और लगभग 20 वर्षो से विवादित जमीन का मामला निस्तारण करने में सफलता हासिल किया। राजस्व निरीक्षक पाटनदीन श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्ष आपसी समझौते के साथ आवेदिका कंचन देवी के मकान निर्माण में किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं करेंगे। वह अपना मकान मौके पर चिन्हित किए गए स्थान पर बनाएंगी। जिसमें दोनों पक्षों ने ग्रामीणों के सामने सहमत प्रदान की। मौके पर प्रथम पक्ष की कंचन ,पूनम ,विनोद और द्वितीय पक्ष से प्रदीप चौधरी राजेश चौधरी ,संदीप ,राम सुभग सहित उपनिरीक्षक राधेश्याम त्रिपाठी, हेड कांस्टेबिल रामबदन यादव , हरिशंकर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पैसा लेने के बाद जमीन बैनामा करने से किया मना

**बस्ती।** पैसे लेने के बाद अभियुक्तों ने जमीन को बैनामा करने से इन्कार कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित गोविन्द नाथ पाण्डेय ने बताया कि राम आशीष व राजेश कुमार ने उसे जमीन देने की बात कहकर 6 लाख 50 हजार रूपये लिये थे। लेकिन पैसे पाने के बाद अब जमीन का बैनामा करने से इन्कार कर रहे है। ऐसे में जब उसने अपना पैसा वापस मांगो तो अभियुक्तो ने उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित गोविन्दनाथ पाण्डेय पुत्र लक्ष्मी नरायन पाण्डेय निवासी गाउखोर थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राम अशीष पुत्र रामज्ञान निवासी कौड़ीकोल बुजुर्ग थाना कप्तानगंज व राजेश कुमार पाण्डेय पुत्र शारदा प्रसाद लिपिक उपनिबन्धन कार्यालय तरबगंज तहसील तरबगंज जिला गोण्डा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोरी से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

छावनी। छावनी पुलिस ने किशोरी से छेड़खानी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छह मार्च को आरोपी ने गांव के बाहर खेत में किशोरी को अकेला देखकर छेड़खानी की थी। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले आरोपी बीरु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दलित किशोरी के परिजनों ने बीरू सिंह के ऊपर एससएसटी, पॉस्को, धमकाने व छेड़खानी का मामला दर्ज कराया था।

# मारपीट में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार

पैकोलिया। पैकोलिया थाना क्षेत्र के असनहरा गांव में होली के दिन शाम छह बजे दिव्यांशु को अपने घर के सामने खेलते वक्त गांव के ही नियामत अली की साइकिल से ठोकर लग गई। दिव्यांशु के पिता कालीप्रसाद और नियामत अली के बीच कहासुनी हो गई थी। दिव्यांशु की मां पूर्व प्रधान मीना देवी ने तहरीर देकर मारपीट, अभद्रता, मंगलसूत्र छीनने सहित अन्य आरोपों में केस दर्ज कराया था।

# अभियान चलाकर दस वारंटियों को किया गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** रविवार को नगर पुलिस ने मारपीट सहित अन्य मामलों के आरोपित दस वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा है। सभी अभियुक्त मुकदमा दर्ज होने के बाद से पुलिस पकड़ से दूर चल रहे थे।

यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद ने बताया कि न्यायालय बस्ती द्वारा निर्गत एनबीडब्लू में धारा 323, 34 आईपीसी से संबंधित माधवलाल, हीरालाल व कुन्नू पुत्रगण बलजोर निवासीगण धौरहरा थाना नगर को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार से धारा 323, 325, 504, 506 आईपीसी से संबंधित अकबर अली पुत्र अमानउल्लाह निवासी ओठगनपुर थाना नगर धारा 323, 504, 506 आईपीसी से संबंधित प्रभात सिंह पुत्र तमेसर सिंह निवासी धौरहरा थाना नगर, धारा 323, 325, 504, 506 आईपीसी से संबंधित उमाशंकर पुत्र रमेसर निवासी तेनुई थाना नगर, धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित रामजनम पुत्र जगदेव निवासी पोखरा थाना नगर, धारा 147, 452, 323, 504, 506, 427 आईपीसी से संबंधित पन्नालाल पुत्र परमहंस निवासी गोटवा थाना नगर, धारा 354बी आईपीसी व 3(1) द एससी एसटी एक्ट तथा 7/8 पाक्सो एक्ट से संबंधित मनीष राजभर पुत्र जोखू राजभर निवासी दुबखरा थाना नगर तथा धारा 323, 34 आईपीसी से संबंधित बलजोर पुत्र गणेशी निवासी धौरहरा थाना नगर को दबिश देकर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय बस्ती रवाना किया गया । गिरफ्तारी के समय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के आदेशो व निर्देशों का पूर्णतया पालन किया गया । गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष नगर थाना नगर के साथ चौकी प्रभारी फुटहिया उप निरीक्षक प्रदीप सिंह, उप निरीक्षक मैनेजर यादव, उप निरीक्षक श्रवण यादव, उप निरीक्षक शशिशेखर सिंह, मुख्य आरक्षी मनोज यादव, मुख्य आरक्षी महेन्द्र यादव, मुख्य आरक्षी अंशुल यादव, आरक्षी विवेक सिंह, आरक्षी सुनील चौहान, आरक्षी धनवंत गुप्ता, आरक्षी संत प्रजापति, आरक्षी राम सिंह यादव थाना नगर शामिल रहे।

# काम सीखने बाहर गया युवक गायब, मुकदमा

**बस्ती** । रोजी रोजगार एवं काम सीखने के लिए बाहर गया एक युवक वापस घर लौटकर नही आया। इस सम्बन्ध में पीड़ित के पिता की शिकायत पर कलवारी पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए नबी मोहम्मद पुत्र रज्जव अली निवासी गायघाट बाजार ने बताया कि उसका बेटा काम सीखने के लिए बाहर गया हुआ था। जो अभी तक वापस लौटकर नही आया और न ही उसका कहीं कुछ पता चला। इस सम्बन्ध में कलवारी पुलिस ने गुमशुी की धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# छेड़खानी करने वाला युवक गिरफ्तार

**छावनी ।** स्थानीय पुलिस ने रविवार को दलित नाबालिग बालिका के साथ छेडखानी करने वाले नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि धौरहरा चौहान निवासी वीरू सिंह पुत्र रामअवध के विरूद्ध थाना क्षेत्र की दलित नाबालिग बालिका के साथ छेडखानी एवं हरिजन उत्पीडन के तहत विगत 6 मार्च को मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस उसकी सरगरमी से तलाश कर रही थी। रविवार को उन्होने अपने हमराही उपनिरीक्षक वीरेन्द्र यादव, कांसटेबल शिवम सिंह, अरूण व पंकज यादव के साथ उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**बस्ती** । बाइक खड़ी कर जरूरी कार्य करने गये एक युवक की बाइक को अज्ञात चोर चुरा ले गये। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एनआर होटल के सामने धर्मेन्द्र कुमार अपनी बुलेट बाइक संख्या यूपी 51 एवाई/ 7467 को खड़ी कर कहीं गये हुए थे। इस दौरान उनकी बाइक पर चोरो की नजर गड़ गयी और मौके पाते हुए वह उसे चोरी कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित धर्मेन्द्र कुमार पुत्र चिरंजीव लाल निवासी ठोकवा थाना लालगंज की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में वृद्ध घायल

**भानपुर** । सोनहा थाना क्षेत्र के बस्ती डुमरियागंज मार्ग पर असनहरा पडाव पर मार्ग दुर्घटना में सायकिल सवार जगदम्बा प्रसाद (65 ) पुत्र महादेव रविवार सुबह दवा लेने के लिए घर से निकले थे। असनहरा पड़ाव पर पहुंचे थे कि सामने आ रही कार के चपेट में आ गए। झटका इतना तेज था की 10 फीट दूर सड़क पर जा गिरे। जिससे सिर व शरीर में काफी चोटे आई। पुलिस व ग्रामीण के मदद से निजी साधन से इलाज के बस्ती ले जा रहे थेकि रास्ते में ही मृत्यु हो गई। इनके पत्नी की पहले ही मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी हैं। वह अपने पीछे 3 पुत्र 2 पुत्री छोड़ गए जिसमे 1 पुत्र व 2पुत्री की शादी हो चुकी हैं।

# मार्ग दुर्घटना में महिला घायल

**वाल्टरगंज** । मार्निंग वाक पर निकली महिला को मोटर साइकिल सवार ने ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने इलाज महिला को बस्ती अस्पताल में भर्ती कराया है। मामला वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के डाडवा मिस्त्र का है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह रोज की भांति गुड़िया देवी पत्नी राम प्रकाश ग्राम डडवा मित्र थाना वाल्टरगंज रोज की भांति बस्ती डुमरियागंज मार्ग पर टहल रही थी कि पीछे से मोटरसाइकिल नंबर यूपी 51 एपी/ 8246 के चालक ने ठोकर मार दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में परिजनों ने उन्हें उपचार हेतु बस्ती भर्ती कराया है जहां उनका उपचार चल रहा है इस संबंध में घायल का लड़का विष्णु गुप्ता पुत्र रामप्रकाश ने बताया कि माता का इलाज चल रहा है।

## मामूली विवाद को लेकर दो पक्षो में मारपीट, क्रास केस

**बस्ती ।** सोनहा थाना क्षेत्र के औडजंगल टोला जहलीपुर में भैस बांधने की रस्सी टूट जाने के विवाद को लेकर कुछ लोग एक महिला के घर पर चढ़कर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा अश्लील हरकत किया। मामले में पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र पुत्र रामउग्रह, नागेन्द पुत्र राम उग्रह, प्रभात पुत्र मनेन्द्र निवासीगण औडज़ंगल जहलीपुर थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 354, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसी प्रकार से सोनहा पुलिस को पीड़ित झीनकू चौधरी पुत्र रामदेव निवासी औडज़ंगल टोला रामपुरकला ने बताया कि आरोपियों द्वारा उसके घर पर आकर गालियां दी और मारापीटा। मामले में पुलिस ने आरोपी नीरज पुत्र रामविलास निवासी औडजंगल, टोला सूरजूपुर, थाना सोनहा, धर्मेन्द्र पुत्र लाखन चौधरी, निवासी ग्राम औडज़ंगल छोटा रामपुर, राघवेन्द्र पुत्र रामधन निवासी ग्राम औडज़ंगल, छोटा बनकटवा ,थाना सोनहा के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## परिजनों की पिटाई के मामले मे दो गिरफ्तार

**बभनान।** पैकोलिया थाना क्षेत्र के असनहरा गांव में पूर्व दलित महिला प्रधान एवं उसके परिजनो की होली की शाम मुस्लिम संप्रदाय के दर्जन भर लोगो ने द्वारा पिटाई करने के मामले मे पुलिस ने नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य अभियुक्तों की तलाश पुलिस सरगरमी से कर रही है। अभी आधा दर्जन नामजद व चार अज्ञात फरार चल रहें है। पैकोलिया के थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के असनहरा गांव की पूर्व प्रधान दलित महिला मीना देवी पत्नी काली प्रसाद के शिकायती पत्र पर मुस्लिम समुदाय के आठ नामजद समेत चार अज्ञात लोगो के बिरुद्ध बलबा, मारपीट, छिनैती व दलित उत्पीडन एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बीती रात थानाध्यक्ष ने अपने हमराही बरिष्ठ उपनिरीक्षक मुनीन्द्र त्रिपाठी, हेडकांसटेबल इरशाद खान, विजय प्रकाश दीक्षित, रामसुरेश यादव, कांसटेबल सोनू यादव, जीवन प्रताप सिंह, रुपेश यादव के साथ घटना मे शामिल आरोपी असनहरा निवासी सैदा हुसेन पुत्र अब्दुल वाहिद तथा नियामत अली पुत्र शाहिद को गिरफ्तार कर लिया। दोनो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आधा दर्जन नामजद आरोपियों की तलाश जारी है। शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही अज्ञात लोगो की पहचान के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

## विवाहिता को प्रताड़ित करने पर ससुरालियों पर केस

**बस्ती ।** विवाहिता को ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही उसे मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के भूअर सराय गांव की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसके ससुराल वालो द्वारा उसे तरह तरह से प्रताड़ित करने के साथ ही उसे मारा पीटा जाता है तथा जान से मारने की धमकी दी जाती है। मामले में नगर पुलिस ने आरोपी सास सुरेमना देवी पत्नी सोमई प्रसाद, बलराम पुत्र सोमई प्रसाद, शीला पत्नी बलराम गुप्ता व शिवशंकर पुत्र बलराम गुप्ता निवासीगण भूअर सराय थाना नगर के विरूद्ध धारा 498ए, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## बहला फुसला कर लड़की को भगाने में पांच पर केस

**बस्ती ।** शादी करने की नीयत से युवती को आरोपी अपने सहयोगियों की मदद से बहला फुसला कर भगा ले गया। मामले में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाने पर तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी को शादी करने की नीयत से आरोपी सत्या गौतम अपने साथियों के साथ मिलकर बहला फुसला कर भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी सत्या गौतम पुत्र अलगन निवासी बखरिया थाना रुधौली, संदीप, सुरज, छोटू तथा सत्या के मौसी का लडके के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

# शराबी पति ने पत्नी को पीटा, एफआईआर

**बस्ती ।** शराब के नशे में धुत पति ने अपनी पत्नी को गालियां देते हुए मारा पीटा जिससे उसके कमर की हड्डी टूट गयी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पंकज टाकीज स्टेशन रोड निवासिनी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति रामसिंह द्वारा शराब पीकर उसकी पिटाई की गयी। जिससे उसके कमर की हड्डी टूट गयी। मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी पति रामसिंह पुत्र चन्नी सोनकर निवासी स्टेशन रोड, थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 323, 325, 504, 506, 498ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# थानाध्यक्ष ने पुलिस कर्मियों के साथ की बैठक

**छावनी।** स्थानीय थाना परिसर में रविवार को रमजान त्यौहार के मद्देनजर थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने कर्मचारियों के साथ बैठक किया। कहा कि त्यौहार परम्परागत रूप से सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होने आगामी चुनाव के मद्देनजर लोगो से समस्याएं पूछी। उन्होने सभी बीपीओ को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक गांव से कम से कम दस-दस लोगो का नाम व मोबाइल नंबर अपनी डायरी में जरूर रखें जिससे सूचनाएं आसानी से इकट्ठा की जा सकें। उन्होने कहा कि कही भी किसी भी प्रकार का विवाद हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। इस मौके पर सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# शराब पीकर एक व्यक्ति की पिटाई, मुकदमा

**बस्ती ।** शराब पीकर अभियुक्त ने एक व्यक्ति की जमकर पिटाई किया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थाना क्षेत्र के बढ़या राजा गांव में शराब के नशे में वेद प्रकाश उर्फ झिन्ना ने सीताराम को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सीताराम पुत्र पटई निवासी बढया राजा थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वेद प्रकाश उर्फ झिन्ना पुत्र कृष्ण कुमार चन्द्र निवासी बढयाराजा थाना रूधौली के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# गोपाल कृष्ण चौधरी बने एसपी बस्ती

लखनऊ। शासन ने देर शाम 11 आईपीएस अधिकारियों को तबादला किया है। इसके तहत ललितपुर के पुलिस अधीक्षक रहे गोपाल कृष्ण चौधरी को बस्ती का एसपी बनाया गया है। वहीं, बस्ती के एसपी रहे आशीष श्रीवास्तव का तबादला मुख्यालय पुलिस महानिदेशक किया गया है।

# पति पर दर्ज कराया मुकदमा

बस्ती। पुरानी बस्ती ने शराब पीकर पत्नी को अपशब्द कहने व मारपीट कर कमर की हड्डी तोड़ देने के आरोप में उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में पीड़िता ने बताया कि स्टेशन रोड निवासी उसके पति राम सिंह उसे शराब पीकर अक्सर अपशब्द कहते हैं। मना करने पर मारते-पीटते हैं। चोट लगने से उनके कमर की हड्डी टूट गई।

# मारपीट में चार नामजद

बस्ती। कप्तानगंज पुलिस ने मंझरिया गांव में मारपीट के एक मामले में चार लोगों के खिलाफ एससीएसटी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। मंझरिया के विशाल ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षी शनिवार को देर शाम करीब साढ़े सात बजे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारने-पीटने लगे। पुलिस ने उसी गांव के अजय, प्रशोत्न, दिनेश व विजय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# लिपिक समेत दो के खिलाफ केस

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने जमीन बेचने के लिए रुपये लेकर हड़पने के आरोप में केस दर्ज किया है। आरोपितों में गोंडा जिले के तहसील तरबगंज के उपनिबंधक कार्यालय में कार्यरत लिपिक राजेश पांडेय का नाम भी शामिल है। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के गाउखोर निवासी गोविंदनाथ पांडेय ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने जमीन का बैनामा करने के लिए साढ़े लाख रुपया ले लिया है।

जमीन का बैनामा नहीं किया। जब पैसा वापस मांगा तो अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी जाने लगी और पैसा देने से इंकार कर दिया। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कैड़ीकोल बुजुर्ग निवासी राम अशीष और लिपिक उपनिबन्धन कार्यालय तरबगंज तहसील तरबगंज जिला गोण्डा राजेश पांडेय पर धारा 406, 504, 506 के तहत केस दर्ज किया गया है।

# विवाद के बाद छप्पर में लगी आग

सल्टौआ। सोनहा थाना क्षेत्र के आहर गांव में रविवार सुबह रिहायशी छप्पर में अचानक आग लग गई। ग्रामीण शोर मचाने लगे। सूचना पर पहुंची सोनहा पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। गांव निवासी राज नारायन का पूरा परिवार पक्का मकान में रहता है। फूस के मकान में उनका बड़ा बेटा रामपाल और उसकी पत्नी रेनू रहती है।

बताया जा रहा है कि शनिवार को पारिवारिक विवाद हो गया था। आपस में मारपीट की नौबत आ गई। इसी बीच अचानक झोपड़ी में आग लग गई। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया राजनारायन, शारदा देवी, रामपाल व रेनू को शांतिभंग में पाबंद कर एसडीएम कोर्ट भेज दिया गया।

# सुर्खियों में रहा पूर्व एसपी का दो साल का कार्यकाल

## तबादला

**बस्ती, निज संवाददाता।** जनपद में करीब दो साल का कार्यकाल पूरा करने वाले आईपीएस आशीष श्रीवास्तव की कार्यशैली हमेशा सुर्खियों में रही। रुधौली का अखंड अपहरण कांड रहा हो या हाल के दिनों में कप्तानगंज में एटीएम को काटकर लाखों की चोरी की बड़ी वारदात। एसपी आशीष की टीम ने इन घटनाओं का खुलासा कर खूब वाहवाही बटोरी। लंबे समय तक जिले में टिके रहने के साथ सब तक उनकी पहुंच ने उनकी लोकप्रियता भी बढा दी थी।

रविवार को शासन स्तर से ललितपुर के पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी को बस्ती का नया पुलिस अधीक्षक बना दिया गया है। बस्ती जनपद में बतौर पुलिस अधीक्षक 2013 के बैच के आईपीएस आशीष श्रीवास्तव ने 21 मार्च 2021 को कार्यभार संभाला था। अगामी 20 मार्च को उनके कार्यकाल का दो साल पूरा होने वाला था। त्वरित एक्शन के लिए पहचाने जाने वाले आशीष श्रीवास्तव ने जिले में तैनात दो थानेदारों को चौकी प्रभारी बना दिया था। उनके इस फैसले की खूब चर्चा रही। बड़ी घटनाओं में खुद सबसे पहले मौके पर पहुंचकर लीड करने वाले पूरब एसपी के कार्यकाल में करीब 50 एनकाउन्टर भी हुए और कई शातिर बदमाश सलाखों के पीछे पहुंचे। इस बीच जनता द्वारा जिले के आधा दर्जन थानों पर प्रदर्शन/ घेराव, स्वाट और एसओजी समेत गठित कई अन्य टीमों द्वारा वसूली, मारपीट, कब्जा समेत लगे आरोप भी चर्चा में छाए रहे।



आशीष श्रीवास्तव, पूर्व एसपी

- 21 मार्च 2021 को संभाला था बस्ती के एसपी का कार्यकाल
- अखंड अपहरणकांड व एटीएम में चोरी का खुलासा रही बड़ी उपलब्धि




नगर पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए फरार वारंटी। • हिन्दुस्तान

# पुलिस ने दस वारंटियों को किया गिरफ्तार

बस्ती। नगर पुलिस ने कई दिनों से फरार चल रहे 10 वांरटियों को गिरफ्तार किया है। इनके न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। थानाध्यक्ष जर्नादन प्रसाद ने बताया कि रविवार को थाने की टीमों ने दबिश देकर इनमें से नौ वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। मारपीट, एससी-एसटी समेत अन्य मुकदमों से संबंधित वारंटी इसमें शामिल हैं।

गिरफ्तार किए गए वारंटियों में माधवलाल, हीरालाल, कुन्नू, प्रभात सिंह, बलजोर निवासी धौरहरा थाना नगर, अकबर अली निवासी ओठगनपुर थाना नगर, उमाशंकर निवासी तेनुई थाना नगर, रामजनम निवासी पोखरा, पन्नालाल निवासी गोटवा और मनीष राजभर निवासी दुबखरा थाना नगर शामिल हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानेदार के साथ चौकी प्रभारी फुटहिया प्रदीप सिंह, एसआई मैनेजर यादव, श्रवण यादव, शशिशेखर सिंह, मुख्य आरक्षी मनोज यादव, महेंद्र यादव, अंशुल यादव, आरक्षी विवेक सिंह, सुनील चौहान, धनवंत गुप्ता, संत प्रजापति, राम सिंह यादव शामिल रहे।

# शराब पीकर चलाई बस तो होगी कार्रवाई

**सख्ती**



- रोडवेज ने निगम व अनुबंधित बस चालकों के खिलाफ की सख्ती
- कई दुर्घटनाओं के बाद निगम की ओर से जारी हुआ फरमान

**बस्ती, निज संवाददाता।** शराब पीकर बस चलाने वाले चालकों की अब खैर नहीं। ब्रेथएनालाइजर टेस्ट में चालक यदि पॉजिटिव मिले तो उनके साथ संबंधित अधिकारी भी नपेंगे। इसके अलावा ज्वलनशील पदार्थ ले जाने पर परिचालकों के ऊपर नजर रखी जाएगी और यदि ऐसे सामान मिले तो वह दंडित होंगे। ए

प्रधान प्रबंधक संचालन आशुतोष गौड़ ने इससे संबंधित पत्र जारी किया है। कहा है कि बस संचालन के दौरान चालकों के मोबाइल प्रयोग से घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा बस में ज्वलनशील पदार्थ ले जाने, नशे के हालत में चालकों द्वारा बस संचालन किए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसे में ब्रेथएनालाइजर टेस्ट नियमित किया किए जाने की जरूरत है।

उन्होंने मेरठ डिपो की बस दुर्घटना का जिक्र करते हुए सुधार के निर्देश दिए हैं।

अधिकारियों द्वारा काउंसिलिंग के दौरान क्रेन को सचेत न किए जाने पर भी नाराजगी जताई है। बताया कि चालकों की नियमित जांच हो और बस के अंदर यह देखा जाए कि ज्वलनशील पदार्थ न हो। ऐसा मिलने पर चालक व परिचालक को दंडित किया जाए। आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों की हादसे में जान तक गंवानी पड़ती है। इसको लेकर परिवहन विभाग सख्त हो गया है। इससे हादसों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

परिवहन विभाग इसको लेकर लगातार पहल कर रहा है। जिससे किसी को भी यात्रा सुरक्षित रहे व गंतब्स तक पहुंचे।

## नियमिति ब्रेथएनालाइजर टेस्ट नहीं होता

रोडवेज बस्ती डिपो में चालक-परिचालक का ब्रेथएनालाइजर टेस्ट नियमित नहीं होता। ऐसे में यह पता नहीं चलता है कि चालक नशे में है या नहीं। सिर्फ अभियान में ही ब्रेथएनालाइजर टेस्ट याद आता है। हालांकि अब सख्ती शुरू हुई है। तो नियमित जांच होगी। एआरएम आयुष भटनागर ने बताया कि पत्र मिला है। अभियान लाकर चालकों-परिचालकों को जागरूक किया जा रहा है।

# थाने के पास शव दफनाने से पुलिस ने रोका

- गाटा संख्या 21 में 126 एयर कब्रिस्तान के नाम से दर्ज है
- ग्रामीणों का आरोप है कि चार माह पूर्व कब्रिस्तान की पैमाइश हुई थी

**दुबौलिया, हिंस।** जिले के दुबौलिया थाना पुलिस खुद भूमि विवाद में उलझ गई है। दुबौलिया थाना क्षेत्र के दरियौना गांव निवासी एक व्यक्ति की रविवार को मौत हो गई। परिवार के लोग गांव के बगल कब्रिस्तान की भूमि में शव दफन करने के लिए गड्ढा खोदने पहुंचे तो दुबौलिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। उस जगह को थाने की जमीन बता कर गड्ढा खोदने से मना कर दिया। बाद में दूसरी जगह शव दफन किया गया।

एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद ने बताया कि कब्रिस्तान मे इससे पहले कोई शव नहीं रखा गया था। इसके लिए उच्च अधिकारियों से ग्रामीण अनुमति ले लें, तभी शव रखने दिया जाएगा। नवनिर्मित दुबौलिया थाने का भवन जो दरियौना गांव से सटे हुए गाटा संख्या 21 में 126 एयर कब्रिस्तान के नाम से दर्ज है। लेकिन दुबौलिया पुलिस ने यह कहते हुए शव दफन करने से मना कर दिया कि इस कब्रिस्तान में अभी तक कोई शव नहीं दफन हुआ है। ऐसे में आप लोग जहां पहले शव दफन करते थे, वहां पर शव दफन करें। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि चार माह पूर्व कब्रिस्तान की भूमि की पैमाइश हुई थी। थानाध्यक्ष विनय पाठक ने बताया की मृतक इसी थाने का चौकीदार था। अगस्त महीने में पैमाइश हुई थी, गांव के बगल बगीचे में जहां पहले से परम्परागत शव को दफन करते थे, लोगों को समझा-बुझाकर शव को बगीचे मे दफन करवा दिया गया है।

# दो सदस्यीय टीम करेगी प्रसूता की मौत की जांच

हि फॉलोअप

बस्ती, निज संवाददाता। कुसौरा बाजार, कलवारी के एक निजी अस्पताल में हुई प्रसूता की मौत की जांच दो सदस्यीय टीम करेगी। टीम में एसीएमओ डॉ. एके मिश्रा व नगरीय स्वास्थ्य के नोडल ऑफिसर डॉ. एके कुशवाहा को शामिल किया गया है। तीन मार्च को प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई थी। अस्पताल अवैध रूप से संचालित होने के कारण संचालक घटना के बाद से अस्पताल बंद करके फरार हो गया है।

पड़ोसी जिले के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा पिछले तीन साल से बस्ती-कलवारी मार्ग पर स्थित कुसौरा बाजार में एक किराए के मकान में निजी अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। अस्पताल में धड़ल्ले से गर्भवती व अन्य मरीजों का इलाज किया जा रहा था। अवैध रूप से संचालित इस अस्पताल में ऑपरेशन का काम भी अप्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा किया जा रहा था। तीन मार्च को एक प्रसूता का ऑपरेशन उक्त चिकित्सक द्वारा किया गया था, बाद में उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि मामला स्थानीय थाने तक पहुंचा था, लेकिन पुलिस वालों ने घटना की सूचना स्वास्थ्य विभाग को नहीं दी। बाद में अस्पताल संचालक ने पीड़ित परिवार से समझौता करके शिकायत को वापस करवा लिया। मामला स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में आने के बाद अब घटना की जांच की जा रही है। सीएमओ डॉ. आरपी मिश्र ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच कमेटी का गठन किया है।



गैंगस्टर के आरोपितों के घर पर रविवार को डुग्गी-मुनादी कर कुर्की का नोटिस चस्पा कराते थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह।

# गैंगस्टर के आठ आरोपितों के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

- पुलिस ने अवैध शराब बनाने के आरोपितों पर लगाया था गैंगस्टर
- मुकदमे के विवेचक थानाध्यक्ष लालगंज ने कराई डुग्गी-मुनादी

महादेवा/ बनकटी, हिसं। गैंगस्टर में फरार चल रहे आठ आरोपितों के घर पर रविवार को डुग्गी-मुनादी कराकर थानाध्यक्ष लालगंज ने कुर्की की नोटिस चस्पा किया। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि अगर आरोपी जल्द ही न्यायालय में हाजिर नहीं होते हैं तो कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

मुंडेरवा थाने में अवैध शराब बनाने व बेचने का काम करने के आरोप में आठ लोगों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। इस मुकदमे की विवेचना थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह को सौंपी गई है। विवेचक महेश सिंह ने बताया कि गैंगस्टर में आरोपी शनि करवल, गुड्डी देवी पत्नी रोमी करवल, रूस्तम देवी पत्नी मनोहर, श्याम कुमारी पत्नी लाल सिह, नाजिमा देवी पत्नी श्याम, बसन्ती पत्नी सुनील करवल, मुनिया और रूमी उर्फ रूपा देवी निवासी करवल कॉलोनी किठुरी थाना मुंडेरवा गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद से फरार चल रहे हैं।

कोर्ट के आदेश पर उनके खिलाफ कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत रविवार को पुलिस टीम करवल कॉलोनी मुंडेरवा पहुंची और इन सभी आरोपितों के नाम की डुग्गी-मुनादी कराकर कुर्की की कार्रवाई होने की जानकारी दी गई। इनके घरों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। न्यायालय में हाजिर न होने की दशा में कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# 15 से बिजलीकर्मी करेंगे कार्य बहिष्कार

■ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने जताया आक्रोश
■ ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू कराने की कर रहे मांग

बस्ती, निसं। बिजली कर्मचारी 15 मार्च से कार्य बहिष्कार शुरू करेंगे। 16 मार्च की रात 10 बजे से कर्मी 72 घंटे की हड़ताल पर चले जाएंगे। इससे भी अगर बात नहीं बनी तो जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। इससे पहले चेतावनी स्वरूप 14 मार्च को मशाल जुलूस निकाला जाएगा। बिजली कर्मी ऊर्जा मंत्री से हुए समझौते की अनदेखी से आक्रोशित हैं। समझौते को लागू न कराने की दशा में उन्होंने आंदोलन का अल्टीमेटम दे रखा है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऊर्जा निगमों में टकराव को टालने के लिए सीएम से हस्तक्षेप की मांग की है।

संघर्ष समिति की रविवार को मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक में कहा गया कि ऊर्जा मंत्री अरविन्द शर्मा, सीएम के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी के साथ तीन दिसम्बर 2022 को हुए लिखित समझौते का क्रियान्वयन न होने से बिजली कर्मियों में भारी रोष व्याप्त है।



मुख्य अभियंता कार्यालय पर आंदोलन को लेकर बैठक करते कर्मचारी नेता।

संघर्ष समिति के जिला संयोजक अशर्फी लाल ने आरोप लगाया कि समझौते के क्रियान्वयन में सबसे बड़ी बाधा ऊर्जा निगमों के चेयरमैन का रवैया है, जो ऊर्जा मंत्री जी के साथ हुए समझौते को मानने से इंकार कर रहे हैं। चेतावनी दी कि यदि 16 मार्च तक ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते का क्रियान्वयन सुनिश्चित न किया गया तो 16 मार्च की रात दस बजे से बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियंता एवं निविदा/ संविदा कर्मी 72 घंटे की हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे। जिससे उत्पन्न होने वाली किसी भी परिस्थिति का पूर्ण उत्तरदायित्व शीर्ष प्रबंधन का होगा। अरुण कुमार उपाध्याय, मनोजयादव, जितेंद्र मौर्या, अभय कुमार, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद मेहताब, अशोक चंद्र पाल, प्रिंस कुमार, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर के आरोपितों के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

**जासं, मुंडेरवा, बस्ती:** लालगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे आठ आरोपितों के घर पर रविवार को डुग्गी-मुनादी कराकर कुर्की की नोटिस चस्पा किया। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि अगर आरोपित न्यायालय में हाजिर नहीं होते हैं तो कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। मुंडेरवा थाने में अवैध शराब बनाने व बेचने का के आरोप में आठ लोगों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि गैंगस्टर में आरोपित शनि करवल, गुड्डी देवी पत्नी रोमी करवल, रूस्तम देवी पत्नी मनोहर, श्याम कुमारी पत्नी लाल सिह, नाजिमा देवी पत्नी श्याम, बसंती पत्नी सुनील करवल, मुनिया और रूमी उर्फ रूपा देवी निवासी करवल कालोनी किठुरी थाना मुंडेरवा गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद से फरार चल रहे हैं।

# फरार चल रहे दस वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जासं, बस्ती:** नगर पुलिस ने कई दिनों से फरार चल रहे 10 वांरटियों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट (एनबीडब्लू) जारी किया गया था। थानाध्यक्ष नगर जर्नादन प्रसाद ने बताया कि रविवार को दबिश देकर इनमें से नौ वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

मारपीट, एससी-एसटी समेत अन्य मुकदमों से संबंधित वारंटी इसमें शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में माधवलाल, हीरालाल, कुन्नू, प्रभात सिंह, बलजोर निवासी धौरहरा थाना नगर, अकबर अली निवासी ओठगनपुर थाना नगर, उमाशंकर निवासी तेनुई थाना नगर, रामजनम निवासी पोखरा, पन्नालाल निवासी गोटवा और मनीष राजभर निवासी दुबखरा थाना नगर शामिल हैं।

# दहेज उत्पीड़न में तीन पर मुकदमा

**बस्तीः** सोनहा पुलिस ने सिसवा खुर्द गांव की पीड़िता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में तीन आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति प्रिंस शुक्ला, ससुर दिलीप शुक्ला और सास गुड़िया देवी दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करती हैं। उन लोगों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर अपशब्द कहते हुए धमकी दी और इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो व वीडियो अपलोड किया। पुलिस तीनों पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश कर रही है।

# छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, छावनी, बस्ती:** छावनी पुलिस ने नाबालिग अनुसूचित किशोरी से छेड़खानी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। छह मार्च को आरोपित ने गांव के बाहर खेत में किशोरी को अकेला देखकर छेड़खानी किया था। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के धौरहरा चौहान निवासी बीरू सिंह पुत्र राम अवध के खिलाफ एससीएसटी, पोक्सो, धमकाने व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया था, तभी से आरोपित फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआइ वीरेन्द्र यादव, आरक्षी शिवम सिंह, पंकज यादव, अरुण शामिल रहे।

# लिपिक समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने जमीन बेचने के लिए रुपये लेकर वापस न करने के एक मामले में दो आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों में गोंडा जिले के तहसील तरबगंज के उपनिबंधक कार्यालय में कार्यरत लिपिक राजेश कुमार पांडेय भी शामिल है। मामले में वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के गाउखोर निवासी गोविंदनाथ पांडेय ने तहरीर दी। आरोप लगाया कि कप्तानगंज थानाक्षेत्र के कैड़ीकोल बुजुर्ग निवासी रामाशीष व लिपिक राजेश पांडेय ने जमीन बैनामा करने के लिए साढ़े छह लाख रुपये लिए थे। जमीन का बैनामा नहीं किए।

## पति पर दर्ज कराया मुकदमा

**बस्ती:** पुरानी बस्ती ने शराब पीकर पत्नी को अपशब्द कहने व मारपीट कर कमर की हड्डी तोड़ देने के आरोप में उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि स्टेशन रोड निवासी उसके पति राम सिंह उसे शराब पीकर अक्सर अपशब्द कहते हैं। मना करने पर मारते-पीटते हैं। चोट लगने से उनके कमर की हड्डी टूट गई। (जासं)

## मारपीट में चार पर नामजद मुकदमा दर्ज

**बस्ती:** कप्तानगंज पुलिस ने मंझरिया गांव में मारपीट के एक मामले में चार लोगों के खिलाफ एससीएसटी समेत अन्य धाराओं में केस मुकदमा किया है। तहरीर में मंझरिया के विशाल ने आरोप लगाया कि विपक्षी शनिवार को देर शाम करीब साढ़े सात बजे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारने-पीटने लगे। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने उसी गांव के अजय, प्रशोत्न, दिनेश व विजय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। (जासं)

# पूर्व प्रधान पर टिप्पणी करने पर तीन को जेल

**जासं, टिनिच, बस्ती:** पूर्व प्रधान के साथ बीच रास्ते में विवाद करना, धमकी देना और उसके बाद इंटरनेट मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करना तीन लोगों को भारी पड़ गया। पुलिस ने तीनों को एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां शांतिभंग की आशंका में जेल भेज दिया गया।

गौर थाने के टिनिच चौकी क्षेत्र के बेतौहा निवासी पूर्व प्रधान रमेश निषाद ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि शनिवार को वह बस्ती से घर आ रहे थे। पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में गांव के पवन पुत्र नंद लाल, चंदन व रामगनी पुत्र गिरधारी उनके साथ कुआनो नदी के गटरा पुल के पास अभद्रता किया और धमकी दी।

इससे पूर्व में पवन ने अपने फेसबुक पर पूर्व प्रधान रमेश निषाद के बारे में अभद्र टिप्पणी भी किया। चौकी प्रभारी टिनिच दुर्गा प्रसाद पांडेय ने तीनों को हिरासत में लेकर एसडीएम भानपुर अतुल आनंद के न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से तीनों को चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# पूर्व महिला प्रधान के साथ हुई मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

**जासं, पैकोलिया, बस्ती:** पैक्षेत्र के असनहरा गांव में पूर्व प्रधान के बेटे को साइकिल से ठोकर मारने को लेकर उपजे विवाद में पूर्व महिला प्रधान के साथ हुई मारपीट व छिनैती के मामले में पैकोलिया पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पैकोलिया थाना क्षेत्र के असनहरा गांव में पूर्व महिला प्रधान के बेटे को साइकिल से ठोकर मारने को लेकर हुए विवाद में समुदाय विशेष के लोग पूर्व महिला प्रधान के घर चढ़कर मारपीट की थी। पुलिसिया कार्रवाई नहीं होने पर पीडित ने अपने घर पर गांव से पलायन करने का पोस्टर लगा दिया था। मीना देवी के तहरीर पर 8 नामजद सहित कुल 11 लोगों पर अनुसूचित उत्पीड़न, मारपीट, बलवा, छिनैती की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही थी। उपनिरीक्षक मुनीन्द्र त्रिपाठी, आरक्षी विजय प्रकाश दीक्षित ने आरोपित सैदा हुसैन पुत्र अब्दुल वाहिद और नियामत अली पुत्र शाहिद इस को उनके घर से गिरफ्तार किया।

# थाने की जमीन बताकर पुलिस ने नहीं दफन करने दिया शव

- दुबौलिया थाने की जमीन से सटा है कब्रिस्तान
- समझा-बुझाकर शव को बगीचे में करवा गया दफन

**जासं, दुबौलिया, बस्ती:** कब्रिस्तान में शव दफन को लेकर आमजन के जमीनी विवाद को सुलझाने वाली पुलिस खुद ही जमीनी विवाद में उलझ गई। रविवार को दुबौलिया थाना क्षेत्र के दरियौना गांव निवासी एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। परिवार के लोग गांव के बगल कब्रिस्तान की भूमि में शव दफन करने के लिए गड्ढा खोदने पहुंचे तो दुबौलिया पुलिस ने उसे थाने की जमीन बता कर गड्ढा खोदने से मना कर दिया। बाद में दूसरी जगह शव दफन किया गया।

नवनिर्मित दुबौलिया थाने का भवन जो दरियौना गांव से सटे हुए गाटा संख्या 21 में 126 एयर कब्रिस्तान के नाम से दर्ज है। लेकिन दुबौलिया पुलिस ने यह कहते हुए शव दफन करने से मना कर दिया कि इस कब्रिस्तान में अभी तक कोई शव नहीं दफन हुआ है। ऐसे में आप लोग जहां पहले शव दफन करते थे, वहां पर शव दफन करें। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि चार माह पूर्व कब्रिस्तान की भूमि की पैमाइश हुई थी।

वह लोग जहां गड्ढा खोद रहे थे वह कब्रिस्तान की जमीन बताई गई थी। लेकिन पुलिस थाना भवन से कब्रिस्तान सटा होने के कारण शव नहीं दफन करने दे रही है। एसडीएम हर्रैया गुलाबचंद ने बताया कि कब्रिस्तान में इससे पहले कोई शव दफन नहीं किया गया था, जहां पहले परंपरागत स्थान पर शव दफन करते थे, वहीं दफन करवा दिया गया। नवागत थानाध्यक्ष विनय कुमार पाठक ने बताया की मृतक इसी थाने का चौकीदार था। अगस्त महीने में पैमाइश हुई थी, लेकिन काफी वर्षों से कोई शव दफन नहीं हुआ है। गांव के बगल बगीचे में जहां पहले से शव को दफन करते थे, समझा-बुझाकर शव को बगीचे में दफन करवा दिया गया है।

# मिल चलाने को लेकर भाकियू ने दिया धरना

**जासं, गनेशपुर, बस्ती:** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने रविवार को वाल्टरगंज शुगर मिल गेट पर धरना देकर मिल को चलवाने की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष हृदय राम वर्मा ने कहा कि वर्ष 2018 से वाल्टरगंज चीनी मिल बंद है। इससे हजारों किसान और श्रमिक प्रभावित हैं। लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। नायब तहसीलदार सदर घनश्याम शुक्ला को पदाधिकारियों ने 5 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

भाकियू के पूर्वांचल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोभाराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी है। किसानों का जिस सरकार ने उपेक्षा किया है उसका पतन हो जाता है। गन्ना किसानों का करोड़ों रुपये चीनी मिल पर बकाया है। लेकिन सरकार इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। मंडल उपाध्यक्ष जयराम वर्मा ने कहा कि नकदी फसल के रूप में किसान गन्ना की खेती करते थे।



वाल्टरगंज चीनी मिल गेट पर पंचायत में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी ● जागरण

मिल बंद होने से किसानों का गन्ने की खेती के प्रति मोहभंग होता जा रहा है। यदि मिल नहीं चलाई गई तो निश्चित ही बड़ा आंदोलन करने को भाकियू बाध्य होगा। मंडल उपाध्यक्ष राम मनोहर चौधरी ने कहा कि वाल्टरगंज चीनी मिल का अधिग्रहण करके मुंडेरवा की भांति चलाया जाए। जिला उपाध्यक्ष गनी राम चौधरी ने फसलों को बेसहारा पशुओं से हो रहे नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की। जटाशंकर पांडे, राम चौधरी, पारसनाथ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने अपनी जमीन बताकर दफन नहीं करने दिया शव

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**दुबौलिया।** आमजन के जमीनी मामले को सुलझाने का दावा करने वाली पुलिस खुद ही जमीनी विवाद में उलझ गई। दुबौलिया थाना क्षेत्र के दरियौना गांव निवासी एक व्यक्ति की रविवार को मौत हो गई।

परिवार के लोग गांव के बगल कब्रिस्तान में उसे दफन करने के लिए कब्र खोदने पहुंचे, तो दुबौलिया पुलिस ने उन्हें थाने की जमीन बता कर कब्र खोदने से मना कर दिया। बाद में दूसरी जगह शव दफन किया गया।

नवनिर्मित दुबौलिया थाने का भवन जो दरियौना गांव से सटे हुए गाटा संख्या-21 में 126 एयर कब्रिस्तान के नाम से दर्ज है, लेकिन दुबौलिया पुलिस ने यह कहते हुए शव दफन करने से मना कर दिया कि इस कब्रिस्तान में अभी तक कोई शव दफन नहीं हुआ है। ऐसे में आप लोग जहां पहले शव दफन करते थे, वहां करें।

**लोगों के अनुसार दुबौलिया थाने से सटा कब्रिस्तान गाटा संख्या-21 में है दर्ज**

वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि चार माह पूर्व कब्रिस्तान की भूमि की पैमाइश हुई थी। वह लोग जहां कब्र खोद रहे थे वह कब्रिस्तान की जमीन बताई गई थी, लेकिन थाने से कब्रिस्तान सटा होने के कारण पुलिस शव दफन करने नहीं दे रही है।

एसडीएम हरैया गुलाबचंद ने बताया कि उक्त कब्रिस्तान में इससे पहले कोई शव दफन नहीं किया गया। जहां पहले परंपरागत स्थान पर शव दफन करते थे वहीं किया जाए। थानाध्यक्ष विनय कुमार पाठक ने बताया कि मृतक इसी थाने का चौकीदार था।

अगस्त में पैमाइश हुई थी, लेकिन काफी साल से कोई शव दफन नहीं हुआ है। गांव के बगल बगीचे में जहां पहले से शव दफन करते थे, समझा-बुझाकर शव को बगीचे में दफन करा दिया गया है।

# पूर्व महिला प्रधान के घर पर धावा बोलने के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बृहस्पतिवार शाम गांव के दूसरे समुदाय के लोगों से बच्चों के कारण हुआ था विवाद**

**पैकोलिया।** थाना क्षेत्र के असनहरा गांव की पूर्व महिला प्रधान से दूसरे समुदाय के विवाद के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। मामले में नामजद छह अन्य लोग अभी फरार हैं।

थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के असनहरा गांव की पूर्व प्रधान मीना देवी पत्नी काली प्रसाद के शिकायती पत्र पर दूसरे समुदाय के आठ नामजद समेत चार अज्ञात के विरुद्ध बलवा, मारपीट, छिनैती व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेष मणि उपाध्याय कर रहे हैं। सीओ के निर्देश पर वारदात में शामिल आरोपी असनहरा गांव निवासी सैदा हुसैन व नियामत अली को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

पुलिस का कहना है कि इस मामले में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। इस मामले को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा एसएसआई मुनीन्द्र त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल इरशाद खां, विजय प्रकाश दीक्षित, रामसुरेश यादव, कांस्टेबल सोनू यादव, जीवन प्रताप सिंह, रूपेश यादव शामिल रहे।

# शांतिभंग की आशंका में चार लोग गिरफ्तार

**सोनहा।** थानाक्षेत्र के आहर गांव में पारिवारिक विवाद व मारपीट के बीच फूस के मकान में आग लग गई। आग की लपटें देख ग्रामीणों ने किसी तरह बुझाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को शांतिभंग की आशंका के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्र के आहर गांव निवासी राज नारायन का पूरा परिवार पक्के मकान में रहता है। घर से दक्षिण 20 मीटर की दूरी पर फूस के मकान में बड़ा लड़का रामपाल और उसकी पत्नी रेनू रहती है।

शनिवार रात रामपाल व राजनारायन में झगड़ा हो गया। रात में झगड़ा शांत होने के बाद रविवार सुबह फिर विवाद उत्पन्न हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इतने में एकाएक फूस का मकान जलने लगा।

प्रभारी निरीक्षक सोनहा रवीन्द्र सिंह ने बताया कि राज नारायन, शारदा देवी, रामपाल व रेनू का शांति भंग करने के आरोप में चालान किया गया है। संवाद

## पत्नी ने दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

**बस्ती।** पुरानी बस्ती ने शराब पीकर पत्नी को अपशब्द कहने व पीटकर कमर की हड्डी तोड़ देने के आरोप में उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर में पीड़िता ने बताया कि स्टेशन रोड निवासी उसके पति राम सिंह शराब पीकर अक्सर अपशब्द कहते हैं। मना करने पर मारपीट करते हैं। इससे उसकी कमर की हड्डी टूट गई। संवाद

## किशोरी से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**विक्रमजोत।** छावनी पुलिस ने नाबालिग किशोरी से छेड़खानी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कर लिया। छह मार्च को आरोपी ने गांव के बाहर खेत में किशोरी को अकेला देखकर छेड़खानी की थी। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के धौरहरा चौहान निवासी बीरू सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। अनुसूचित जाति की किशोरी के परिजनों ने बीरू सिंह के ऊपर एसएसटी, पॉक्सो, धमकाने व छेड़खानी का मामला दर्ज कराया था। संवाद

# दहेज उत्पीड़न में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने सिसवा खुर्द गांव की पीड़िता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति प्रिंस शुक्ला, ससुर दिलीप शुक्ला और सास गुड़िया देवी दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करती हैं। उन लोगों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर अपशब्द कहते हुए धमकी दी और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो व वीडियो अपलोड किया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

# भूमि खरीद फरोख्त में दो के खिलाफ केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने जमीन बेचने के लिए रुपये लेकर वापस न करने के एक मामले में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों में गोंडा की तहसील तरबगंज के उपनिबंधक कार्यालय में कार्यरत लिपिक राजेश कुमार पांडेय भी शामिल हैं। इस संबंध में वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गाउखोर निवासी गोविंदनाथ पांडेय ने तहरीर दी। इसमें आरोप लगाया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कैड़ीकोल बुजुर्ग निवासी राम आशीष और लिपिक राजेश कुमार पांडेय ने जमीन का बैनामा करने के लिए साढ़े छह लाख रुपये लिए थे। जमीन का बैनामा नहीं किया और रुपये मांगने पर धमकी देने लगे। संवाद

# गैंगस्टर के आठ आरोपियों के घर कुर्की का नोटिस

## मुंडेरवा पुलिस ने अवैध रुप से शराब बनाने के आरोप में किया था निरुद्ध

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे आठ आरोपियों के घर पर रविवार को डुग्गी-मुनादी कराकर थानाध्यक्ष लालगंज ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

मुंडेरवा थाने में अवैध रूप से शराब बनाने व बेचने के आरोप में आठ लोगों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। इस मुकदमे की विवेचना थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह को सौंपी गई है। विवेचक महेश सिंह ने बताया कि गैंगस्टर में आरोपी शनि करवल, गुड्डी देवी पत्नी रोमी करवल, रुस्तम देवी पत्नी मनोहर, श्याम कुमारी पत्नी लाल सिह, नाजिमा देवी पत्नी श्याम, बसन्ती पत्नी सुनील करवल, मुनिया और रूमी उर्फ रूपा देवी निवासी करवल कॉलोनी किठुरी थाना मुंडेरवा गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद से फरार चल रहे हैं।

कोर्ट के आदेश पर उनके खिलाफ कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत रविवार को पुलिस टीम करवल कॉलोनी मुंडेरवा पहुंची और इन सभी आरोपियों के नाम की डुग्गी-मुनादी कराकर कुर्की की कार्रवाई होने की जानकारी दी गई। इनके घरों पर कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया गया है। न्यायालय में हाजिर न होने की दशा में कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# फरार चल रहे दस वारंटी गिरफ्तार

**नगर बाजार।** नगर बाजार पुलिस ने फरार चल रहे 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था।

थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया कि रविवार को थाने की टीमों ने दबिश देकर इनमें से नौ वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। यह सभी मारपीट, एससी-एसटी समेत अन्य मुकदमों में शामिल हैं।

गिरफ्तार किए गए वारंटियों में माधवलाल, हीरालाल, कुन्नू, प्रभात सिंह, बलजोर निवासी धौरहरा थाना नगर, अकबर अली निवासी ओठगनपुर थाना नगर, उमाशंकर निवासी तेनुई थाना नगर, रामजनम निवासी पोखरा, पन्नालाल निवासी गोटवा और मनीष राजभर निवासी दुबखरा थाना नगर शामिल हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ के अलावा चौकी प्रभारी फुटहिया प्रदीप सिंह, एसआई मैनेजर यादव, श्रवण यादव, शशि शेखर सिंह, मुख्य आरक्षी मनोज यादव, महेंद्र यादव, अंशुल यादव आदि शामिल रहे। संवाद

## एससीएसटी अधिनियम के तहत चार पर रिपोर्ट

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने मंझरिया गांव में मारपीट के एक मामले में चार लोगों के खिलाफ एससीएसटी अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में उसी गांव के विशाल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि विपक्षी शनिवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारने-पीटने लगे। इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने गांव के अजय, प्रशोत्न, दिनेश व विजय के खिलाफ एससीएसटी अधिनियम में मामला दर्ज किया है। संवाद

## किशोरी को ले जाने के आरोप में पांच पर केस

**रुधौली।** किशोरी को शादी का झांसा देकर बहलाफुसला कर भगा ले जाने के संबंध में पुलिस ने पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी सत्या गौतम, संदीप, सूरज, छोटू व सत्या की मौसी के लड़के ने मिलकर उनकी बेटी को गायब किया है। संवाद

## मारपीट में तीन नामजद

**बस्ती।** रस्सी तोड़कर भैंस के खेत में चले जाने को लेकर मारपीट, अश्लील हरकत, धमकी व अपशब्द कहने के एक मामले में सोनहा पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में पीड़िता ने तहरीर दी है, जिसमें गांव के नरेन्द्र, नागेन्द व प्रभात पर आरोप लगाया है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2023

# समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**भनवापुर (एसएनबी)।** त्रिलोकपुर थाना परिसर मे समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। इटवा तहसीलदार धर्म वीर भारती के नेतृत्व में आयोजित बैठक में लोगों की समस्याएं सुनी गई और उसी हिसाब से मामले का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में कुल 12 मामले आये जिसमें से पांच का निस्तारण किया गया।। इस मौके पर इटवा तहसीलदार धर्मवीर भारती ने कहा कि समाधान दिवस में जो भी मामले आ रहे हैं उसका त्वरित निस्तारण करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह, उप निरीक्षक राम प्रताप सिंह, शिव दास गौतम, अजय सिंह, अनिल कुमार, बिजोरा चौकी प्रभारी पप्पू कुमार, विस्कोहर चौकी प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक शिव राम शर्मा, धर्म प्रकाश सोनी, लेखपाल सचिदानंद मिश्रा, यशोदा नंद मिश्रा, गिरीश चंद चौधरी, राम गोपाल श्री वास्तव, विजय कुमार, शिव कुमार वर्मा, देवी लाल गिरी, कमलेश यादव, अशोक कुमार अरदली व हेड कांस्टेबल इंद्रजीत यादव, पंकज सिंह, सज्जाद अंसारी , कांस्टेवल ए ह ते शाम अहमद, तालीमूनदिन खान, ओम प्रकाश पांडेय, क्षेत्र की जनता शिव कुमार गिरी, राम बालक यादव, राम विराम पांडेय, आदि लोग मौजूद थे।

# अभद्र टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग

**बांसी (एसएनबी)।** नगर के प्रतापनगर निवासी राम चौरसिया ने नगर के ही अकबर नगर निवासी फरहान पर प्रभु राम के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली बांसी में शिकायती पत्र देकर आवश्यक कार्यवाही की मांग किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को संबोधित शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता ने कहा है कि अकबर नगर निवासी उपरोक्त फरहान ने मेरे इंस्टाग्राम आईडी का गलत इस्तेमाल करते हुए हिन्दू आस्था के शिरोमणि प्रभु श्रीराम के ऊपर अति निन्दनीय व अभद्र टिप्पणी कर हिन्दू जनमानस की आस्था को ठेस पहुंचाने व उकसाने का जो कार्य किया है वह अक्षम्य है। शिकायतकर्ता के समर्थन में आलोक गुप्ता, मंगल प्रसाद चौरसिया, इं.विजय दूबे, प्रमोद कुमार तथा शुभम शुक्ला आदि ने अभद्र टिप्पणी करने वाले के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने की मांग किया है। शिकायतकर्ता राम चौरसिया ने साक्ष्य के रुप में अपने इंस्टाग्राम की आईडी व उस पर किए गए अभद्र टिप्पणी आदि का स्क्रीन शाट भी पुलिस को उपलब्ध कराया है।

# कार पुलिया से टकराई, चालक घायल

**सकारपार (एसएनबी)।** खेसरहा थाना क्षेत्र के सकारपार चौकी अंतर्गत पेड़ारी चौराहा के आगे बांसी धानी रोड पर अनियंत्रित कार पुलिया से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई । चालक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए सीएचसी धानी ले गए। महराजगंज जिले के धानी बाजार निवासी सागर किसी कार्य से धानी बाजार से बांसी के तरफ जा रहे थे । पेड़ारी चौराहे से पांच सौ मीटर पूरब बनी पुलिया से तेज रफ्तार से आ रही कार टकरा गई जिससे चालक बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों के सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। हालत गम्भीर होने से उसे इलाज़ के लिए धानी अस्पताल पर ले गये। जहां से घायल युवक को मेडिकल कलेज गोरखपुर के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में सकारपार चौकी प्रभारी रमेश ने बताया मामला संज्ञान में है आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# 24 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने रविवार को सनई चौराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पंप तिराहा व साड़ी तिराहा पर वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 24 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 21500 रुपये शमन शुल्क वसूली की कार्रवाई की

# कार पलटी सवारी सुरक्षित

**भनवापुर (एसएनबी)।** थाना त्रिलोकपुर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा कठौतिया राम नाथ के समीप एक अल्टो कार जिसका नम्बर यू के 04-ए.डी.-2643 अनियंत्रित होकर पलट गई। अल्टो कार मे पांच लोग सवार होकर जा थे। सब लोग एक ही परिवार के थे। जिसमें गाड़ी मालिक दिग्विजय नाथ गुप्ता ग्राम सभा परसौना बुआ रायगंज थाना पिपरा जनपद कुशीनगर का रहने



वाला था। जो अपने परिवार के साथ निजी कार परसौना बुआ राय गंज से अल्टो में सवार होकर उत्तरा खंड जा रहे थे। शनिवार को सुबह के समय कठोतिया राम नाथ के समीप जो दुर्गा मन्दिर के पूरब ही पहुंचते ही कार मालिक को हल्का नींद आ जाने से अल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई सभी लोगों को हल्का चोटे आई। निजी प्राइवेट चिकित्सक द्वारा दर्द का दवा सूई लगवा कर पूरे परिवार को उत्तराखंड के लिए रवाना कर दिया गया।

# पांच पर शांतिभंग की कार्रवाई

**लोटन।** लोटन पुलिस ने पांच लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि क्षेत्र के कौलपुर ग्रांट निवासी सुदामा, दीनानाथ, रामप्रकाश, जगदीश व सियाराम के विरुद्ध शांतिभंग में कार्रवाई की गई है।

# रेडीमेड कपड़ा और सुर्ती बरामद

**ककरहवा।** बीओपी लीलाडिहवा के एसएसबी जवानों ने रविवार को पिलर संख्या 542/33 के पास से 120 पीस रेडीमेट कपड़ा, 40 किग्रा सुर्ती पकड़ लिया। एसआई अमोल सिंह चौहान ने बताया कि बरामद सामान को कस्टम को सौंप दिया गया है।

# पेड़ काटने वालों पर पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

डुमरियागंज। पथरा बाजार थाना क्षेत्र के मीरवापुर गांव में नौ मार्च की रात एक व्यक्ति की बाग से कुछ लोग जबरन तीन पेड़ जामुन व दो पेड़ सिंहोर काट कर उठा ले गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इसकी शिकायती पथरा थाने पर की गई पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उसने सीओ से न्याय की गुहार लगाई है।



रविवार को शहर के पुराना नौगढ़ में अतिक्रमण हटाता बुलडोजर।

# न्यायालय के आदेश पर पांच घरों पर चला बुलडोजर

- उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर आया निर्णय
- अवैध ढंग से पांच लोगों ने किया था अतिक्रमण

सिद्धार्थनगर। उच्च न्यायालय में दायर एक याचिका में सुनवाई के बाद हुए निर्णय का अनुपालन करते हुए सदर तहसील प्रशासन ने शहर के ही भू-भाग पुराना नौगढ़ में पांच व्यक्तियों के घरों से अतिक्रमण वाले भाग पर बुलडोजर चलवाया। इस दौरान सुरक्षा के तगड़े इंतजाम थे।

एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र ने बताया कि पुराना नौगढ़ में पांच व्यक्तियों पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के बाद आए फैसले का अनुपालन करते हुए संबंधित व्यक्तियों के घरों पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई है।

# स्तूप का पूजन करेंगे दक्षिण कोरिया के पर्यटक

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** दक्षिण कोरिया से 200 सदस्यीय पर्यटकों का एक दल दो दिवसीय दौरे पर सिद्धार्थनगर आ रहा है। वह यहां के ऐतिहासिक धरोहरों को देखेंगे। कपिलवस्तु स्तूप का पूजन करेंगे। गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े प्रत्येक पहलुओं को जानेंगे। पदयात्रा के माध्यम से वह यहां ग्रामीण परिवेश भी परिचित होंगे। प्रशासन इस तैयारी में जुटा है कि उनकी यह यात्रा एक यादगार बने, इसे लेकर वह अपने ऐतिहासिक धरोहरों की विशेष साफ-सफाई कराने में जुटा है।

दक्षिण कोरिया का पर्यटक दल बुधवार को नेपाल के लुंबिनी से ककरहवा सीमा से जनपद में प्रवेश करेगा। बर्डपुर नंबर चार में रुक कर यह दल ग्रामीण क्षेत्र का अवलोकन करेगा। पहले दिन यह दल कपिलवस्तु स्तूप का दर्शन पूजन करेगा। ऐसे में जिला प्रशासन कपिलवस्तु स्तूप व उसके आस-पास के क्षेत्रों की विशेष साफ-सफाई करा रहा है। इतना ही उन क्षेत्रों की भी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जहां-जहां कोरियाई दल को जाना है। बुधवार की रात पर्यटकों का यह दल सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में रात्रि विश्राम करेगा। उसके बाद दूसरे दिन सुबह यह दल स्तूप पर विशेष पूजन करेगा। यहां से बजहा सागर होते हुए खुनुवा बाजार के पास



कपिलवस्तु स्तूप ● जागरण

अठकोनिया में स्थित आम के बाग का निरीक्षण करेंगे। यह बाग दशहरी आम के उत्पादन के लिए जाना जाता है। यहां से यह दल बानगंगा होते हुए शोहरतगढ़ तहसील के झरुआ गांव में पहुंचेगा। परसा गांव में कुछ समय ठहरने के बाद यह दल फिर आगे बढ़ेगा। बिस्कोहर बाजार होते हुए पर्यटक दल बलरामपुर सीमा में प्रवेश करेगा।

**सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम:** कोरियन पर्यटक दल के जनपद भ्रमण को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। इसे प्रशासन के लिए अच्छा है। इसे लेकर इंतजाम किया जहां पर्यटक पुलिस जवानों जाएगी। ने पर्यटन उद्योग अवसर मान रहा सुरक्षा के कड़े जा रहा हैं। जहां-दल रुकेगा, वहां की ड्यूटी लगाई

इस संबंध में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि कोरियाई दल के रहने के लिए विशेष प्रबंध किया गया है। दल जहां-जहां जाएगा, वहां साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि कोरियाई की यात्रा उनके लिए यादगार बने और वह यहां से जनपद की एक अच्छी छवि अपने साथ लेकर जाएं।

# एक नजर में

## कार्रवाई की मांग को लेकर अधिकारियों से मिलेंगी नर्स

सिद्धार्थनगर : माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के पीआइसीयू (पीडियाट्रिक्स इंसेंटिव केयर यूनिट) में रविवार को वार्ड में नर्सों की बैठक हुई। चार मार्च की रात हुई घटना के संबंध में सभी सहकर्मियों ने चर्चा की। अभद्रता करने वाले आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अधिकारियों से मिलने की योजना बनाई। नर्सों ने आरोप लगाया कि घटना के दूसरे दिन पुलिस को तहरीर दे दी गई थी। सदर थाना में मुकदमा भी दर्ज किया गया, लेकिन आरोपित अभी भी घूम रहे हैं व लगातार धमकी भी दे रहे हैं। (जासं)

## बेकाबू कार पुलिया से टकराई चालक जख्मी

खेसरहा। थाना क्षेत्र के पेड़ारी चौराहा के पास बांसी-धानी मार्ग पर स्थित पुलिया से एक कार टकरा गई। हादसे में कार सवार जख्मी हो गया, जिसे परिजन इलाज के धानी सीएचसी ले गए।

महराजगंज जिले के धानी बाजार गांव निवासी सागर किसी कार्य से धानी बाजार से बांसी के तरफ जा रहा था। उसी दौरान पेड़ारी चौराहे से पांच सौ मीटर पूरब बनी पुलिया से तेज रफ्तार से आ रही कार टकरा गई। हादसे में चालक बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे।

हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए धानी अस्पताल ले जाया गया। इस संबंध में सकारपार चौकी प्रभारी रमेश ने बताया मामला संज्ञान में है। घायल चालक के इलाज की सूचना मिल रही है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# अबुवफा बनकर सुफियान ने दी थी परीक्षा

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** सदर थाना के मुस्लिम इंटर कालेज महदेइया में दूसरे छात्र के नाम पर परीक्षा दे रहे युवक मामले में कई नए पहलुओं की जानकारी हुई है। वह पहली बार परीक्षा देने नहीं आया था, बल्कि प्रत्येक परीक्षा में उसी ने प्रश्नपत्र हल किया था। इससे परीक्षा केंद्र समेत ड्यूटी कर रहे शिक्षकों की भूमिका संदिग्ध हो गई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक ने टीम गठित कर जांच शुरू करा दी है।

एक मार्च को मुस्लिम इंटर कालेज में हाईस्कूल अंग्रेजी की परीक्षा में दूसरे छात्र के स्थान पर प्रश्नपत्र हल करते समय युवक पकड़ा गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम कपिलवस्तु थाना के गुलाबगढ़ बर्डपुर नंबर छह निवासी सुफियान अहमद बताया। उसने बताया कि वह चचेरे भाई अबुवफा मुसलमान के स्थान पर अंग्रेजी की परीक्षा देने के लिए आया था। वह बर्डपुर स्थित एक कालेज में बीफार्मा का छात्र है। केंद्र व्यवस्थापक काजी मोहम्मद तारिक ने कक्ष निरीक्षण के दौरान संदेह होने पर पकड़ा।

**फालोअप**

- **पुलिस ने न्यायालय में दाखिल किया आरोपित के खिलाफ चार्जशीट**
- **कक्ष निरीक्षकों ने परिचय पत्र पर लगे फोटो का नहीं किया मिलान**

परिचयपत्र में किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं हुई थी। पुलिस अब इसकी जांच कर रही है कि किन परिस्थितियों में परिचयपत्र पर अबुवफा मुसलमान की फोटो लगा होने के बावजूद आरोपित के चेहरे से मिलान नहीं किया गया।

इस संबंध में अनूप कुमार मिश्रा, प्रभारी पुरानी नौगढ़ पुलिस चौकी ने बताया कि पुलिस ने आरोपित के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। वह पहली बार परीक्षा नहीं दे रहा था, इसके पहले भी वह कक्ष में प्रश्नपत्र हल करता दिखाई पड़ा है। अब पुलिस इसमें संलिप्त लोगों के संबंध में जांच कर रही है। अगर संलिप्तता मिलती है तो संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

> मुस्लिम इंटर कालेज में दूसरे छात्र के स्थान पर परीक्षा देने के मामले में विभागीय जांच टीम गठित की गई है। वह पहले भी परीक्षा दे रहा था। परीक्षा केंद्र के संबंध में शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। परीक्षा केंद्र में तैनात शिक्षण कर्मियों की भूमिका की जांच की जा रही है। उसकी पहचान क्यों नहीं हो पाई, इसकी जांच चल रही है।
>
> **अवधेश नारायण मौर्या, डीआइओएस**

**बर्डपुर मंडल में सुनाया गया राष्ट्रपति का अभिभाषण पत्र:** बर्डपुर, भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल के शक्ति केंद्र बर्डपुर नंबर नौ में रविवार को नगर के आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय परिसर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। सांसद जगदंबिका पाल ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। राष्ट्रपति के अभिभाषण में सबका साथ सबका विकास, अंत्योदय की परिकल्पना, सशक्त एवं मजबूत राष्ट्र, विश्व गुरु बनने की ओर भारत अग्रसर है। मंडल प्रभारी सिद्धार्थ पाठक, मंडल अध्यक्ष नितेश पांडेय, विवेक गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# पुरानी नौगढ़ कस्बा में अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर

## हाईकोर्ट के निर्देश पर राजस्व, पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने की ध्वस्तीकरण की कार्रवाई





शहर के पुरानी नौगढ़ में हाईकोर्ट के आदेश पर मकानों को गिराता बुलडोजर व मौके पर मौजूद एसडीएम ललित कुमार मिश्रा, सीओ अखिलेश वर्मा, एसओ सतीश कुमार सिंह ● जागरण

**जासं, सिद्धार्थनगर** : उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रशासन ने रविवार को सदर थाना के पुरानी नौगढ़ कस्बा में सड़क पटरी पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए अभियान चलाया। चिन्हित पांच मकानों पर बुलडोजर चला। राजस्व, पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की।

इसमें रह रहे लोगों को पुलिस ने पहले सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया, इसके बाद कार्रवाई की गई। उच्च न्यायालय ने यहां से संबंधित तीन जनहित याचिका की सुनवाई के बाद कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 26 अप्रैल 2022 को लोकहित वाद एजाज अहमद बनाम राज्य की सुनवाई के बाद कार्रवाई का निर्देश दिया था। पुरानी नौगढ़ कस्बा में गाटा संख्या 1213 सड़क पटरी में दर्ज है। एजाज अहमद, सहाबुल्लाह, एजाज, मोहम्मद जुबेर व मायादेवी ने अपने आराजी रकबा से आगे बढ़कर सड़क पटरी पर पक्का निर्माण कर लिया। न्यायालय के निर्देश के क्रम में प्रशासन ने आरोपितों को नोटिस भेजकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा।

विरोध में इन्होंने उच्च न्यायालय में परिवाद दाखिल किया। उसके निस्तारण के बाद जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अतिक्रमण हटाने से संबंधित निर्देश जारी किया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा, सीओ सदर अखिलेश वर्मा, ईओ मुकेश कुमार चौधरी, एसओ सदर सतीश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार बिंद्रेश गुप्ता, प्रभारी पुरानी नौगढ़ पुलिस चौकी अनूप कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद, लेखपाल सुधीर श्रीवास्तव, अनूप यादव, शशांक सौरभ, आनंद, अमित चौधरी, शिवशंकर के साथ पुलिस पूरे समय तक मौजूद रही।

# हाईकोर्ट के आदेश पर ढहाए 14 मकान



शहर के पुराने नौगढ़ में अतिक्रमण हटाती जेसीबी। संवाद

**सिद्धार्थनगर।** उच्च न्यायालय के आदेश पर शहर के पुराने नौगढ़ के राजस्व ग्राम बर्डपुर नंबर 14 में पांच लोगों का मकान ध्वस्त कर सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाया गया।

मामले में डीएम संजीव रंजन ने तहसील प्रशासन को कोर्ट के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया था। इसके बाद एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र, तहसीलदार राम ऋषि रमन ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान चौकी इंचार्ज अनूप मिश्र भी मौजूद रहे। उधर, तहसीलदार राम ऋषि रमन ने सकतपुर में रास्ते और बरगदवा में सड़क की भूमि पर अतिक्रमण हटवाकर निर्माण कार्य शुरू कराया। संवाद

# इंटरनेट मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की शिकायत

**जासं, बांसी, सिद्धार्थनगर :** नगर के प्रतापनगर निवासी राम चौरसिया पुत्र दयाराम ने कोतवाली में तहरीर देकर कस्बा के अकबर नगर निवासी फरहान पर प्रभु राम के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र के माध्यम से पुलिस से कार्यवाई करने की मांग की है।

शिकायती पत्र में राम चौरसिया ने बताया है कि अकबर नगर निवासी फरहान ने मेरे इंस्टाग्राम आईडी का गलत इस्तेमाल करते हुए हिन्दू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की है।

राम के साथ बांसी कोतवाली में इसकी शिकायत करने वालों में आलोक गुप्ता, मंगल प्रसाद चौरसिया, विजय दूबे, प्रमोद कुमार तथा शुभम शुक्ला भी शामिल रहे। शिकायत कर्ता ने साक्ष्य के रूप में अपने इंस्टाग्राम की आईडी व उस पर किए गए अभद्र टिप्पणी आदि का स्क्रीन शाट भी पुलिस को दिया है। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है।

## एक नजर में

# यातायात पुलिस ने 21500 रुपये वसूला शमन शुल्क

**सिद्धार्थनगर :** जिले की यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के दौरान रविवार को शहर के विभिन्न चौराहों पर लोगों को जागरूक करने के साथ कार्यवाही करते हुए 21500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। यातायात क्षेत्राधिकारी गर्वित सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने शहर के साड़ी तिराहा, हाईडिल तिराहा, बांसी तिराहा, सनई चौराहा पर पीए सिस्टम (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी। वाहन चला रहे संभावित संदिग्ध लोगों के मदिरापान कर वाहन चलाने की जांच किया। इस दौरान सड़कों पर तथा सड़क के किनारे अवैध रूप से खडे वाहनों को भी हटवाया गया। वाहन चलाने वालों को आवश्यक रूप से सीट बेल्ट लगाने तथा बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाने के लिए प्रेरित किया। (जासं)

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2023

# चोरी की ट्राली बरामद, तीन शातिर गिरफ्तार

## चोरी का सामान कबाड़ी साथी के माध्यम से बेच देते थे : सीओ

संतकबीरनगर (एसएनबी)। चोरी की 1 अदद ट्राली व चोरी में प्रयुक्त, 1 अदद पिकअप के साथ 03 शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं. 228/2023 धारा 379 आईपीसी व बढ़ोत्तरी धारा 411, 413, 414 आईपीसी का सफल अनावरण हुआ है।

थाना कोतवाली खलीलाबाद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र ने बताया कि जिले में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान जनपद में चोरी-छिनैती जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश राय के नेतृत्व में गठित टीम आरोपी को उ.नि. पवन कुमार मय हमराह उ.नि. रमेश यादव, हे.कां. राणा यादव, हे.कां. ओमप्रकाश के द्वारा रविवार को मुखबिर की सूचना पर बरईपार ईंट भट्ठे के पास से पिकअप वाहन से ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने के उद्देश्य से रेकी करते समय 02 अभियुक्तगणों सचिन यादव पुत्र संतोष यादव ग्राम तिलाठी थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर (ड्राइवर) तथा विनय पुत्र रामलुटावन निवासी तिलाठी थाना बखिरा को गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों की निशानदेही पर



चोरी कीट्राली व चोरी में प्रयुक्त पिकअप के साथ पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण।

ग्राम डडवा से 01 अदद चोरी की ट्राली के साथ (कबाड़ी) जमाल हसन पुत्र अनवारुल हसन निवासी डड़वा पोस्ट भुजैनी थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं. 228/2023 धारा 379 आईपीसी व बढ़ोत्तरी धारा 411, 413, 414 आईपीसी का सफल अनावरण हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों ने बताया है कि हम लोगों का एक हमारा एक गैंग है। हम लोग घूम घूमकर ट्रैक्टर व ट्राली तथा अन्य सामानों की चोरी करते है और चोरी का समान अपने गैंग के साथी जमाल हसन पुत्र अनवारुल हसन जो डड़वा चौराहे पर कबाड़ी का कार्य करता है के माध्यम से बेंच देते है। दिनांक 27.02.2023 की रात को ग्राम जंगलकला से एक ट्राली चोरी किये थे जिसे अपने साथी जमाल हसन के दुकान के पीछे छिपा दिए थे। उक्त ट्राली को हमारा साथी जमाल किसी को अपनी ट्राली बताकर 60 हजार ₹ में किसी को बेंच दिया है। पकड़े गये दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि साहब ट्राली को इसी पिकअप गाड़ी से खींचकर हम लोग अपने साथी की दुकान पर रखे थे।

# प्रशासन ने बैडड़वा गांव में कराया सीमांकन

## रास्ते के विवाद को लेकर बीते कई दिनों से दो पक्षों के आमने-सामने होने के चलते बैडड़वा गांव में बनी है तनाव की स्थिति

नाथनगर (एसएनबी)। नाथनगर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कड़सरा के राजस्व गांव बैडड़वा में चल रहे रास्ते के विवाद को लेकर बीते कई दिनों से दो पक्षों के आमने-सामने होने के चलते गांव में बनी तनाव की स्थिति को समाप्त करने के लिए रविवार को भारी गहमा-गहमी के बीच प्रशासन ने रास्ते की जमीन का सीमांकन कराया। वैसे लगातार कई घंटों तक चली सीमांकन की प्रक्रिया के बाद भी रास्ते के विवाद का समाधान कराने में प्रशासन विफल दिखा लेकिन सीमांकन के दौरान कई लोगों द्वारा गांव स्थित सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किए जाने की पुष्टि जरूर हो गई।

हालात यह है कि प्रशासन सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले लोगों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करने की तैयारी शुरू कर रहा है। विदित हो कि रास्ते के विवाद को लेकर बैडड़वा गांव में बीते कई दिनों से दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। पूरा मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो विवाद का समाधान कराने का उच्चाधिकारियों ने फरमान जारी कर दिया जिसके तहत रविवार को राजस्वकर्मियों की टीम को लेकर तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी व नायब



सीमांकन कराकर रास्ते के विवाद का समाधान कराने का प्रयास करता प्रशासन।

तहसीलदार राजेश कुमार मिश्रा भारी पुलिसबल के साथ बैडड़वा गांव पहुंच गए और घंटों तक सीमांकन की कार्रवाई करने में राजस्व टीम अधिकारियों के दिशा निर्देशन में जुटी रही। देर शाम तक चली सीमांकन की प्रक्रिया में रास्ते के विवाद का समुचित समाधान तो नहीं हो सका लेकिन सीमांकन के दौरान कई लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने की पुष्टि जरूर हो गई। प्रशासन अवैध कब्जेदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने की तैयारी में जुट गया है। इस दौरान लेखपाल श्रवण कुमार, अमर सिंह,अभिषेक श्रीवास्तव व प्रधान भूअर यादव समेत भारी पुलिस बल के साथ मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक विवेकानन्द तिवारी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रधान सहित चार के विरूद्ध मुकदमा

नाथनगर (एसएनबी)। महुली पुलिस नें रविवार को थाना क्षेत्र के अछती गांव के प्रधान समेत चार लोगों के विरूद्ध मारपीट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के अछती गांव निवासी कुलदीप पुत्र विरई ने बताया कि बीते 15 दिसम्बर 2022 की शाम गांव निवासी अरूण कुमार पुत्र रामेश्वर तिवारी पुरानी रंजिश को लेकर उसे अकारण गाली दे रहे थे। गाली देने का विरोध करने पर उक्त अरूण कुमार पुत्र रामेश्वर तिवारी सहित ग्राम प्रधान राजू चौहान पुत्र जोखन चौहान, रामरक्षा तिवारी पुत्र गंगा तिवारी तथा प्रधान के भाई नरसिंह पुत्र जोखन चौहान मिलकर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिए। इस दौरान उक्त सभी उसके उपर चाकू से भी हमला करने का प्रयास किया। उक्त/सभी के हमले से वह बुरी तरह घायल हो गया। इतना ही नहीं उक्त हमलावरों ने तोड़-फोड़ करते हुए उसके घर में घुस गए जहां सभी ने उसे मारने-पीटने के साथ ही घर में रखा तमाम कीमती सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

पीड़ित ने बताया कि वह घटना के बाद तत्काल महुली थाने पहुंचकर उक्त हमलावरों के विरूद्ध पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की लेकिन पुलिस द्वारा हमलावरों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उसने पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थनापत्र दिया जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई तो न्यायालय ने सुनवाई के बाद महुली पुलिस को हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया जिसके अनुपालन में महुली पुलिस ने उसकी तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त सभी के विरूद्ध 323, 427, 452, 504,506 सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर क़ानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पांच परिवारों के मध्य हुआ सुलह-समझौता

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** साथ-साथ कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) का आयोजन परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर वरि. उ.नि. श्यामदेव प्रसाद एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता की गई। जिसमें कुल 05 मामला आये जिसमें सुलह समझौता करवाया गया। महिला थाना के वरि. उ.नि. श्यामदेव प्रसाद ने बताया कि प्रथम पक्ष श्रीमती ममता गिरि पत्नी शशिशेखर भारती निवासी ग्राम तामेश्वरनाथ थाना कोतवाली खलीलाबाद व द्वितीय पक्ष श्री शशिशेखर भारती निवासी उपरोक्त, सादिया खातून पुत्री मुंस्ताक अहमद निवासी दुधारा उर्फ दोकड़ा थाना महुली व मो. मोहसिन अली खान पुत्र आजम अली निवासी ग्राम मो. अच्छेमिया की कोठी थाना नानपारा जनपद बहराइच तथा बिमली पत्नी मोहन निवासी ग्राम पीढ़िया थाना दुधारा व मोहन निवासी उपरोक्त के दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरांत दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। इसी क्रम में उषा पुत्री धनई प्रसाद हरिजन निवासी ग्राम डडवा थाना कोतवाली खलीलाबाद व राजू पुत्र हरिजन निवासी करीं थाना महुली तथा शान्ति देवी पुत्री विजय बहादुर चौहान निवासी जगदीशपुर उर्फ लहुरादेवा थाना कोतवाली खलीलाबाद व शिव कुमार पुत्र पक्का चौहान निवासी ग्राम करणखास थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती के मध्य आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। दोनों पक्ष में आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया।

# बिछड़ा किशोर दो वर्ष बाद मां को सुपुर्द

**महुली थानान्तर्गत लहरी गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर दो वर्ष पूर्व हो गया था लापता**



लापता हुए किशोर को दो वर्ष बाद उसकी मां को सुपुर्द करते तहसीलदार धनघटा।

धनघटा (एसएनबी)। दो वर्ष पूर्व परिवार से बिछड़ गए महुली थानान्तर्गत लहरी गांव निवासी एक 16 वर्षीय किशोर को तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी ने शनिवार की देर रात उसकी विधवा मां को सुपुर्द कर दिया। किशोर को उसके घर पहुंचाने में सोशल मीडिया काफी कारगर साबित हुई है। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के लहरी गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थानान्तर्गत ग्राम संसारपुर गेट के आसपास विक्षिप्त हाल में घूम रहा था। इतना ही नहीं देखने में भी किशोर काफी अस्वस्थ्य दिख रहा था। वही पर किशोर पर ग्राम संसारपुर निवासी सेवानिवृत्त फौजी शिवानन्द पाण्डेय की नजर पड़ गयी तो उन्होंने मानवता दिखाते हुए किशोर को पहले भोजन कराया। भोजन करने के बाद किशोर की हालत थोड़ी ठीक हुई तो उसने अपने पिता का नाम श्रीराम बताया साथ ही अपना घर महुली थानान्तर्गत लहरी गांव बताया तो सेवानिवृत्त फौजी ने किशोर की फ़ोटो के साथ उसका पता सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और धीरे-धीरे किशोर की तस्वीर और उसका पता सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। इस बीच प्रशासन ने सेवानिवृत्त फौजी शिवानन्द पाण्डेय से सम्पर्क किया और किशोर को बुलाकर कब्जे में ले लिया। शनिवार को किशोर को साथ लेकर तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी लहरी गांव पहुंचे जहां उन्होंने किशोर को उसकी विधवा मां को सुपुर्द कर दिया। दो वर्ष बाद बेटे को पाकर उसकी विधवा मां खुशी से फूले नहीं समा रही है और बेटे को मिलाने को लेकर प्रशासन को कोटिशः दुआ भी दे रही है।

# नदी में कूदने जा रही महिला को पुलिस ने बचाया

मेंहदावल। बढ़या पुल से राप्ती नदी में छलांग लगाने जा रही एक महिला की जान रविवार को पुलिसकर्मियों की सक्रियता से बच गई। ग्रामीणों की सूचना पर नौलखा चौकी प्रभारी राजेश कुमार दूबे अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंच गए। समझा-बुझाकर महिला को शांत किया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि महिला ने पूछताछ में अपनी पहचान सांड़े खुर्द निवासी मीरा सिंह पत्नी संतोष सिंह बताया। नदी में छलांग लगाने का कारण गृह कलह बताया। जिसपर महिला के परिजनों को मौके पर बुलाकर सुर्पुद कर दिया गया।

# घर में घुसकर महिला की पिटाई के आरोप में चार नामजद

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार में कुछ लोगों द्वारा एक घर में घुसकर महिला की पिटाई करने के आरोप में धनघटा पुलिस ने रविवार को चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार निवासी रीना देवी पत्नी छोटेलाल ने बताया कि बीते आठ फरवरी को होली त्योहार के मौके पर अपरान्ह करीब तीन बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी सागर पुत्र दिलीप कुमार, मुकेश पुत्र रामहजूर, संगीता पत्नी दिलीप कुमार व शालू पुत्री दिलीप कुमार उसके दरवाजे पर चढ़कर पुरानी रंजिश के चलते उसें भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। गाली देने का विरोध करने पर उक्त सभी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया। वह जान बचाकर घर के भीतर भागकर छिपने लगी तो उक्त सभी पीछा करते हुए घर में भी घुस गए और उसे मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त सभी हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 323,452,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दो वारंटियों को गिरफ्तारकर उनके विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी किया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने जगह-जगह छापेमारी किया।

थाना महुली पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार चौधरी निवासी मैनसिर व थाना बखिरा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त हरिकिशुन निवासी सांगठ को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर जेल रवाना कर दिया।

## विभिन्न मामले में दस पर कसा शिकंजा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने कई स्थानों से विभिन्न मामले में दस आरोपितों का दबोचकर कानूनी कार्रवाई करते हुए शिकंजा कसा। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन, महुली दो, बखिरा दो, बेलहरकला दो और थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने एक आरोपित को पकड़ा।

# मारपीट में घायलों को पहुंचवाया अस्पताल

संतकबीरनगर। यूपी 112 पुलिस टीम ने सूचना के बाद विवाद के चलते हुए मारपीट की घटना में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचवाया। पीआरवी 1484 को थाना धनघटा क्षेत्र के लोहरैया से कालर ने मार्ग दुर्घटना में सुरेन्द्र कुमार पुत्र मोहन कुमार व दीपक कुमार पुत्र रामबचन निवासी खांजो के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। इस पर कर्मियों ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर पहुंचवाया। घटना के सम्बन्ध में धनघटा पुलिस को सूचना दी।

# पुलिस ने 67 वाहनों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 67 वाहनों के चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। जिले की पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए जांच पड़ताल किया। चेकिंग के दौरान टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने पर 67 वाहनों के चालकों से 59 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# नाबालिग को भगाने के मामले में वांछित गिरफ्तार

**शिकंजा**

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की।

थानाध्यक्ष बेलहरकला अमित कुशवाहा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित आरोपित अभियुक्त अहमद पुत्र अकबर अली उर्फ छोटक निवासी पसाई को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपित अभियुक्त ने पिछले साल एक नवंबर को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना बेलहरकला पर तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। 12 मार्च को पुलिस टीम ने अपहृता को बरामद करते हुए उक्त आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुत करके जेल रवाना कर दिया।

# सोना वापस न करने का आरोप, मुकदमा

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर जेवरात बनाने के लिए लिया सोना वापस न करने का आरोप दुकानदार ने मढ़ा। पुलिस ने शिकायत पर मामले में अभियोग पंजीकृतकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया।

कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित दुकानदार हरिश्चन्द्र वर्मा निवासी हनुमान गढ़ी गली गोलाबाजार ने अपने शिकायत पत्र में बताया कि उनकी सोने चांदी की दुकान हरिश्चन्द्र ज्वेलर्स के नाम से है। उनकी दुकान से 28 मई 2022 को जेवरात बनाने के लिए 25 ग्राम ( पच्चीस ग्राम ) सोना नीरज स्वर्णकार गांधीनगर मुखलिसपुर रोड खलीलाबाद ले गए। तबसे लेकर अब तक जेवरात बनाकर सोना वापस नही किए।

# कबाड़ी समेत दो चोर को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने एक कबाड़ी समेत दो चोरों को दबोचने में कामयाबी हासिल की है बघौली चौकी के जंगलकला से पिछले दिनों ट्राली चोरी में आरोपितों की गिरफ्तारी हुई।

सीओ सिटी अंशुमान मिश्र ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सर्वेश कुमार राय के नेतृत्व में गठित टीम ने 12 मार्च को मुखबिर की सूचना पर बरईपार ईट भट्ठे के पास से पिकअप वाहन से ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने के उद्देश्य से रेकी करते समय दो आरोपितों को दबोचा। पूछताछ के दौरान उनकी पहचान सचिन यादव निवासी तिलाठी थाना बखिरा (ड्राईवर) एवं उसी गांव के विनय के रूप में हुई। दोनों आरोपितों की निशानदेही पर ग्राम डड़वा से एक चोरी की ट्राली के साथ जमाल हसन निवासी डड़वा थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि उनका एक गैंग है। वह लोग घूम-घूमकर ट्रैक्टर व ट्राली तथा अन्य सामानों की चोरी करते हैं। चोरी का समान अपने गैंग के साथी जमाल हसन जो डड़वा चौराहे पर कबाड़ी का कार्य करता है उसके माध्यम से वेंच देते हैं। 27 फरवरी की रात को ग्राम जंगलकला से एक ट्राली चोरी किये थे। जिसे अपने साथी जमाल हसन के दुकान के पीछे छिपा दिया था। ट्राली को जमाल किसी को अपनी ट्राली बताकर 60000 रुपए में वेंच दिया है। पकड़े गए दोनों आरोपितों ने बताया कि ट्राली को इसी पिकअप गाड़ी से खींचकर वह लोग अपने साथी की दुकान पर रखे थे।



पकड़े गए चोर के साथ सीओ और कोतवाली पुलिस। • हिन्दुस्तान

# एक दमकल वाहन पर 589 गांवों की सुरक्षा

## हर वर्ष खेत में करोड़ों रुपये के गेहूं की फसल जलकर हो जाती है बर्बाद, परेशानी

- 2017 में चौराकला गांव में दमकल कर्मियों की पीड़ितों ने की थी पिटाई
- जिले के अधिकारी व जन प्रतिनिधि इस पर नहीं दे रहे ध्यान

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : एक दमकल वाहन पर धनघटा तहसील क्षेत्र के 589 गांवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। इसकी वजह से आग लगने पर दमकल वाहन समय से नहीं पहुंच पाती है। हर वर्ष कई किसानों की गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो जाती है। फसल में निवेश किया गया किसानों का पैसा बर्बाद हो जाता है। पीड़ित किसान अनाज के एक दाने के लिए मोहताज हो जाते हैं। जिले के अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



धनघटा तहसील मे दमकल वाहन • जागरण

एक दमकल वाहन पर धनघटा तहसील क्षेत्र में मैनसिर से लेकर बिड़हरघाट तक और बसवारी गांव से लेकर रामपुर तक कुल 589 गांवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। कभी-कभी एक साथ चार से पांच स्थानों पर आग लग जाती है। दमकल कर्मी असमंजस में पड़ जाते हैं कि कहां पहले जाएं। किसी एक स्थान पर पहुंचकर कर्मी आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट जाते हैं। वहीं अन्य गांवों के लोग दमकल बुलाने के लिए बार-बार फोन करते हैं लेकिन कर्मी विवशता में फोन नहीं उठा पाते हैं।

इसके कारण कभी-कभी दमकल कर्मियों को अग्नि पीड़ितों के कोपभाजन का शिकार होना पड़ता है। वर्ष 2017 में चौराकला गांव में दमकल कर्मियों की पीड़ितों ने पिटाई कर दी थी। क्षेत्र के महेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, घनेंद्र पांडेय, रामआशीष पांडेय आदि लोगों ने कहा कि यदि इस तहसील क्षेत्र में चार दमकल वाहन की व्यवस्था हो जाएं तो आग बुझाने में काफी मदद मिलेगी। आग लगने पर दमकल वाहन के टैंकर का पानी खत्म हो जाता है तो दमकल कर्मियों को पानी भरने के लिए बोरिंग की तलाश करनी पड़ती है। यदि कुछ स्थानों पर बड़ी बोरिंग स्थापित कर दी जाए तो यह समस्या दूर हो जाएगी।

इस संबंध में पूछने पर धनघटा के उपजिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि सिर्फ एक दमकल वाहन होने से यह समस्या है। उच्चाधिकारियों से बातचीत करके अतिरिक्त दमकल वाहन की मांग शासन से की जाएगी।

# घर में घुसकर मारपीट पांच के विरुद्ध मुकदमा

जासं, सांथा : बेलहर थाना क्षेत्र के लोहरसन गांव में दबंगों ने रविवार को घर में घुसकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले में पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में लोहरसन के अहमद रजा उर्फ बाबर ने लिखा है कि बाजार से वह घर जा रहा था। तभी दुर्गविजय घर के रास्ते से जाने के लिए मना करने लगे। विरोध करने पर मारपीट किया। वहां से भागकर घर गया तभी लाठी डंडे से लैस होकर रेखई, जगन्नाथ, दुर्गविजय, शेषनाथ व एक अन्य व्यक्ति घर में घुसकर पीटने लगे। शोर मचाने पर अगल-बगल के लोग पहुंच गए। तहरीर में पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की गई थी। एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर सभी आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पांच परिवारों को बिखरने से बचाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने रविवार को सुनवाई के दौरान पांच परिवारों को बिखरने से बचाया। परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना पर एसएसआई श्यामदेव प्रसाद एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में सुनवाई की गई। ममता गिरि निवासी ग्राम तामेश्वरनाथ थाना कोतवाली खलीलाबाद, सादिया खातून निवासी दुधारा थाना महुली व द्वितीय पक्ष मोहम्मद मोहसिन अली खान कोठी थाना नानपारा जनपद बहराइच, विमली , उषा व द्वितीय पक्ष राजू निवासी कर्री थाना महुली व शान्ति देवी निवासी जगदीशपुर व द्वितीय पक्ष शिवकुमार थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती के मध्य आपसी विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था।

# ट्रेलर की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त बाल-बाल बचे यात्री, सड़क जाम

**जासं, मगहर, संतकबीर नगर:** राष्ट्रीय राजमार्ग पर मगहर के दुर्गा मंदिर चौराहे के पास रविवार को ट्रेलर की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त हो गयी। इसमें सवार यात्री बाल-बाल बच गए। घटना के बाद चालक मौके पर ट्रेलर छोड़कर फरार हो गया। इस घटना की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग का एक लेन आधा घंटे तक जाम रहा। वाहनों की लंबी कतार लग गयी। पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त कार को हटवाने पर आवागमन बहाल हुआ।

गोरखपुर जनपद के सहजनवां थाना के टड़वाकला गांव निवासी ऋतेश पुत्र प्रयाग रविवार को मौसेरे भाई सागर के साथ कार से खलीलाबाद से वापस घर आ रहे थे। ये लोग इस जनपद के कोतवाली खलीलाबाद थाना के गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित दुर्गा मंदिर चौराहे से घघसरा मार्ग के लिए कार को मोड़े थे। इसी दौरान दोपहर के करीब एक बजे पीछे से आ रही ट्रेलर ने इनकी कार में ठोकर मार दी। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में कार पर बैठे लोग बाल-बाल बच गए। इस घटना की वजह से एक लेन पर दोपहर के डेढ़ बजे तक जाम लग गया। वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सूचना मिलने पर मगहर पुलिस चौकी के प्रभारी जितेंद्र यादव अपने सहयोगी पुलिस कर्मी आदित्य यादव, घटनास्थल पर पहुंचे।

# 67 चालकों से 59,500 रुपये समन शुल्क वसूले

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने रविवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 67 वाहन चालकों से 59,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की।

# ट्राली व पिकअप के साथ तीन गिरफ्तार

**जासं, संतकबीर नगर** : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने रविवार को बरईपार गांव स्थित ईंट भट्ठे पर दबिश दी। वहां से चोरी की ट्राली व चोरी में प्रयोग किए गए पिकअप के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने के बाद इन्हें जेल भेज दिया गया।

खलीलाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र ने बताया कि कोतवाली के दारोगा पवन कुमार व रमेश यादव, मुख्य आरक्षी राणा यादव व ओम प्रकाश की टीम रविवार को सूचना मिलने पर बरईपार गांव स्थित ईंट भट्ठे पर पहुंची। वहां से चोरी की ट्राली व चोरी में प्रयोग किए गए पिकअप के साथ बखिरा थाना क्षेत्र के तिलाठी गांव निवासी सचिन यादव (चालक) व इसी गांव के विनय तथा कोतवाली खलीलाबाद



कोतवाली में आरोपितों के साथ पुलिसकर्मी • जागरण

के डड़वां गांव निवासी कबाड़ी जमाल हसन को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपितों ने बताया कि उनका एक गैंग है। वे लोग घूम-घूमकर ट्रैक्टर-ट्राली तथा अन्य सामान चुराते हैं। चोरी के सामान को गैंग के साथी डड़वां चौराहे पर कबाड़ी की दुकान चलाने वाले जमाल हसन के माध्यम से बेंच देते हैं। 27 फरवरी की रात को जंगलकला गांव से ट्राली चोरी की। इसे पिकअप के जरिए लाकर जमाल हसन की दुकान के पीछे छिपा दिए थे। इस ट्राली को जमाल ने स्वयं का बताकर किसी को 60 हजार रुपये में बेंच दिया।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

जासं, सांथा, संतकबीर नगर : बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव से लंबे समय से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक नवंबर को थाना क्षेत्र के एक गांव में मोहम्मद अहमद ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

घटना के बाद से ही आरोपित फरार चल रहा था। रविवार को आरोपित की गिरफ्तारी करके जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने बताया कि आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था।

# आत्महत्या करने जा रही महिला को पुलिस ने बचाया

**जासं, बनकसिया, संतकबीर नगर :** मेंहदावल थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला को मेंहदावल पुलिस ने रविवार को आत्महत्या करने से पहले पकड़ लिया। महिला को उसके परिवार को सौंपा गया है। महिला का पति से कुछ विवाद हुआ था। नाराज होकर महिला आत्महत्या के इरादे से राप्ती नदी के बढ़या ठाठर में कूदने जा रही थी, तभी इसकी सूचना ग्रामीणों ने नौलखा चौकी प्रभारी राजेश कुमार दुबे को दी।

पुलिस टीम के साथ पहुंचकर महिला को पकड़ लिया। इससे उसकी जान बच गई। महिला को पुलिस ने समझा बुझाकर उसके पुत्र को सौंप दिया। उनके पति को भी महिला के साथ विवाद नहीं करने की चेतावनी दी गई है।

# शांतिभंग की आशंका में 10 लोगों को दबोचा

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में रविवार को 10 लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन जबकि महुली, बखिरा व पुलिस ने दो-दो तथा धर्मसिंहवा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। (जासं)

# दुघर्टना के बाद मालिक ने नहीं कराया इलाज

दुधारा, संतकबीर नगर : दुधारा थाना क्षेत्र के सरौवा गांव के युवक ने रविवार को पुलिस को शिकायती पत्र देकर मठियापार निवासी एक व्यक्ति पर दवा व खर्च नहीं देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सरौवा निवासी राम किशुन ने बताया कि वह मठियापार के लालचन्द्र की दुकान पर मजदूरी करता है। 27 जनवरी को रंदा मशीन चलाते समय हमारे बाएं हाथ की तीन उंगली कटकर अलग हो गई। जो अभी तक ठीक नहीं हुआ। हमारे दुकान मालिक अब दवा नहीं करा रहे हैं। उनसे कहने पर वह कहते हैं कि न हम दवा कराएंगे और न ही खर्चा देंगे। वह एक गरीब व्यक्ति है। परिवार में अकेला कमाने वाला है। दो बच्चे हैं, बूढ़ा बाप है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार दुबे ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# चोरी की ट्रॉली के साथ दो लोग और कबाड़ी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने रविवार को बरईपार ईंट भट्ठे के पास से ट्रॉली चुराने वाले पिकअप चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने डड़वा से चोरी की ट्रॉली खरीदने वाले कबाड़ी को पकड़ा। पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त पिकअप को कब्जे में ले लिया।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि सूचना पर बरईपार ईंट भट्ठे के पास से पिकअप से ट्रैक्टर-ट्रॉली चुराने के लिए रेकी करते दो चोरों को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपियों की पहचान पिकअप चालक सचिन यादव, विनय निवासी तिलाठी थाना बखिरा के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों ने मिलकर 27 फरवरी की रात जंगलकला से एक ट्रॉली चोरी की थी जिसे कबाड़ी जमाल हसन की डड़वा चौराहा स्थित कबाड़ की दुकान के पीछे छिपा दिया था।

ट्रॉली को जमाल किसी को अपनी ट्रॉली बताकर 60,000 रुपये में बेच दी। ट्राली को पिकअप से खींचकर जमाल की दुकान तक ले गए थे। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर डड़वा स्थित जमाल की दुकान पर छापा मारकर चोरी की ट्रॉली को बरामद किया गया। चोरी की ट्रॉली खरीदने के आरोप में जमाल को भी गिरफ्तार किया गया।

## प्रेमिका की मांग पूरी करने के लिए शुरू कर दी चोरी

कोतवाल सर्वेश राय के मुताबिक पकड़े गए आरोपी पिकअप चालक सचिन यादव ने बताया कि वह अविवाहित है। उसका संबंध एक युवती से हो गया। प्रेमिका का खर्च चलाने के लिए पिकअप चालक के एवज में मिलने वाली मजदूरी से काम नहीं चल रहा था। इसीलिए गांव के विनय को गैंग में शामिल किया। दोनों पहले रेकी करते थे। फिर मौका देखकर पिकअप से जोड़कर ट्रैक्टर ट्रॉली तथा अन्य सामानों की चोरी करके उठा ले जाते थे। उसके गैंग में शामिल कबाड़ी डड़वा निवासी जमाल हसन को बेच देते थे। उससे मिलने वाली रकम को प्रेमिका का खर्च चलाता था।

# हमीरपुर में संतकबीरनगर के चालक पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

हमीरपुर। कुछेछा चौकी पुलिस के सुपुर्द किया गया मौरंग भरा ट्रक फिर चोरी हो गया। मामले की रिपोर्ट चौकी के सिपाही ने संतकबीरनगर निवासी ट्रक मालिक व चालक के खिलाफ दर्ज कराई है। शनिवार को एआरटीओ ने ट्रक पकड़ कर चौकी में खड़ा कराया था। एक माह पूर्व भी ऐसे ही मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज की गई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सदर कोतवाली की कुछेछा चौकी में तैनात कांस्टेबल विमल कुमार ने दी तहरीर में बताया कि शनिवार 11 मार्च को एआरटीओ अमिताभ राय ने ओवरलोड ट्रक पर कार्रवाई करके पुलिस की सुपुर्दगी में शाम करीब 6.40 बजे हाईवे किनारे खड़ा कराया था। बताया कि चालक जनपद सीतापुर के मोहली गांव निवासी जीतू ट्रक के आसपास घूम रहा था।

रात में मौका पाकर ट्रक लेकर फरार हो गया। सिपाही ने तहरीर में बताया कि ड्यूटी होमगार्ड गयादीन के साथ चौकी निगरानी सुरक्षा में वह रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक था। सुबह करीब पौने नौ बजे जब होमगार्ड के साथ उसने खड़ी गाड़ियों की गिनती की तो पाया कि एक ट्रक नहीं है।

# प्रशासन ने कराई विवादित जमीन की पैमाइश

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के बैडड़वा में रविवार को प्रशासन ने विवादित जमीन की पैमाइश कराया। तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी भी विवादित स्थल पर पहुंचकर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रास्ते के विवाद को लेकर बैड़डवा गांव में शनिवार को दो पक्ष आमने-सामने हो गए थे।

यह मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा था। सूचना पर नायब तहसीलदार और चौकी इंचार्ज मुखलिसपुर मौके पर पहुंच गए थे और स्थिति को नियंत्रित किया था। संवाद

# ग्राम प्रधान समेत चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**धनघटा।** न्यायालय के आदेश पर महुली पुलिस ने अछती गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर ग्राम प्रधान और उनके भाई सहित चार लोगों पर घर में घुसकर पिटाई करने, गाली, धमकी, चाकू से वार करने व संपत्ति को क्षति पहुंचाने का मुकदमा दर्ज किया है।

अछती गांव निवासी कुलदीप ने महुली थाने में तहरीर में देकर आरोप लगाया है कि 15 दिसंबर 2022 की शाम पांच बजे पुरानी रंजिश में गांव के ही अरुण कुमार गाली दे रहे थे। विरोध करने पर अछती गांव निवासी अरुण कुमार, ग्राम प्रधान राजू चौहान, रामरक्षा तिवारी व ग्राम प्रधान के भाई नरसिंह ने मिलकर घर में घुसकर उन्हें मारापीटा अैर चाकू से वार किया। कुर्सियां आदि तोड़ दिए।

इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया अछती गांव निवासी कुलदीप की तहरीर पर गांव के प्रधान राजू चौहान, अरुण कुमार, रामरक्षा तिवारी व नरसिंह पर मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# पांच लोगों पर मारपीट का केस

बेलहर। क्षेत्र के लोहरसन निवासी एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

लोहरसन निवासी अहमद रजा उर्फ बाबर का आरोप है कि शनिवार की शाम बाजार से घर जा रहे थे। गांव के दुर्विजय रास्ते से जाने के लिए मना करने लगे। विरोध करने पर पिटाई की। वहां से भागकर घर गया, तभी लाठी-डंडे से लैस होकर उनके साथ अन्य लोग आ गए और मारपीट करने लगे।

शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और बीच बचाव किया। एसओ बेलहर अमित कुशवाहा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दुर्विजय समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2023

# घर से गायब बालिका बरामद

रुपईडीह। शनिवार को घर से गायब हुई बालिका को पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर बरामद कर वन स्टाप सेंटर भेज दिय गया है। थानाध्यक्ष कौड़िया विद्यासागर पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्र के अहियाचेत की एक बालिका अचानक घर से गायब हो गई थी।

सूचना पर घटना की प्राथमिकी नामजद आरोपित के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। जिस पर बालिका को मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी दुवहा बाजार प्रभारी बृजेश कुमार ने रामापुर के पास से बालिका को बरामद कर चिकित्सीय परीक्षण के लिए महिला आरक्षी के साथ जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# विवाद में मारापीटा, केस दर्ज

नवाबगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र के कोल्हमपुर बिशेन गांव की कुमारी शांति पुत्री राम बिहारी गुप्ता ने थाने में तहरीर दी है। इसमें कहा है कि घर के दरवाजे पर रास्ते के विवाद को लेकर शनिवार की रात करीब आठ बजे गांव के हनु पुत्र रियासत, बकरीदी पुत्र भुल्लन, शहजाद पुत्र अराऊ तथा ताजे पुत्र अराऊ अपशब्द कहने लगे। मना करने पर इन लोगों ने दरवाजे पर चढ़कर लाठी-डंडों से हमला करते हुए मारा पीटा। जिससे उसे, उसकी मां, चाची आसमा पत्नी श्याम बिहारी को गम्भीर चोटें आईं। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता कुमारी शांति की तहरीर पर आरोपी चारों लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया।

मारपीट के एक दूसरी घटना मे क्षेत्र के नगवा गांव के बाबा ज्ञानदास पुरवा निवासी तेज बहादुर उर्फ रोहित कुमार नें बताया कि रविवार की दोपहर करीब दो बजे उसके आबादी की जमीन को जबरन कब्जा कर रहे थे। मना करने पर गांव के कांशीराम, राकेश, विनोद, तथा रामकुमार अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर आरोपी लाठी डंडों से मारने पीटने लगे।

# किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

संसू, शिवदयालगंज (गोंडा) : नवाबगंज थाना के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा कि रात में करीब दो बजे उसकी बहन को गांव के दूसरे समुदाय के युवक ने शादी करने की नियत से अपहरण कर लिया।

काफी खोजबीन के बाद भी उसकी बहन का पता नहीं चल सका। वहीं मामला दूसरे समुदाय से जुड़ा होने के कारण हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक से मिल कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर गांव के युवक पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की बरामदगी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

# उपेंद्र अग्रवाल का तबादला एपी सिंह नए डीआईजी बने

## जिम्मेदारी

गोण्डा, संवाददाता। देवीपाटन मंडल के डीआईजी उपेंद्र कुमार अग्रवाल का तबादला हो गया है। उन्हें लखनऊ में संयुक्त पुलिस आयुक्त के पद पर तैनाती दी गई है जबकि अयोध्या रेंज के डीआईजी रहे अमरेंद्र प्रसाद सिंह को देवीपाटन मंडल का नया डीआईजी बनाया गया है।

देवीपाटन मंडल में डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। फर्जी बैनामे व वसीयतनामों के मामलों में कडी कार्रवाई कराने को लेकर वह काफी चर्चा में भी रहे। फर्जी बैनामा वाले मामलों में कई दर्जन मुकदमें उन्हीं के ही हस्तक्षेप के बाद दर्ज किए गए। डीआईजी ने ही गोण्डा के फर्जी बैनामों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की संस्तुति शासन से की थी। उनकी संस्तुति के बाद ही एसआईटी गठित हुई और जांच आगे बढ़ी तो कई जिम्मेदार सलाखों के पीछे पहुंच गए। भूमि घोटाले की जांच में और कइयों की गर्दन अब भी फंसती नजर आ रही है। डीआईजी के स्थानांतरण को लेकर भी लोगों का कहना है कि कहीं डीआईजी के तबादले के बाद भूमि घोटाले की जांच न ढीली हो जाए। फिलहाल डीआईजी कोशिश लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# आदेश का पालन कराने का निर्देश

करनैलगंज। भूमि विवाद में एसडीएम ने स्थगन आदेश जारी करते हुए पुलिस को स्थगन आदेश का पालन कराने का निर्देश दिया हैं। मामला कोतवाली करनैलगंज के ग्राम काशीपुर टेपरा का है। यहां के निवासी बाबूलाल पुत्र मंगल प्रसाद का कहना है कि वह संक्रमणीय भूमिधर है और राजस्व अभिलेखों में उसका नाम जमीन दर्ज है।

गांव के कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों ने उसकी जमीन पर जबरन बुवाई किया। इसकी शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वह एसडीएम के पास शिकायत लेकर गया एसडीएम हीरालाल ने उसकी समस्या को देखते हुए स्थगन आदेश जारी किया और कोतवाली पुलिस को निर्देश दिया है कि स्थगन आदेश का पालन कराया जाए और वैधानिक कार्रवाई की जाए।

# फर्जी दस्तावेज से जमीन हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

मेहनौन, संवाददाता। फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने के मामले में शिकायतकर्ता राघवराम निवासी रमगढ़िया कोतवाली इटियाथोक की तहरीर पर कोतवाली इटियाथोक में बीते 19 जनवरी को चार लोगो के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। जमीन धोखाधड़ी में वांछित चल रहे सभी आरोपियों में एक आरोपी धरनीधर मिश्रा पुत्र भोलानाथ मिश्रा निवासी भवनियापुर उपाध्याय को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक अभिषेक सिंह ने बताया पूर्व में जमीन का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से लोगों ने भूमि पर कब्जा कर लिया था। पीड़ित



आरोपी धरनीधर मिश्रा।

राघवराम की शिकायत पर जांच के बाद मामले में राकेश कुमार दुबे निवासी, धरनीधर मिश्रा, राकेश तिवारी और सूर्यपता पर कोतवाली इटियाथोक में केस दर्ज था। एक आरोपी धरनीधर मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## मोतीगंज थानाक्षेत्र के खिरई खिरवा गांव में दो पक्षों के बीच जमकर हुआ संघर्ष

# शोभायात्रा में बवाल, लाठियां चलीं

- मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके दो लोगों को पकड़ा



मोतीगंज क्षेत्र में कलशयात्रा के दो समुदायों में मारपीट हो गई।

मोतीगंज, संवाददाता। थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर बनकट के मजरा खिरई खिरवा में रविवार को कलश यात्रा के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि, आधा दर्जन से ज्यादा लोग चोटिल हुए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने हालात पर काबू पाया। साथ ही मौके से कई लोगों को पकड़ लिया। इनमें दो लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। जबकि, पांच अन्य का शांतिभंग में चालान किया है। फिलहाल मौके पर तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात है।

रामनगर बनकट के काली माता मंदिर पर बालाजी के भंडारे का आयोजन मंगलवार को है। इसको लेकर रविवार सुबह काली माता के मंदिर से कलश यात्रा निकली। बताया जाता है कि खिरई खिरवा गांव में कलश यात्रा पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग लाठी और बांस लेकर एक दूसरे पर हमलावर हो गए। पीड़ित केसरी नंदन उर्फ पप्पू चौबे ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बघेलवा होते हुए दिन में करीब 11 हम लोग खिरई गांव पहुंचे। वहां पहले से ही घात लगाये बैठे कृष्ण कुमार मिश्रा, हरेंद्र मिश्रा ,रजनीश मिश्रा ,अवनीश मिश्रा, अनुभव ,वैभव आदि हमलावर हो गए। शोभायात्रा पर ईट-पत्थर बरसाने लगे। इसके बाद लाठी-डंडे लेकर मारपीट करने लगे। श्रद्धालुओं के साथ मारपीट होती देख अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी अपनी गाड़ियों से निकलकर इधर-उधर भागे और जान बचाई। वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना यूपी-112 के साथ मोतीगंज थाने पर दी। फौरन फोर्स के साथ एसओ गांव पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करा कर कलश यात्रा को रवाना करा दिया। जबकि, वहां से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। मारपीट में केसरी नंदन उर्फ पप्पू चौबे ,कुलदीप चौबे, वेद प्रकाश घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने मेडिकल के लिए भेजा है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि केसरी नंदन उर्फ पप्पू चौबे की तहरीर पर कृष्ण कुमार मिश्रा, हरेंद्र मिश्रा रजनीश मिश्रा, अवनीश मिश्रा, अनुभव, वैभव व रजनीश की पत्नी के खिलाफ मारपीट, बलवा, धार्मिक कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले कृष्ण कुमार मिश्रा समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शांति व्यवस्था के लिए मौके पर फोर्स की निगरानी बढ़ा दी गई है।

**आपसी खुन्नस में हुआ बड़ा विवाद**

मोतीगंज। बताया जाता है कि लगभग 3 से 4 माह पहले केसरी नंदन उर्फ पप्पू चौबे के बड़े बेटे दीपक चौबे से आरोपियों की मारपीट हुई। इसके बाद से ही इन लोगों में आपसे खुन्नस बनी थी। रविवार को कलश यात्रा के दौरान हुई भिड़ंत इसी का नतीजा बताई जा रही है।

# प्रभारी निरीक्षक ने कराई शिवलिंग की स्थापना

संसू, वजीरगंज (गोंडा) : भगोहर स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर से गायब शिवलिंग के स्थान पर प्रभारी निरीक्षक ने नए शिवलिंग की स्थापना कराई है। लोगों को घटना में कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

झिलाही मार्ग पर भगोहर स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में स्थापित शिवलिंग गायब हो जाने से लोगों में रोष था। पुजारी इंद्रबहादुर दास ने शनिवार को तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने मौके पर जाकर जांच की।

पुजारी के साथ पुलिस कर्मियों को अयोध्या भेजकर नया शिवलिंग मंगाकर स्थापित कराया है। प्रधान रामचरित्र तिवारी, चंदन सिंह, नंदकिशोर, पंकज गुप्ता ने प्रभारी निरीक्षक के कार्य की सराहना की।

# साइबर अपराधियों से निपटने में फूल रही पुलिस की सांस

धनंजय तिवारी • गोंडा

साइबर अपराध पर रोकथाम के साथ अपराधियों की धरपकड़ के लिए करीब तीन साल पूर्व वर्ष 2020 में मंडल मुख्यालय पर साइबर अपराध थाना की स्थापना की गई। थाना का अपना भवन न होने के कारण पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र के कैंप कार्यालय के एक हिस्से में साइबर थाना संचालन शुरू कर दिया गया।

मंडल के गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती व बलरामपुर में होने वाले साइबर अपराध के मुकदमे यहीं लिखे जा रहे हैं। हालांकि थानों में भी साइबर अपराध के मुकदमे भी लिखे जाते हैं, लेकिन अन्य थानों में दर्ज पांच लाख रुपये से अधिक के मामले साइबर अपराध में विवेचना के लिए भेज दिए जाते हैं। संसाधन व भवन के अभाव में साइबर अपराध थाना के कर्मियों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रभारी समेत सात कर्मियों की है तैनाती:** देवीपाटन मंडल के चारों जिलों में साइबर अपराध का राजफाश कर आरोपितों की गिरफ्तारी करने के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना में सात पुलिस कर्मियों की तैनाती है। थाना के प्रभारी निरीक्षक के पद पर सत्य प्रकाश यादव की तैनाती है। इसके अलावा एक निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक व दो महिला आरक्षी समेत तीन आरक्षी और एक कंप्यूटर आपरेटर की तैनाती है। इस समय यहां 17 मुकदमे लंबित हैं। साइबर थाना का अपना भवन भी नहीं है।

**गैर प्रांत के होते हैं अधिकांश आरोपित:** साइबर अपराध के दर्ज मुकदमों में अधिकांश आरोपित दूसरे राज्य के रहने वाले होते हैं। इन आरोपितों तक पहुंचने के लिए साइबर अपराध थाना की पुलिस को विभिन्न समस्या का सामना करना पड़ता है।

## अब हर जिलों में खुलेगा साइबर थाना



उपेंद्र अग्रवाल , पुलिस महानिरीक्षक

पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए अब जिले स्तर पर भी साइबर अपराध थाना खोलने की कार्रवाई चल रही है। मंडल स्तर पर संचालित साइबर थाना के भवन निर्माण के लिए भूमि की तलाश कर ली गई है। कागजी कार्रवाई पूरी होते ही भवन का निर्माण होगा। कर्मियों की कमी पूरी करने की भी कार्रवाई चल रही है।

# फर्जी दस्तावेज तैयार करके जमीन कब्जाने का आरोपित गिरफ्तार

संवादसूत्र, इटियाथोक (गोंडा) : फर्जी दस्तावेज तैयार करके जमीन पर कब्जा करने के आरोपित धरनीधर मिश्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रमगढ़िहा गांव के राघवराम ने फर्जीवाड़े का मुकदमा कराया था।

कहा कि उसके चाचा की मृत्यु 25 जनवरी 2020 को हो गई थी। उनका विवाह नहीं हुआ था। मृत्यु से पूर्व उन्होंने चल अचल संपत्ति का रजिस्टर वसीयत कर दिया था। भू-माफिया ने उनके चाचा की मौत के बाद एक महिला को उनकी पुत्री बताकर फर्जी दस्तावेज तैयार करके 24 बीघा जमीन कब्जा कर लिया।

**52 हजार की ठगी** : इटियाथोक प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा निवासी अलमारी व बक्सा विक्रेता जाबिर ने कहा कि उसके मोबाइल पर फोन आया। उसने अपना नाम प्रदीप कांबले बताया। सेना का जवान बताकर अयोध्या सेना कैंप कार्यालय के लिए दो अलमारी की बुकिंग की। यहीं नहीं तथाकथित कर्नल से भी बात कराई और गूगल पे के माध्यम से तीन बार में 52 हजार रुपये कमीशन के नाम पर भुगतान ले लिया। पिकअप से सामान लादकर अयोध्या भेजा। वहां पहुंचकर चालक ने फोन किया तो उसने नंबर बंद कर लिया।

# कलश यात्रा में दो पक्ष भिड़े, मुकदमा

संसू, झंझरी (गोंडा) : मोतीगंज के खिरई खिरवा राम नगर बनकट में रविवार को काली माता मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कलश यात्रा के दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने मुकदमा किया है।

कलश यात्रा रामनगर बनकट काली माता से निकलकर खिरई खिरवा गांव पहुंची। दो पक्षों में आपसी कहासुनी हो गई। दबंगों ने श्रद्धालुओं के साथ मारपीट शुरू कर दी। इससे अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। डायल 112 व स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर कलश यात्रा को शुरू कराया। आयोजक केशरी नंदन चौबे ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि कलश यात्रा खिरई खिरवा पहुंची तभी वहां पहले से मौजूद कृष्ण कुमार मिश्र, हरेंद्र मिश्र, रजनीश मिश्र, अवनीश मिश्र, अनुभव मिश्र, वैभव ने उन हमला कर दिया। उनके बेटे कुलदीप, भतीजे अनमोल व वेद प्रकाश को गाली देने लगे। मना करने पर मारा पीटा।

# किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**संसू, शिवदयालगंज (गोंडा) :** नवाबगंज थाना के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने दी गई तहरीर में कहा कि रात में करीब दो बजे उसकी बहन को गांव के दूसरे समुदाय के युवक ने शादी करने की नियत से अपहरण कर लिया।

काफी खोजबीन के बाद भी उसकी बहन का पता नहीं चल सका। वहीं मामला दूसरे समुदाय से जुड़ा होने के कारण हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक से मिल कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर गांव के युवक पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की बरामदगी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

# भूमि व रास्ते के विवाद में मारपीट, आठ पर मुकदमा

**संसू, शिवदयालगंज :** कोल्हमपुर बिसेन निवासी शांति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि रास्ते के विवाद में शनिवार की देर रात गांव के हनु, बकरीदी, शहजाद और ताजे ने मारापीटा। पुलिस ने चारों आरोपितों पर मुकदमा किया है।

वहीं, नगवा के बाबा ज्ञानदास पुरवा निवासी तेज बहादुर उर्फ रोहित कुमार ने कहा कि दबंग उनके आबादी की जमीन पर कब्जा कर रहे थे। मना करने पर गांव के कांशीराम, राकेश, विनोद व रामकुमार गाली देने लगे। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि मुकदमा किया गया है। **वजीरगंज :** बरईपारा निवासी राम लौटन यादव ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी मां प्रेमा घर से सामान खरीदने पैदल अचलपुर जा रहीं थी। टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच करा रहे हैं। **बेलसर :** करनीपुर के लेखपाल गौरव शरण गांधी ने तरबगंज थाने में तहरीर देकर कहा है कि रास्ते की खाते की भूमि पर दक्षिण की तरफ एक जामुन का पेड़ लगा था, लेकिन शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान कटा हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि जामुन का पेड़ सेमरा निवासी हरिशंकर पांडेय कटवा कर चोरी से उठा ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने कहा कि आरोपी पर मुकदमा किया गया है।

# भू-माफिया के खिलाफ अभियान चलाकर चर्चा में रहे आइजी

**संसू, गोंडा :** जिले में भू-माफिया के खिलाफ अभियान चलाकर चर्चा में आए आइजी उपेंद्र अग्रवाल का स्थानांतरण हो गया है। उन्होंने जमीन फर्जीवाड़े को लेकर अभियान चलाकर कार्रवाई की थी। अबतक 50 से अधिक मुकदमे हो चुके हैं।

शनिवार की देररात शासन ने देवीपाटन रेंज में तैनात पुलिस महानिरीक्षक उपेंद्र अग्रवाल को लखनऊ कमिश्नरेट में संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के पद पर तैनाती दी है।

अयोध्या रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह को देवीपाटन रेंज का डीआइजी बनाया गया है। आइजी ने जिले में तैनाती के दौरान साइबर सेल का गठन किया। उन्होंने साइबर ठगी को लेकर प्रभावी कार्रवाई की। हालांकि, भूमि फर्जीवाड़े में कार्रवाई कराने पर चर्चा में आए। फर्जीवाड़ा करने वालों पर मुकदमा कराने के साथ ही गिरफ्तारी कराई। अब एसआइटी भूमि फर्जीवाड़े की जांच की जा रही है। उनके तबादले को लेकर कई दिनों से चर्चा का बाजार गर्म था।

**पढ़ें अपने जिले की अन्य खबरें**
www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर

# घर से गायब बालिका मिली

रूपईडीह(गोंडा)। कौड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी घर से गायब बालिका को पुलिस ने बरामद कर वन स्टाप सेंटर भेज दिया। थानाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय ने बताया बालिका को मुखबिर की सूचना पर पुलिस चौकी दुबहा बाजार के प्रभारी बृजेश कुमार ने पुलिस कर्मियों के साथ रामापुर के पास बरामद कर बालिका को चिकित्सीय परीक्षण के लिए महिला आरक्षी के साथ जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। आरोपी की तलाश जारी है। (संवाद)

# रंजिश में महिला को पीटा, एफआईआर

रुपईडीह (गोंडा)। कौड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलियाकोट गांव निवासी कोमल शुक्ला पत्नी विवेक शुक्ला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी धर्मानंद शुक्ला अपने चार साथियों के संग उसके घर पर आ धमके और मारापीटा। थानाध्यक्ष कौडिया विद्यासागर पांडेय ने बताया कि कोमल शुक्ला की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# पुलिस ने पकड़ी पिकअप पर लदी लकड़ी

**कटरा बाजार (गोंडा)।** बिना अनुमति के हरे पेड़ काटवा रहे ठेकेदार समेत दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के कौड़हा जगदीशपुर गांव में बिना अनुमति के गूलर के हरे पेड़ कटवाए जा रहे हैं। उप निरीक्षक अजय कुमार पांडेय टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो एक लकड़ी लदी एक पिकअप मिली। इस पर 14 बोटा लकड़ी को गांव के एक व्यक्ति के सुपुर्द कर दिया। पेड़ के मालिक जमुना प्रसाद व ठेकेदार फिरोज के खिलाफ ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। संवाद

# चोरी से पेड़ काटने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

**तरबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के ग्रामसभा सेमरा में चोरी से पेड़ काटने के आरोप में क्षेत्रीय लेखपाल गौरव शरण गांधी ने गांव निवासी हरिशंकर पांडेय के खिलाफ थाना तरबगंज में चोरी व लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। संवाद

# मारपीट में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**नवाबगंज (गोंडा)।** मारपीट के दो मामलों में आठ लोगों के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया गया है। थाना क्षेत्र कोल्हमपुर बिसेन गांव निवासी शांति ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर शनिवार की रात तकरीबन आठ बजे गांव के हनु, बकरीदी, शहजाद तथा ताजे ने अभद्रता कर लाठी डंडों से मारापीटा। जिससे उसे, उसकी मां, चाची आसमा को चोटें आई हैं।

दूसरी घटना में बाबा ज्ञानदास पुरवा नगवा गांव निवासी तेज बहादुर उर्फ रोहित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि रविवार दोपहर तकरीबन दो बजे उसकी आबादी की जमीन पर कुछ लोग जबरन कब्जा करने लगे।

मना करने पर गांव के कांशीराम, राकेश, विनोद तथा रामकुमार अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। शोर मचाने पर बचाने आए परिवार के रायबहादुर, सावित्री, मंजू तथा सूरज को भी मारापीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि दोनों घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## शोभायात्रा में मारपीट, केस दर्ज

**मोतीगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिरई खिरवा के रामनगर बनकट गांव में रविवार की सुबह काली थान मंदिर से बाला जी भंडारे के आयोजन को लेकर शोभायात्रा निकली।

शोभायात्रा में रंजिश को लेकर विवाद हो गया और मारपीट हो गई। आयोजक केशरी नंदन उर्फ पप्पू चौबे का कहना है उनको, उनके बेटे कुलदीप व भतीजे बेदप्रकाश को लोगों ने मारापीटा। थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार ने बताया कि एक महिला समेत सात लोगों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# जमीन फर्जीवाड़े में एक और आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। पुलिस ने जमीन फर्जीवाड़े के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना इटियाथोक के उपनिरीक्षक एवं मुकदमे के विवेचक विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि थाना क्षेत्र के भवानीपुर उपाध्याय गांव निवासी धरनीधर मिश्रा ने क्षेत्र के एक व्यक्ति की जमीन कूटरचित दस्तावेज तैयार करके अपने नाम बैनामा करा लिया था। इसके बाद जमीन पर जबरन कब्जा भी कर लिया था। विवेचना के दौरान पुख्ता साक्ष्य मिलने गिरफ्तार कर लिया गया। उसे अदालत के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया। इससे पूर्व शनिवार को कोतवाली नगर पुलिस जमीन फर्जीवाड़े में मंगल निवासी मेलारामपुरवा गंगापुर को गिरफ्तार कर चुकी है। जमीन फर्जीवाड़े में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। संवाद



फर्जीवाड़े का आरोपी।

# अमरेंद्र प्रसाद देवीपाटन क्षेत्र की संभालेंगे कमान

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक उपेंद्र अग्रवाल का शासन ने तबादला कर दिया है। उपेंद्र अग्रवाल को लखनऊ कमिश्नरेट में संयुक्त पुलिस आयुक्त पद पर नियुक्ति दी गई है। अयोध्या के पुलिस उपमहानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह अब देवीपाटन परिक्षेत्र की कमान संभालेंगे। पुलिस महानिरीक्षक उपेंद्र ने भूमाफिया के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी थी। पुलिस महानिरीक्षक काफी चर्चा में रहे।

आईजी ने जमीन फर्जीवाड़े में कार्रवाई शुरू की तो कई अधिवक्ताओं समेत एक दर्जन लोगों को जेल के सीखचों के पीछे जाना पड़ा। नए डीआईजी पर जमीन फर्जीवाड़े के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की चुनौती होगी।

आईपीएस अफसर उपेंद्र अग्रवाल ने 22 सितंबर 2021 को देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक का कार्यभार संभाला था। उपेंद्र अग्रवाल लखीमपुर रहने वाले केंद्रीय मंत्री अजय कुमार टेनी के बेटे के खिलाफ दर्ज अपराधिक मामले की जांच को लेकर चर्चा में आए थे। इसके देवीपाटन परिक्षेत्र में रहते हुए उन्होंने नेपाल सीमा से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष तौर पर नजर रखने के साथ ही वहां से होने वाली तस्करी की सूचनाओं पर काम शुरू कराया। वर्ष 2022 में एक माह के अवकाश पर चले गए थे।

## उपेंद्र अग्रवाल को लखनऊ कमिश्नरेट में संयुक्त पुलिस आयुक्त पद पर नियुक्ति



डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह।



आईजी उपेंद्र अग्रवाल।-संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2023

# फायर स्टेशन बनवाने की मांग

हरैया सतघरवा। बलरामपुर में आग की घटनाओं पर काबू पाने के संसाधन नहीं है। विकासखंड हरैया सतघरवा की सीमा नेपाल से जुड़ी है। सोहेलवा जंगल भी है। जंगल में भी आग लगने के बाद काबू पाने में समय लगता है। इससे वन विभाग की संपत्ति भी खाक हो जाती है। लोगों ने जिलाधिकारी से ब्लॉक मुख्यालय शिवपुरा में फायर स्टेशन बनवाने की मांग की है। यहां की अधिक आबादी चूल्हे पर भोजन बनाती है। थोड़ी सी लापरवाही होने पर अक्सर आग लग जाती है।

# स्कूल के सामने से मांस दुकानें हटवाई जाए

तुलसीपुर। स्थानीय आदर्श नगर पंचायत में एकमात्र खेल मैदान स्वतंत्र भारत इंटर कालेज के दोनों ओर मांस मछली विक्रेताओं के कारण दुर्गंध से माहौल दूषित हो रहा है। खेल प्रेमियों ने मांस, मछली की दुकान हटवाने की मांग संबंधित प्रशासन से की है।

# गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना देहात की पुलिस को गांजे के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। अभियुक्तों पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात राजकुमार सरोज ने बताया कि तलाशी के दौरान मंगराकोहल निवासी संतोष कुमार पांडे पुत्र कामेश्वरी प्रसाद थाना इटियाथोक निवासी राम सुरेश तिवारी पुत्र गिरवर दत्त को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास एक मोटरसाइकिल व एक किलो 550 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

# शांतिभंग मामले में पांच के खिलाफ कार्रवाई

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने शांति भंग में पांच अभियुक्तों पर कार्यवाही की है। उपनिरीक्षक धर्मराज यादव ने बताया कि श्रीपाल मौर्य, परशुराम, रामकृपाल, ओम प्रकाश निवासी बंजरिया हुसैन के खिलाफ केस दर्ज करके न्यायालय भेजा गया।

# दबिश के दौरान 573 लीटर अवैध शराब बरामद

बलरामपुर, संवाददाता। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जिले में एक से 15 मार्च तक अवैध शराब के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एक से 10 मार्च तक पुलिस एवं आबकारी अधिकारी राजेश त्रिपाठी के निर्देशन में संयुक्त टीम ने अवैध शराब के विरुद्ध दबिश एवं दुकानों की चेकिंग कार्रवाई की है। दबिश में कुल 31 अभियोग दर्ज कर 573 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। 1700 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि संयुक्त टीम ने थाना देहात कोतवाली अंतर्गत ग्राम हसुआडोल, लालाजोत, रामपुर मोतीचक्र एवं थाना रेहरा बाजार के ग्वालियर ग्रंट, रघुनाथपुर मंगूरहवा तथा थाना गैसड़ी के मदरहवा, पिपरी जिगनीहवा आदि गांव में पुलिस बल के साथ दबिश दी गई। उन्होंने बताया कि जिले में 211 दुकाने संचालित हैं। इनमें देसी शराब की कुल 138, विदेशी मदिरा की 34, बीयर की 38 एवं एक मॉडल शॉप शामिल है।

# फरार चल रहा फर्जी शिक्षक गिरफ्तार

बलरामपुर। कोतवाली नगर पुलिस टीम ने दो वर्ष से फरार चल रहे फर्जी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि जिला बस्ती, थाना लालगंज ग्राम सिरगोटवा निवासी दयाशंकर चौधरी पुत्र बुद्धू लाल चौधरी के विरुद्ध कोतवाली नगर में कूट रचना व धोखाधड़ी का केस दर्ज था। वह जिले के परिषदीय विद्यालय में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे थे। दयाशंकर चौधरी की गिरफ्तारी निरीक्षक राजकुमार यादव, उप निरीक्षक चंद्रपाल यादव व कांस्टेबल सुदीप गौड़ ने की है।

# सुरक्षा के लिए लगाएं सीसीटीवी कैमरा

बलरामपुर। सीसीटीवी कैमरा व्यापारी अपने प्रतिष्ठान की सुरक्षा के लिए अवश्य लगाएं। पैदल गश्त के समय पुलिस टीम लोगों को जागरुक भी करें। यह बातें नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने कही। वह मुख्य बाजार में पैदल गश्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिना आईडी प्रूफ के व्यापारी होटल व लाज मालिक न दें।

# 23 माह बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा एक और फर्जी शिक्षक

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी अभिलेखों के आधार पर शिक्षक की नौकरी हथियाने वालों के खिलाफ प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई है। 23 माह बाद नगर कोतवाली की पुलिस ने एक और बर्खास्त शिक्षक को दबोच लिया। फर्जी शिक्षक दयाशंकर चौधरी निवासी सिरगोटवा थाना लालगंज बस्ती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इससे पहले सात मार्च को पुलिस ने बर्खास्त शिक्षक लवकुश शुक्ल निवासी देवरियाचमन, चिताही थाना त्रिलोकपुर जिला सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

बेसिक शिक्षा विभाग में वर्ष 2020-21 में शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया गया। सत्यापन में फर्जी अभिलेखों के सहारे नौकरी हथियाने वालों की भी कलई खुली थी। विभागीय जनपदीय समिति एवं एसटीएफ ने भी जांच की थी। तत्कालीन बीएसए डा. रामचंद्र ने एक अप्रैल 2021 को नगर कोतवाली में 92 फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। करीब दो



नगर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आरोपित शिक्षक ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

साल से जांच चल रही थी, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। इसी बीच माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी एक साथ 15 शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश भी फर्जी मिला। इसके बाद पहले से दर्ज मुकदमे की खोजबीन एसपी केशव कुमार के आदेश पर शुरू हो गई। इसकी मानीटरिंग की जिम्मेदारी एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव को सौंपी गई थी। नगर कोतवाल विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि निरीक्षक राजकुमार यादव, उपनिरीक्षक चंद्रपाल यादव व कांस्टेबल सुदीप गौड़ ने बर्खास्त शिक्षक दयाशंकर चौधरी को उसके घर से गिरफ्तार किया है।

# आठ बीघा गन्ना जलकर नष्ट पुलिस को दी तहरीर



सादुल्लाहनगर के विशंभरपुर में जली गन्ने की फसल ● जागरण

**सादुल्लाहनगर :** थाना सादुल्लाहनगर के ग्राम विशम्भरपुर निवासी पारस वर्मा ने बताया कि रविवार को उनके गन्ने के खेत में आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आठ बीघा गन्ने की फसल जल गई। लेखपाल को क्षति के आकलन के लिए सूचना दी गई है। उधर पारस ने एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक बीएन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन कराई जा रही है। (संसू)

# घायल एसएसबी जवान के मामले में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**संवादसूत्र, जरवा( बलरामपुर) :** सशस्त्र सीमा बल नौंवी वाहिनी कोयलाबास जरवा चौकी पर तैनात जवान सूरज वर्मा के जंगल में घायल मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। लखनऊ में भर्ती सूरज को अब तक होश नहीं आया है। पुलिस ने कोयलाबास जरवा चौकी प्रभारी संजय वर्मा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

10 मार्च की सुबह एसएसबी जवान सूरज वर्मा चौकी से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल में घायल में मिले थे। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर सूरज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर ले जाया गया था। सिर में गंभीर चोट होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया था।

# फर्जी अभिलेखों के सहारे नौकरी करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** नगर कोतवाली की पुलिस ने रविवार को दो साल से फरार चल रहे एक फर्जी शिक्षक को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए शिक्षक ने दूसरे के नाम पर बने फर्जी अभिलेखों के सहारे नौकरी प्राप्त की थी।

जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी अभिलेखों के सहारे नौकरी करने का खेल कई सालों से चल रहा था। जांच के दौरान फर्जी मिले 120 शिक्षकों पर अब तक विभाग मुकदमा दर्ज करा चुका है। तत्कालीन बीएसए राम चंद्र ने एक अप्रैल 2021 को नगर कोतवाली में तहरीर देकर फर्जी मिले 92 शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज कराई थी।

पुलिस ने रविवार को उसी मामले के एक आरोपी शिक्षक बस्ती के सिरगोटवा थाना लालगंज निवासी दयाशंकर चौधरी को उसके पैतृक गांव से दबोचा। प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार ने बताया कि आरोपी शिक्षक को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच की जा रही है। (संवाद)

## शांतिभंग में आठ का चालान

**बलरामपुर।** जिले के दो थानों की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में आठ लोगों पर कार्रवाई की है। अलग-अलग स्थानों के लोगों को पकड़ा गया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि रेहरा बाजार थाने की पुलिस ने श्रीपाल मौर्या, परशुराम मौर्या, रामकृपाल, रोहित कुमार, ओमप्रकाश व तुलसीपुर की पुलिस ने अबरार अहमद सईद व वहीद पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। (संवाद)

# घायल मिले एसएसबी जवान के मामले में केस दर्ज

**जरवा (बलरामपुर)।** एसएसबी 9वीं वाहिनी की कोयलाबास जरवा चौकी पर तैनात जवान के घायल अवस्था में जंगल में मिलने के मामले में चौकी प्रभारी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। बीते शुक्रवार की सुबह एसएसबी नौवीं वाहिनी के जवान सूरज वर्मा (25) चौकी से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल में घायल अवस्था में मिले थे।

ग्रामीणों की सूचना पर सूरज को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर लाया गया था। सिर में गंभीर चोट होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया था। इससे पूर्व बृहस्पतिवार को चौकी के अधिकारियों ने सूरज के गायब होने की रिपोर्ट जरवा कोतवाली में दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जरवा दुर्विजय ने बताया कि चौकी प्रभारी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# डेढ़ किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात की पुलिस ने एक किलो 550 ग्राम गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने बताया कि रविवार को चेकिंग के दौरान कोड़री पुल के निकट मंगराकोहल गांव निवासी संतोष पांडेय व औराडीह शाहपुर निवासी रामसुरेश तिवारी को गांजे के साथ पकड़ा गया। (संवाद)

# सीसीटीवी कैमरे से होगी की निगरानी

देवीपाटन शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्र के दौरान लगने वाले मेले की निगरानी सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन कैमरे से की जाएगी। संवेदनशील वस्तुओं व अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में पुलिस व खुफिया विभाग के जवान तैनात रहेंगे। परिसर में खोया-पाया केंद्र की भी स्थापना की जाएगी। - **नम्रिता श्रीवास्तव**, एएसपी बलरामपुर

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 13-03-2023

हिन्दुस्तान

# भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी

बहराइच, संवाददाता। प्रयागराज के अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड में फरार शूटरों के नेपाल भागने की आशंका के मद्देनजर सरहद पर पुलिस व सशस्त्र सीमा बल ने सतर्कता और बढ़ा दी है। नेपाल जाने वाले लोगों की आईडी चेक में काफी सावधानी बरती जा रही है। खुफिया महकमे के निगाहों मे तस्करी व आपराधिक गतिविधियों में लिप्त वह तमाम लोग राडार पर है। जो शूटरों को सरहद पार करने मे मददगार साबित हो सकते हैं।

- एडीजी जोन गोरखपुर भारत नेपाल सरहद पर जमाए हैं नजर
- सरहद के सभी थानों की पुलिस सतर्क

मुर्तिहा कोतवाल शशि कुमार राणा के नेतृत्व में रविवार को भारी पुलिस बल के साथ चौकसी के दौरान तस्करी में सक्रिय गुर्गो में हलचल मच गई। प्रयागराज में हुए चर्चित हत्याकांड के बाद से ही गोरखपुर जोन एडीजी अखिल कुमार ने सीमावर्ती थानों की पुलिस को एसएसबी से समन्वय बना कर चेकिंग अभियान की शुरुआत कराई थी। मोतीपुर एसएचओ मुकेश कुमार सिंह ने भी रविवार को सरहदी इलाके में सुरक्षा गश्त का जायजा लिया। सुजौली एसएचओ ब्रह्म गौड़, रुपईडीहा एसएचओ श्रीधर पाठक, नवाबगंज एसएचओ मिथलेश कुमार राय के नेतृत्व मे रविवार को जिस प्रकार से चौकसी बरती जा रही है।

हिन्दुस्तान

# डीएम को काल प्रेरणा के लिए मिला अमृतलाल नागर पुरस्कार

बहराइच, संवाददाता। काल प्रेरणा पुस्तक के लेखक डीएम डॉ. दिनेश चंद्र को रविवार लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से अमृतलाल नागर पुरस्कार से नवाजा गया है। यह पुरस्कार प्रदेश के मख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के हाथों डीएम को दिया गया है। डीएम के सम्मानित होने पर अधिकारी, कर्मचारियों में भी खुशी है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दिव्य प्रेम सेवा संस्थान के अध्यक्ष आशीष गौतम के साथ डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र को अमृतलाल नागर पुरस्कार प्रदान किया। अलंकरण समारोह में डीएम को प्रमाण-पत्र, अंगवस्त्र व एक लाख धनराशि का चेक प्रदान किया गया। इस पुस्तक का विमोचन केरल भवन नई दिल्ली में केरल के राज्यपाल डॉ. आरिफ मोहम्मद खान ने पिछले वर्ष 2022 में किया था। अपनी रचना के सम्मानित व पुरस्कृत होने पर लेखक डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने सभी लोगों का आभार प्रकट किया। डीएम ने कहा कि इसमें सभी का कुछ न कुछ योगदान रहा है। सबसे बड़ी कृतज्ञता उस जनता की है, जिससे जुड़ी बातों-जज्बातों के चलते मुझे ऐसी रचना करने की प्रेरणा मिली, जो काल प्रेरणा बन गई, और कर्म निर्णय बन रही है।

- प्रदेश के मुख्य सचिव के हाथों डीएम को दिया गया सम्मान
- पुस्तक का राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने किया था विमोचन




लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में पुरस्कार प्राप्त करते डीएम।

हिन्दुस्तान

# एंटी रोमियो टीम की जागरूकता मुहिम



महिलाओं को जागरूक करती एंटी रोमियो टीम।

बहराइच, संवाददाता। एसपी प्रशांत वर्मा के निर्देशन में रविवार को जिले के महिला थाने सहित सभी थानों के इलाकों में एंटी रोमियो टीम ने जागरूकता मुहिम चलाई है।

जिले के विभिन्न थानों के इलाकों में उच्चाधिकारियों की ओर से दिए गए निर्देशों के क्रम में महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं के मद्देनजर महिलाओं पर हो रहे अपराधों के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। महिला संबंधित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098,1076, 112, 181 व साइबर संबंधित अपराध शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई। सरकारी योजनाएं कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन योजना आदि की जानकारी दी गई। महिलाओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई।

# काट डाले सागौन के 40 हरे पेड़

## वन कर्मियों ने मौके पर दी दबिश, लकड़ी सहित फरार हुए लोग, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में हरे पेड़-पौधों का महत्वपूर्ण योगदान है। जिसे देखते हुए सरकार की ओर से हरे पेड़ों की कटान पर रोक लगायी है, बावजूद इसके मनबढ़ ठेकेदार हरे पेड़ों पर आरा चलाने से नहीं चूक रहे हैं। ऐसे ही एक ठेकेदार ने बिना वन विभाग से परमिट लिए 40 हरे सागौन के पेड़ों को काट डाला।

रात के अंधेरे में किए गए इस कृत्य की जानकारी होते ही वन टीम ने मौके पर दबिश दी। लेकिन सभी मौके से लकड़ी लेकर फरार हो गए। जिसके बाद वन टीम ने कोतवाली देहात में ठेकेदार व बेचने वाले के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है।

### लकड़ी खरीदने वाले ठेकेदार व बेचने वाले के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा



बहराइच में चित्तौरा विकास खंड के एक बाग में बिना परमिट के काटे गए सागौन के पेड़। संवाद

चित्तौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत कमोलिया निवासी विनय यादव ने वन विभाग से बिना परमिट लिए उसके खेत में लगे 40 हरे सागौन के पेड़ों का सौदा श्रावस्ती जनपद के गिलौला निवासी ठेकेदार पप्पू टंडन के साथ कर लिया।

तय समय के साथ शुक्रवार की रात ठेकेदार ने अपने साथियों के साथ रात के अंधेरे में 40 पेड़ों को काट कर गिरा दिया और उसे ट्रालियों के माध्यम से उठा ले गया। जिसकी सूचना शनिवार की सुबह वन टीम को हुई। वन रेंजर दीपक सिंह ने तत्काल डिप्टी रेंजर अमित वर्मा, वन दरोगा अवधेश ओझा के नेतृत्व में एक टीम मौके पर भेजी। लेकिन टीम के पहुंचने तक आरोपी मौके से लकड़ी लेकर फरार हो गये।

वन दरोगा ने कोतवाली देहात में ठेकेदार पप्पू टंडन व विनय यादव के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है। रेंजर दीपक सिंह ने बताया कि हरे पेड़ों की कटाई करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि जो अन्य लोग हरे पेड़ों की कटाई करते हैं उनसे भी सख्ती के साथ निपटा जाएगा।

### मोटर संचालित आरों से चंद मिनटों में गिरा देते हैं पेड़

वर्तमान में हरे पेड़ों की कटाई करवाने वाले माफियाओं को मोटर चलित आरों का प्रयोग करते देखा जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो मोटर चलित आरों से बिना आवाज के मोटे-मोटे पेड़ों को चंद मिनटों में जमींदोज कर दिया जाता है। यही नहीं किसी को भनक न लगे इसके लिए देर रात या फिर सुबह के पहर में कटान को अंजाम दिया जाता है। कमोलिया में भी आरोपियों ने मोटर चलित आरों से कटान को अंजाम दिया था।

हिन्दुस्तान

# झगड़ा कर रहे पांच लोग गिरफ्तार

बहराइच। हुजूरपुर थाने की पुलिस ने अलग- अलग स्थानों पर मारपीट को आमादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ हरेन्द्र कुमार मिश्रा, दरोगा अमित प्रकाश, अहमद हुसैन, धूप नारायण मौर्या व पुलिस बल ने गुरुवार को गश्त के दौरान कटका बाजार से रंजीत कुमार राठौर, बौंवा के गुलरी बगिया से अशोक कुमार, सहज राम, अनभापुर से चंद्रभान, अनीत कुमार को झगड़ा कर मारपीट को आमादा होने पर गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई कर एसडीएम कोर्ट पर पेश किया गया है।

# अमृतलाल नागर पुरस्कार से जिलाधिकारी सम्मानित

**जासं, बहराइच :** लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दिव्य प्रेम सेवा संस्थान के अध्यक्ष आशीष गौतम के साथ जिलाधिकारी बहराइच डा. दिनेश चंद्र को 'अमृतलाल नागर पुरस्कार' प्रदान किया।

डीएम को उनकी कालजयी रचना 'काल प्रेरणा' को वर्ष 2022-23 के तहत पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। डीएम को प्रमाण-पत्र, अंगवस्त्र तथा एक लाख धनराशि का चेक प्रदान किया गया। ये पुस्तक 'राजनीतिक दुनिया डाट काम' के संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार कमलेश पांडेय की ओर से संपादित की गई है। इस पुस्तक का विमोचन केरल भवन, नई दिल्ली में राज्यपाल डा. आरिफ मोहम्मद खान ने पिछले वर्ष किया था।

- काल प्रेरणा की रचना के लिए मिला पुरस्कार



लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में अमृतलाल नागर पुरस्कार से सम्मानित होते जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र • सौ सूचना विभाग

## इंडो-नेपाल सीमा पर वन विभाग और एसएसबी ने की पेट्रोलिंग

**संसू, बिछिया( बहराइच)** : वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग और बीएसएफ के जवानों ने इंडो-नेपाल सीमा पर पेट्रोलिंग की। बैरियर्स से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। भारत-नेपाल सीमा खुला कारिडोर है। इसी का फायदा उठाकर वन माफिया व तस्कर चोरी छिपे गतिविधियों को अंजाम देते हैं। इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए वन दारोगा इसरार हुसैन, वन रक्षक आशीष पाल, चौकीदार सोहन ने एसएसबी जवानों के साथ सीमा पर पेट्रोलिंग की।

# जांच अभियान में काटे बिजली के नौ कनेक्शन

**नानपारा** : अधिशाषी अभियंता कृष्ण कुमार के नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों की टीम ने चौक बाजार और लइड्न गली में जांच अभियान चलाया। 41 उपभोक्ताओं का लंबे समय से बिजली बिल बकाया मिला। नौ लोगों के कनेक्शन काटे गए। 32 उपभोक्ताओं ने बकाया बिल जमा किया। टीम में अवर अभियंता संजय पासवान व अन्य मौजूद रहे। (संसू)

# तीन जुआरी गिरफ्तार, रुपये और ताश के पत्ते बरामद

**गंभीरवाबाजार** : राम्मगांव इलाके के नेबुआरी गांव स्थित शराब की दुकान के पीछे जुआ खेलते पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। फड़ से दो हजार रुपये व ताश के पत्ते बरामद हुए। तलाशी लेने पर इनके पास से पांच सौ रुपये और मिले। एसओ अमितेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संसू)

# अमृतलाल नागर पुरस्कार से नवाजे गए डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बहराइच के जिलाधिकारी को अमृतलाल नागर पुरस्कार से सम्मानित करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। -संवाद

**लखनऊ/बहराइच।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने वर्ष 2022-23 के साहित्यिक पुरस्कारों से साहित्यकारों को सम्मानित किया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने 23 साहित्यकारों को एक-एक लाख रुपये के पुरस्कार देने के साथ 26 साहित्यकारों को साहित्य गौरव सम्मान से नवाजा गया।

इस दौरान जिलाधिकारी बहराइच डॉ दिनेश चंद्र सिंह को अमृत लाल नागर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पुस्तक काल प्रेरणा के लिए दिया गया। इस पुस्तक में भारतीय संस्कृति व इतिहास का रोचक जिक्र है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने उन्हें एक लाख रुपये का चेक, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सबसे बड़ी कृतज्ञता उस जनता की है, जिससे जुड़ी बातों-जज्बातों के चलते मुझे ऐसी रचना करने की प्रेरणा मिली, जो काल प्रेरणा बन गई और अब कर्म निर्णय बन रही है।

# साथ रहने को राजी हुए तीन दंपती



**बहराइच।** शहर के पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र पर रविवार को तीन पारिवारिक विवादों के मामलों की काउंसिलिंग की गई। समझाने के बाद तीनों दंपती राजी खुशी एक साथ रहने को तैयार हो गए। काउंसलिंग के बाद सभी को एक साथ घर भेज दिया गया।

महिला थाने की एसओ शीला यादव ने बताया कि तीन दंपतियों व उनके परिवार को केंद्र की पीठ के सामने पेश किया गया। पीठ ने उनकी शिकायतों को सुना। जिसमें केंद्र के काउंसलरों की ओर से पति और पत्नी के बीच उत्पन्न हुए विवादों का बारीकी से अध्ययन कर विवादों को दूर कर तीनों जोड़ों को एक साथ पुनः रहने के लिए राजी किया गया। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-03-2023

### फखरपुर थाना क्षेत्र से बारातियों को लेकर आ रही बोलेरो पलटी, बाइक सवार को स्कार्पियों ने रौंदा

# सड़क हादसों में दो की मौत, आठ घायल

**दुखद**

**श्रावस्ती/रतनापुर,संवाददाता।** तीन अलग अलग सड़क स्थानों पर हुई दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। साथ ही हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के तिघरवा निवासी सुन्दरलाल के पुत्र दीपक साहू की शादी थी। शनिवार शाम को बारात बहराइच जनपद, फखरपुर थाना क्षेत्र के रमपेड़िया गांव गई हुई थी। द्वारपूजा व शादी सम्पन्न होने के बाद सात बराती एक बोलेरो में सवार होकर देर रात वापस तिघरवा गांव लौट रहे थे। रात करीब तीन बजे के आस पास बोलेरो बहराइच मल्हीपुर मार्ग पर स्थित सोनवा इलाके के तुलसीपुर चौराहे पर पहुंची थी। इस दौरान चालक को झपकी आ गई और बोलेरो सड़क किनारे खड़ी पिकप में टकरा कर पलट गई और घसिटते हुए कुछ दूर तक चली गई। हादसे में मल्हीपुर थाने के गजोबरी निवासी चालक पंकज यादव (38) पुत्र श्याम लाल, लक्ष्मनपुर कोठी निवासी सफीक उर्फ मैकू (22) पुत्र कादिर शेख, लक्ष्मनपुर कोठी निवासी पंकज कुमार (28) पुत्र रामधीरज, कुम्हारनपुरवा निवासी बंशी लाल (32), लालबोझा निवासी गोमती प्रसाद (35), जनपद बहराइच के बैदौरा चौराहा निवासी शुभम (11) पुत्र भगीरथ व बहराइच जिले के थाना नवाबगंज के मजगवां निवासी मातादीन पुत्र बुधईलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की ओर से हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। तो सोनवा थाने के प्रभारी निरीक्षक पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बहराइच भिजवाया। जहां इलाज सफीक उर्फ मैकू पुत्र कादिर शेख की मौत हो गई। शेष सभी घायलों का इलाज बहराइच अस्पताल में चल रहा है।



घटनास्थल के पास खड़ी हादसे में क्षतिग्रस्त बोलेरो।

- तीन अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना
- घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती, हो रहा इलाज

**बाइक सवार को स्कार्पियों ने रौंदा, एक की मौत:** तिलक समारोह में जा रहे बाइक को तेज रफ्तार स्कार्पियों ने रौंद दिया। इससे एक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली भिनगा क्षेत्र के ग्राम हल्लाजोत निवासी किशोरीलाल (40) पुत्र बाबादीन गांव के ही शेषनाथ के साथ शनिवार देर रात तिलक समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहा था। भिनगा इलाके के गोड़पुरवा गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवारों को रौंद दिया जिसमें दोनों गंभीररूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने घेराबंदी कर वाहन समेत चालक को पकड़ लिया और घायलों को जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद घायल किशोरीलाल को बहराइच रेफर कर दिया गया। बहराइच ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं लोगों ने चालक व वाहन को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**इकौना।** बहराइच बलरामपुर नेशनल हाईवे 730 पर तेज रफ्तार मैजिक वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया जहां से उसे बहराइच रेफर कर दिया गया।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम सेमगढ़ा भयापुरवा निवासी मन्टू सिंह पुत्र ननके सिंह रविवार सुबह बाइक से इकौना किसी काम से आया हुआ था। काम निपटाने के बाद हो दापहर में वह इकौना से वापस अपने घर जा रहा था। रास्ते में सीताद्वार मंदिर के निकट ढाबा के सामने नेशनल हाइवे पर बहराइच की ओर से इकौना जा रही मैजिक वाहन ने टक्कर मार दी। इससे मन्टू गंभीर रूप से घायल हो गया।

लोगों की ओर से हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बहराइच ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मैजिक वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# शांतिभंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शनिवार रात अलग-अलग स्थानों से नौ लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहीं जिला पुलिस ने रविवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 76 वाहनों का ई चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 207200 रुपए जुर्माना वसूला। संवाद

## गश्त कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया

श्रावस्ती। कानून व्यवस्था बनाये रखने व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस की ओर से नियमित गश्त किया जा रही है। रविवार को पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देशन में विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने अपने अपने क्षेत्र में पैदत गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने लोगों से आस पास के गतिविधियों की जानकारी ली साथ ही उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके अलावा सुरक्षा संबंधी समस्या होने पर पुलिस को सूचना देने की सलाह दी।

## मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया

श्रावस्ती। महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल, नारी सुरक्षा दल की ओर से रविवार को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता के लिए-108, पुलिस कंट्रोल नंबर-112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 के बारे में जानकारी दी गई और उसके उपयोग के बारे में बताया गया।

# किशोरी के अपहरण का आरोप लगा

जमुनहा। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुरवा निवासी लल्लन यादव पुत्र झर्रा ने थाने में तहरीर देकर कुछ लोगों पर उसकी पुत्री के अपहरण का आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर में कहा है कि शनिवार सुबह करीब चार बजे उसकी पुत्री का अपहरण गांव के ही एक दम्पति ने कर लिया है। काफी खोजबीन की लेकिन पुत्री का कहीं पता नहीं चल रहा है।

# पुलिस ने किया 76 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, चालक का डीएल, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान 76 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया। साथ ही वाहन स्वामियों पर दो लाख सात हजार 200 रुपये का जुर्माना लगाया गया।